# C O N T E N T S

**Seventeenth Series, Vol. II, First Session, 2019/1941 (Saka)**
**No. 16, Monday, July 08, 2019 /Ashadha 17, 1941 (Saka)**

**S U B J E C T** **P A G E S**

**ORAL ANSWERS TO QUESTIONS**

*Starred Question Nos. 201 to 205, 207, 215 and 218 12-76

**WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS**

Starred Question Nos. 206, 208 to 214, 216, 217, 219 and 220 77-110

Unstarred Question Nos. 2262 to 2491 111-722

---

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

**PAPERS LAID ON THE TABLE** 723-728

**MESSAGE FROM RAJYA SABHA** 729

**STATEMENTS BY MINISTERS**

**(i)** Status of implementation of the recommendations contained in the 48th Report of the Standing Committee on Coal and Steel on 'CSR activities in Steel PSUs' (2018- 19) pertaining to the Ministry of Steel

**Shri Faggan Singh Kulaste** 730

**(ii)** Status of implementation of the recommendations /observations contained in the 307th Report of the Standing Committee on Human Resource Development on Action Taken by the Government on the observations/recommendations contained in the 302nd Report of the Committee on Demands for Grants (2018-19) pertaining to the Department of Higher Education, Ministry of Human Resource Development

**Shri Sanjay Shamrao Dhotre** 730

**BUSINESS OF THE HOUSE** 731-733

**STATUTORY RESOLUTION RE: INSERTION OF NEW TARIFF ITEM BY AMENDING FIRST SCHEDULE TO CUSTOMS TARIFF ACT ,1975** 734

**STATUTORY RESOLUTION RE: INCREASE IN BASIC CUSTOMS DUTY** 735

**GOVERNMENT BILLS - Introduced**

(i) DNA Technology (Use and Application) Regulation Bill, 2019 737-742

(ii) Unlawful Activities (Prevention) Amendment Bill, 2019 743-751

(iii) National Investigation Agency (Amendment) Bill, 2019 752-755

(iv) Protection of Human Rights (Amendment) Bill, 2019 756-761

(v) Consumer Protection Bill, 2019 762

(vi) Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Amendment Bill , 2019 763

(vii) Jallianwala Bagh National Memorial (Amendment) Bill, 2019 764-766

(viii) Central Universities (Amendment) Bill , 2019 767

**SUBMISSION BY MEMBER**

Re: Alleged engineering defection detrimental to the health of Parliamentary democracy 768-780

**MATTERS UNDER RULE 377**

(i) Need to construct ROB in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Sushil Kumar Singh 774

(ii) Regarding widening of N.H. 104 in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar

Shrimati Rama Devi 775

(iii) Need to revise the DoPT notification to induct the candidates into IAS from the vacancies in KPSC

Shri Tejasvi Surya 776

(iv) Need to construct over bridge or underpass near Barabanki Railway station in Uttar Pradesh

Shri Upendra Singh Rawat 777

(v) Need to run Train nos. 22165/66 (Singrauli Bhopal Express) and 22167/68 (Singrauli-Nizamuddin Express) on daily basis

Shrimati Riti Pathak 778

(vi) Need to provide rail link between Nagpur and Jabalpur and Ramtek to Gotegaon or Shikara

Dr. Dhal Singh Bisen 779

(vii) Regarding construction of Kakarwaha Pick Up Weir project on river Dhasan in Madhya Pradesh

Dr. Virendra Kumar 780

(viii) Regarding development of flood safety measures in flood-prone districts of Assam

Shrimati Queen Oja 781

(ix) Need to set up power plant and mineral-based industries in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand

Shri Vishnu Dayal Ram 782

(x) Need to provide stoppage of Ranchi - Delhi Garib Rath Express (train no. 12877/78) at Barwadih Railway station in Jharkhand

Shri Sunil Kumar Singh 783

(xi) Need to declare income of dairy sector as Agriculture income

Shri Devaji Patel 784

(xii) Need to provide seeds and fertilizers to farmers in Chhattisgarh

Shri Chunni Lal Sahu 785

(xiii) Regarding setting up of Solar Energy Plants in Bhiwandi Textile Industrial Area in Maharashtra

Shri Kapil Moreshwar Patil 786

(xiv) Need to start international flight service from Udaipur Airport, Rajasthan

Shri C. P. Joshi 787

(xv) Need to rejuvenate and make river Aami in Uttar Pradesh pollution-free

Shri Praveen Kumar Nishad 788

(xvi) Regarding construction of Bidar-Nanded Railway line

Shri Prataprao Patil Chikhalikar 789

(xvii) Need to construct an underpass at Kottakadevu Arangil railway level crossing in Vadakara Parliamentary Constituency of Kerala

Shri K. Muraleedharan 790

(xviii) Need to set up a rail coach factory at Kanjicode, Kerala

Shri V. K. Sreekandan 791

(xix) Regarding Kochi 'waste to energy' project

Shri Hibi Eden 792

(xx) Regarding works undertaken under Mahatma Gandhi Rural Employment Guarantee Scheme

Shri S. Ramalingam 793

(xxi) Need to tackle trafficking of women and children in the country

Shrimati Aparupa Poddar 794

(xxii) Need to amend GSR 751 (E) Guidelines to conduct aeronautical study in approach funnel beyond 300 metres

Shri Rahul Ramesh Shewale 795-796

(xxiii) Regarding acute water shortage in Jahanabad Parliamentary Constituency, Bihar

Shri Chandeshwar Prasad 797

(xxiv) Regarding enactment of Journalist Protection Act

Shri Mahesh Sahoo 798

(xxv) Regarding prevailing law and order situation in the country specially in Uttar Pradesh

Shri Shyam Singh Yadav 799

(xxvi) Regarding abolition of GST on job works

Shri P.R. Natarajan 800-801

**UNION BUDGET (2019-20) – GENERAL DISCUSSION** 802-966

Dr. Shashi Tharoor 802-827

Shri Jayant Sinha 828-848

Shri T.R. Baalu 849-857

Shri Kalyan Banerjee 858-866

Shri Vinayak Bhaurao Raut 867-872

Shri Santosh Kumar 873-876

Shri Bhartruhari Mahtab 877-884

| | |
|---|---|
| Shri Sukhbir Singh Badal | 885-891 |
| Shri Raghu Rama Krishna Raju | 892-895 |
| Kunwar Danish Ali | 896-900 |
| Shri Sunil Dattatray Tatkare | 901-908 |
| Shri Jagdambika Pal | 909-916 |
| Shri Pradyut Bordoloi | 917-921 |
| Shri Baidyanath Prasad Mahto | 922-925 |
| Shrimati Aparajita Sarangi | 926-933 |
| Shri Tokheho Yepthomi | 934-937 |
| Shri Jugal Kishore Sharma | 938-942 |
| Shri Ramesh Bidhuri | 943-950 |
| Shri Harish Dwivedi | 951-958 |
| Shri Shrirang Appa Barne | 959-961 |
| Shrimati Raksha Nikhil Khadse | 962-964 |
| Shri Bhagwant Mann | 965-966 |

**ANNEXURE – I**

| | |
|---|---|
| Member-wise Index to Starred Questions | 968 |
| Member-wise Index to Unstarred Questions | 969-973 |

**ANNEXURE – II**

| | |
|---|---|
| Ministry-wise Index to Starred Questions | 974 |
| Ministry-wise Index to Unstarred Questions | 975-976 |

# OFFICERS OF LOK SABHA

## THE SPEAKER

Shri Om Birla

## PANEL OF CHAIRPERSONS

Shrimati Rama Devi

Dr. (Prof.) Kirit Premjibhai Solanki

Shri Rajendra Agrawal

Shrimati Meenakashi Lekhi

Shri Kodikunnil Suresh

Shri A. Raja

Shri P.V. Midhun Reddy

Shri Bhartruhari Mahtab

Shri N.K. Premachandran

Dr. Kakoli Ghosh Dastidar

## SECRETARY GENERAL

Shrimati Snehlata Shrivastava

# LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

----------

Monday, July 08,  2019/Ashadha 17, 1941 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock.

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

**माननीय अध्यक्ष**: क्वेश्चन ऑवर 201, श्री देवजी पटेल – उपस्थित नहीं।

श्री पी. पी. चौधरी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्यगण, क्वेश्चन ऑवर के बाद आपको बोलने का मौका देंगे।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: क्वेश्चन ऑवर के बाद व्यवस्था दी है, पेपर लेड के बाद आपको बोलने का मौका दिया जाएगा, व्यवस्था दे दी गई है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: बालू जी को जीरो ऑवर में बोलने का मौका देंगे।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: मैंने व्यवस्था दे दी है, पेपर लेड होने के बाद आपको बोलने का मौका दिया जाएगा।

**11.01 hrs**

## ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

**माननीय अध्यक्ष:** क्वेश्चन ऑवर, प्रश्न संख्या 201, श्री पी. पी. चौधरी ।

**(Q. 201)**

**श्री पी. पी. चौधरी :** माननीय अध्यक्ष जी, सबसे पहले मैं माननीय प्रधान मंत्री मोदी जी, ट्राइबल मिनिस्ट्री और मंत्री जी को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहूंगा कि 70 सालों के बाद भी पाली लोक सभा क्षेत्र का ट्राइबल एरिया पांचवें शेड्यूल से वंचित था। पहली बार इस एरिया को पांचवें शेड्यूल में रखने के लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। इससे सभी बेनिफिट जो पांचवें शेड्यूल में हैं, उन ट्राइबल लोगों को मिलेंगे जो 70 सालों से वंचित थे। मेरा क्वेश्चन आपके मार्फत माननीय मंत्री जी है कि जहां तक ई-गवर्नेंस की बात है, आपने ऑनलाइन पोर्टल की बात की, काफी स्कीम के बारे में कहा, लेकिन गवर्नेंस की अनप्रिसिडेंटेड स्पीड और स्केल पिछले पांच सालों में रही है, उसका पिवेटल रोल ई-गवर्नेंस का है, डिजिटल इंडिया का है।

मैं आपके मार्फत से पूछना चाहूंगा कि टीएसपी फंड बहुत बड़ा फंड है, टीएसपी फंड सेंटर, स्टेट गवर्नमेंट और यूनियन टैरिटरी का है, कम्प्लीट फंड चैनलाइज होकर एक पाइपलाइन में जाता है, सेंट्रल गवर्नमेंट के लिए ई-गवर्नेंस की व्यवस्था कर दी है, लेकिन स्टेट गवर्नमेंट और यूनियन टैरिटरी का भी बहुत बड़ा फंड है, जब सारा चैनलाइज होकर एक जगह जा रहा है तो वह फंड मिसयूज न हो, उसके लिए सरकार की क्या योजना है? क्या स्टेट गवर्नमेंट और यूनियन टैरिटरी को भी आप ई-गवर्नेंस में शामिल कर रहे हैं या नहीं?

**श्री अर्जुन मुंडा :** अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को आपके माध्यम से सूचित करना चाहता हूं कि भारत सरकार  का ट्राइबल मिनिस्ट्री ने जो कार्य योजना तैयार की है, उसमें सभी राज्यों और केन्द्र शासित राज्यों को पांचवीं और छठी अनुसूची के क्षेत्र में पूर्ण रूप से सम्मिलित करने की योजना बनाई

गई है। उस कार्य योजना के तहत राज्यों को नेटवर्किंग सिस्टम से जोड़ने का प्रयास किया है। अभी कुछ दिन पहले जो छात्रवृत्ति आबंटन होती थी, उसे राज्यों के डेटा के साथ केन्द्र के पोर्टल से कनैक्ट कर दिया है। किसी भी राज्य से कोई भी छात्र जब सीधे ऐसी योजनाओं का लाभ लेता है तो वह सूचना राज्य और केन्द्र को भी प्राप्त हो जाएगी। इस तरह से सभी योजनाओं के संदर्भ में राज्य सरकार के साथ मिल कर केन्द्र सरकार की एक वृहत योजना मान्यवर नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में चल रही है। पांचवीं और छठी अनुसूची के क्षेत्र को जीआईएस मैपिंग के माध्यम से प्रत्येक गांव को पिन पाइंट करके कार्य योजना के साथ सम्मिलित किया जा रहा है। सभी माननीय सदस्य उन सूचनाओं को प्राप्त कर सकते हैं।

**माननीय अध्यक्ष**: ऐसे सप्लीमेंटरी क्वेश्चन एलाउ नहीं है, लेकिन एलाऊ करता हूं।

**श्री पी.पी. चौधरी:** माननीय अध्यक्ष जी, धन्यवाद। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, अपने आप में बहुत बड़ा नाम है।

**माननीय अध्यक्ष:** आप संक्षिप्त में पूछिए। पहले नंबर वाले माननीय सदस्य नहीं हैं, इसलिए आपको सप्लीमेंटरी प्रश्न अलाऊ किया है। देवजी ने आपके लिए लिखकर दिया है।

**श्री पी.पी. चौधरी:** एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, सैंट्रल स्कूल और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और नवोदय विद्यालय की तर्ज पर हैं। ट्राइबल एरिया में इनके द्वारा क्वालिटी आफ एजुकेशन इम्पार्ट की जा रही है। 31 मार्च, 2017 तक करीब 260 विद्यालय सैंक्शन हुए हैं, इसमें से 161 फंक्शनल हैं। अन्य कब फंक्शनल होंगे? आर्टिकल 275 के तहत स्टेट गवर्नमेंट को ग्रांट दी जाती है। इसके साथ महत्वपूर्ण विषय रिव्यु और मॉनिटरिंग का है। इन विद्यालयों का रिव्यु और मॉनिटरिंग बहुत अच्छे तरीके से होना चाहिए। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं क्या इन विद्यालयों की रिव्यु और मॉनिटरिंग के लिए ई-गवर्नेंस को एक्सटैंड कर रहे हैं या नहीं?

पाली लोक सभा के ट्राइबल एरिया को 5वें शैड्यूल में रख दिया है। पाली लोक सभा क्षेत्र में एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल नहीं है, इसे खुलवाने की मेहरबानी करें। धन्यवाद।

**श्री अर्जुन मुंडा:** माननीय सदस्य ने बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न पूछा है। एकलव्य विद्यालय जिस प्रकार इससे पहले संचालित होते थे, उस व्यवस्था के तहत राज्य सरकार को सीधे तौर पर धनराशि आबंटित करने के बाद राज्य सरकार के माध्यम से ही एग्जीक्यूशन और चलाने का काम होता था। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में इस समय यह निर्णय हुआ है कि इसकी क्वालिटी और क्वांटिटी, दोनों को मॉनिटर करने के लिए एकलव्य और नवोदय विद्यालय की तर्ज पर एक संगठन के माध्यम से संचालित किया जाए, भारत सरकार के माध्यम से हो, इस संदर्भ में पूरी कार्य योजना तैयार हो गई है। कई बार ऐसा देखा गया है, खास करके कुछ प्रदेशों में कि इसका एग्जीक्यूशन बहुत डिलेड है। इसलिए इस तरह के निर्णय लेकर माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने आज़ादी की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए बृहद कार्य योजना के साथ ट्राइबल मिनिस्ट्री को यह दायित्व दिया है। हम इसे समय पर पूरा करेंगे।

माननीय सदस्य की जो चिंता अपने संसदीय क्षेत्र के लिए है, इसे निश्चित रूप से मंत्रालय देखेगा।

**SHRI K. SHANMUGA SUNDARAM** : Hon. Speaker, Sir, in my constituency Pollachi, which falls in Tamil Nadu, approximately 10,000 tribal families are living in the Notified Forest Area. They do not have proper houses and are living in huts. I want to know from the hon. Minister whether the Ministry has any scheme to build houses for tribal families living in Notified Forest Area.

Sir, I have one more question to raise before the hon. Minister. It is because of the human-animal conflict that one or two deaths happen every week

in Valparai station in my constituency. I want to know what steps the Ministry can take to stop the human-animal conflict. Thank you.

**श्री अर्जुन मुंडा :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि अभी एक विषय एफआरए, फोरेस्ट राइट एक्ट के आधार पर वन्य क्षेत्र रहने वाले लोगों के बारे में कोर्ट में चल रहा है। इसके ऊपर माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता व्यक्त की है और भारत सरकार को भी बहुत अधिक चिंता है। इस पर लगातार बैठकें हो रही हैं कि इसके स्थायी समाधान क्या होंगे, कैसे होंगे? इस चिंता को लेकर हम बहुत जल्दी ही निर्णय पर पहुंचेंगे ताकि इन क्षेत्रों के विकास, जैसे शैक्षणिक और स्वास्थ्य केंद्र जैसे मामलों का समाधान करते हुए वहां रहने वाले लोगों के सही तरीके से रहने के लिए समुचित व्यवस्था की जा सके।

**श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके द्वारा माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि देश में बहुत सी योजनाएं ट्राइबल डैवलपमेंट के लिए चल रही हैं और राज्य सरकार भी ट्राइबल लोगों के लिए अच्छा कार्य कर रही है। इनके लिए बहुत सी पुरानी योजनाएं भी हैं। क्या उनकी समीक्षा की जा सकती है या उनको ड्राप किया जा सकता है?

आज पूरे देश में कई राज्यों जैसे महाराष्ट्र, गुजरात और मध्य प्रदेश में ट्राइबल बैल्ट में आदिवासियों के पास सिंचाई की सुविधा नहीं है। इस पुरानी सिंचाई योजना को ड्राप करके इस फंड का उपयोग कर क्या सरकार सिंचाई हेतु कोई नई योजना बनाना चाहती है?

**श्री अर्जुन मुंडा:** अध्यक्ष महोदय, एक संस्था आई.टी.डी.ए (इंटिग्रेटेड ट्राइबल डेवलपमेंट एजेंसी) भारत सरकार के निर्देशन में राज्य सरकारों के माध्यम से बनाई गई थी, इसके द्वारा बहुत सारी जगहों पर इस तरह की योजनाएं ली गई थीं, इन योजनाओं के लिए स्पेशल मॉनिटरिंग सेल बनाया जा रही है ताकि यह पता चल सके कि जो योजनाएं ली गई हैं, उनकी वास्तविक स्थिति क्या है? इस बारे में जानकारी लेने के बाद हम आगे की कार्रवाई करेंगे।

**(Q. 202 and 215)**

**श्री सुधीर गुप्ता:** माननीय मंत्री जी, औद्योगिक श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजना कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम द्वारा नियंत्रित होती है, जिसमें बीमारी, मातृत्व लाभ, अस्थायी शारीरिक विकलांगता, आकस्मिक मृत्यु जैसे नुकसानों से श्रमिकों के हितों की रक्षा की जाती है। माननीय मंत्री जी, मैं देश के प्रधान मंत्री जी और आपको धन्यवाद देना चाहूंगा कि ये जो सुविधाएं देश में उपलब्ध हैं, इसमें लिए जाने वाले अंशदान को साढ़े छ: प्रतिशत से चार प्रतिशत किया गया है और सुविधाओं में सुधार करने का आपने जो संकल्प लिया है, उसके लिए विशेष धन्यवाद देता हूं।

माननीय मंत्री जी, मैं जानना चाहता हूं कि सामाजिक सुरक्षा के दायरे को बढ़ाने के लिए श्रमिकों और कर्मचारियों को पंजीकृत करने हेतु विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। कृपया बताएं कि विशेष कार्यक्रम क्या हैं और क्या आप मौसमी कारखानों के श्रमिकों को भी अपनी इस शारीरिक और स्वास्थ्य की सुविधाओं से जोड़ने के लिए कोई कार्यक्रम लेंगे?

**श्री संतोष कुमार गंगवार:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदस्य महोदय को धन्यवाद देना चाहूंगा कि उन्होंने एक अच्छा प्रश्न किया है। यह बात सही है कि मजदूरों के हितों को ध्यान में रखते हुए हम लोगों ने ईएसआईसी में अंशदान में कुछ कटौती की है। मैं यहां पर बताना चाहूंगा कि अंशदान में कटौती करने से सुविधाओं में कोई कमी नहीं आएगी। हमारी सरकार ने आने के बाद इस दिशा में चिंता की है और वर्ष 2014-15 में ईएसआईसी के आई.पीज की संख्या जो 2.4 करोड़ के आस-पास थी, प्रधान मंत्री जी के विजन के बाद हमने इसको आगे बढ़ाया है और इस समय यह संख्या करीब 3.6 करोड़ से ऊपर हो गई है। ज्यादा-से-ज्यादा मजदूरों को इसका लाभ मिले, इसकी हम लोग चिंता करते हैं। ईएसआईसी की निर्णय लेने हेतु बनी कमेटी की 174 वीं बैठक में हमने यह निर्णय लिया कि हम इस काम को और आगे बढ़ाएंगे। ऑफिस कम डिसपेंसरी के हिसाब से ब्रांच ऑफिस दोनों इस

दिशा में काम करेंगे। अब तक ईएसआईसी की योजना लगभग 541 जिलों में नोटिफाइड है और हमने कार्पोरेशन को 306 नए डीसीबीओ खोलने की अनुमति दी है। हम जानते हैं कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी चाहते हैं कि देश के सभी जिलों में यह योजना लागू हो, उसके हिसाब से हम मिलकर काम कर रहे हैं। इस संदर्भ में आप जो भी सुझाव देंगे, हम उस पर अमल करेंगे। पिछले दो वर्षों में ईएसआईसी में हमने जो काम किया है, उससे मजदूरों की संख्या में एक करोड़ से अधिक की वृद्धि हुई है और ईपीएफओ में भी एक करोड़ से अधिक की संख्या में वृद्धि हुई है। हम इस ड्राइव को निरंतर चलाने का काम कर रहे हैं।

**श्री सुधीर गुप्ता:** धन्यवाद माननीय मंत्री जी, आपने बहुत संतुष्टिपूर्वक उत्तर दिया है। मैं इसलिए भी आपको धन्यवाद देना चाहता हूं कि ईएसआईसी का एक अस्पताल लगभग 50-60 वर्ष पुराना मेरे अपने संसदीय क्षेत्र के जिला मुख्यालय में भी है। मैं यह जानना चाहता हूं कि जिलों में विस्तार करने के आपके जो संकल्प हैं, वे कितने समय में पूर्ण होंगे और मेरे संसदीय क्षेत्र में जो चिकित्सालय आपके विभाग द्वारा संचालित है, उसमें विकास और विस्तार से संबंधित एक प्रस्ताव आपके पास लंबित है, उसमें लंबे समय से सुविधाओं का विस्तार नहीं हुआ है

क्या माननीय मंत्री जी मेरे जिले के इस अस्पताल को विशेष सुविधाओं के रूप में चिह्नित करेंगे?

**श्री संतोष कुमार गंगवार:** मैं माननीय सदस्य जी के सुझाव से सहमत हूं पर मैं इतना बताना चाहूंगा कि ईएसआईसी मजदूरों के हितों को ध्यान में रखकर काम करती हैं।

मैं यह भी सदस्यों के संज्ञान में लाना चाहूंगा कि मजदूरों से जो पैसा कटता है, जिसकी हमने अभी कटौती की है, वास्तव में हमारे पास पैसा कम नहीं है। हम पूरे तरीके से पैसा इस्तेमाल कर रहे हैं और हमारे अधीन जो राज्य सरकारें काम करती हैं, हम उनको पैसा देते हैं, लेकिन मैं सभी सदस्यों के माध्यम से संज्ञान में लाना चाहूंगा कि 100 बिस्तरों के अस्पताल पर कम से कम 50 हजार IPs

चाहिए और 150 पर एक लाख IPs चाहिए। हमने इस पर विचार करके 30 बिस्तर वाले भी अस्पताल खोलने का निर्णय लिया है, जिसमें 20 हजार IPs की संख्या चाहिए।

माननीय सदस्य जो कह रहे हैं, उनके अनुसार वहां पर जो आवश्यकता होगी, हम उसको पूरा करने का काम करेंगे और मैं आपके माध्यम से सदन को अवगत कराना चाहूंगा कि जिन सांसद साथियों के यहां अगर मजदूरों की संख्या 20 हजार के आस-पास हैं, वे अगर हमें लिखकर देते हैं तो हम वहां पर 30 बिस्तरों का अस्पताल खोलने का काम करेंगे और सारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का काम भी करेंगे।

**श्री संजय सदाशिवराव मांडलिक :** माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे पहली बार बोलने का मौका दिया। अध्यक्ष महोदय, एक तरफ ई.एस.आई.सी का दायरा सरकार बढ़ाना चाहती है, परन्तु मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदय का ध्यान मेरे निर्वाचन क्षेत्र कोल्हापुर स्थित ई.एस.आई. अस्पताल की बदहाली और बदइंतजामी की तरफ आकर्षित करना चाहूंगा। कोल्हापुर क्षेत्र में महाराष्ट्र में 100 बेड का ई.एस.आई. अस्पताल वर्ष 2000 में बनकर तैयार हुआ था। इस अस्पताल की स्थिति अब इतनी खराब है कि अभी तक इसमें कोई इंडोर सुविधा उपलब्ध नहीं है। इस अस्पताल की मैम्बर संख्या तकरीबन एक लाख से ज्यादा है। लगभग 85 लाख का अनुदान प्रतिमास जमा होता है, जिसका फायदा उनके परिवारजनों सहित तकरीबन चार लाख लाभार्थियों को होना चाहिए। बीस साल बीत जाने के बाद भी एक चिकित्सक की तैनाती वहां हुई है, जबकि स्वीकृत चिकित्सक की संख्या 19 होनी चाहिए। उसमें से 9 स्पेशल चिकित्सक और 10 मेडिकल अफसर यहां भरे नहीं है। 205 स्वीकृत कर्मचारियों से सिर्फ 18 पद ही अभी तक भरे गए हैं। एक्सरे, एम.आर.आई. आदि जांचों की सुविधा अभी तक उपलब्ध नहीं है। अगर कोई इंडोर पेशेन्ट आ जाता है तो उसको प्राइवेट अस्पताल भेज दिया जाता है। मरीजों को दवाइयों की दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। हर वार्ड का बाहर से ताला लगाया हुआ है, जिससे परिंदों और चमगादड़ों का वह घर बन चुका है।

मैं मंत्री महोदय से आपके माध्यम से जानना चाहूंगा कि इस अस्पताल की दुर्दशा को सुधारने के लिए तथा जिले के ई.एस.आई. कर्मचारी व उनके परिवार की बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है?

**माननीय अध्यक्ष:** मैं माननीय सदस्यों से आग्रह करना चाहता हूँ कि आप सभी की सहमति हो तो, हमें सवालों को संक्षिप्त में पूछना चाहिए। चमगादड़ वगैरह कहकर इतना लंबा करने की आवश्यकता नहीं है। यह संसद का सदन है। जो सुविधाओं का अभाव है, उसके बारे में पूछें।

**श्री संतोष कुमार गंगवार :** माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो चिंता व्यक्त की है हम उस पर कुछ विपरीत नहीं बोलेंगे। हम किसी अधिकारी को अगले 15 दिन में अस्पताल में भेजेंगे, वह उनसे सम्पर्क करेगा और जो भी आवश्यकता होगी उसको हम पूरा करने का काम करेंगे।

**PROF. SOUGATA ROY** : Mr. Speaker, Sir, thank you for clubbing the Questions because of which I got an opportunity.

Two things are not clear. The Minister of Labour is the Chairman of the ESI Corporation. They have reduced the employers' contribution from 4.75 to 3.25 per cent. They have reduced the employees' contribution also. All trade unions oppose this reduction of employers' contribution.

The ESI is a good scheme for the workers. It is good that it is being extended. But different companies owe crores of rupees to the ESI as dues. The jute mills in my area owe about Rs. 100 crores to the ESI. Also, the ESI hospitals are not running properly as was mentioned by the Member who spoke earlier.

May I ask the hon. Minister, through you, the reason for reducing employers' contribution.

Is it to give relief to the capitalists and big industry owners? What is the Ministry doing to recover the ESI dues from the default companies? I would like to know whether he will set up a committee to look into the state of affairs in the ESI hospital in my constituency at Kamarhati. It is in doldrums. Will the Minister appoint a committee to look into the affairs of the ESI hospitals?

**श्री संतोष कुमार गंगवार:** सर, माननीय सदस्य ने सही कहा है कि ड्यूज क्यों कम किए गए, लेकिन शायद माननीय सदस्य की जानकरी में है कि ईएसआई के पास इस समय जितना पैसा है, वह ठीक है। हमारे पास बैलेंस धनराशि 75,000 करोड़ रुपये है। …(व्यवधान) इसलिए हम लोगों ने जो कमी की है, पहले एम्प्लायर 4.75 प्रतिशत पैसा देता था, उसे हमने कम करके 3.25 प्रतिशत किया है, यानी इसे हमने 31 प्रतिशत कम किया है। कर्मचारियों का अंशदान भी हमने कम किया है, इसे 1.75 प्रतिशत से कम करके .75 प्रतिशत किया गया है, अर्थात 57 प्रतिशत कमी की गई है। …(व्यवधान) इसके साथ मैं यह बताना चाहता हूं कि मजदूरों की सुविधाओं में कमी नहीं होगी। हम इनके लिए अस्पतालों की संख्या बढ़ा रहे हैं। माननीय सदस्य ने जो चिन्ता व्यक्त की है, मैं इस सन्दर्भ में जानकारी लूंगा। आपने बकाया धनराशि की जो बात कही है, हम उसकी जानकारी लेकर आपको बाद में अवगत कराएंगे। …(व्यवधान)

**प्रो. सौगत राय:** मंत्री जी, आज आपको तैयार होकर आना चाहिए था। …(व्यवधान)

**SHRI G. SELVAM** : I am very much grateful to the Hon. Speaker for giving me a chance. Firstly, I must thank our party leader, Thalapathy, Mr. M.K. Stalin.

Sir, I would like to know whether the Government proposes to reduce employee’s as well as employer’s contribution to Employees State Insurance Scheme by amending the ESI Act, 1948. If, so, the details thereof and the

reasons therefor along with the objectives behind the move including the proposal in this regard.

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप बैठ जाइए। माननीय मंत्री जी ने आपका पूरा प्रश्न सुना है और वे जवाब दे रहे हैं।

**श्री संतोष कुमार गंगवार:** सर, हमने धन में जो कमी की है, वह रीज़नेबल है। इसमें किसी को शिकायत नहीं है, सब इससे संतुष्ट हैं। अगर आपको कोई अन्य सुझाव देना है तो मुझे दे सकते हैं।…(व्यवधान)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN** : Sir, in my constituency, Kollam, Asramam ESI Super Speciality Hospital is the nations' number one hospital, having the highest rate of occupancy among the ESI hospitals. Cashew workers were entitled to get the super speciality treatment.

Unfortunately, after the NDA Government has come to power, an amendment has been brought in. According to the amendment, those who are entitled to super speciality treatment, should have 78 days of attendance before the date of the diagnosis of the disease.

Cashew workers, coir workers, plantation workers and most of the downtrodden people in the country are now denied the right to have super speciality treatment.

The first part of my supplementary question to the Hon. Labour Minister is this. Will the Minister take care to reduce the number of days of attendance of the workers so that they will be entitled to get super speciality medical treatment?

The second of my supplementary question is whether the autorickshaw drivers, unorganised workers will also be included within the ambit of the ESI and ESI benefit will be provided or extended to the unorganised workers including autorickshaw drivers.

**श्री संतोष कुमार गंगवार:** सर, माननीय सदस्य लेबर के मामलों के बहुत अच्छे जानकार हैं। इनसे हमारा वार्तालाप लगातार होता रहता है। अब सुपरस्पेशियल्टी ट्रीटमेंट के मामले में जितनी सर्विस की जरूरत होती है, उसे स्वयं हम लोगों ने कम करने का काम किया है। अब आई.पी.ज के लिए 78 दिनों के कंट्रीब्यूशन और छ: महीने की सर्विस की बात रह गई है।

फैमिली के लिए एक साल और 156 दिन का कंट्रीब्यूशन रह गया है जो पहले डबल था। इसके बाद भी कोई समस्या होगी तो हम उसका समाधान करने का काम करेंगे। आपने जो ऑटो ड्राइवर्स के लिए कहा है, अगर वे हमारी परिधि में आ जाते हैं, तो उनको पूरी सहायता मिलेगी। मैं इतना ही कह सकता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री के. सुरेश, उपस्थित नही।

माननीय सदस्य सप्लिमेंट्री ले कर चले गए। मैं माननीय सदस्य से आग्रह करूंगा कि अब इस वीक इनकी सप्लिमेंट्री नहीं जाएगी।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह सभी के लिए लागू रहेगा।

**(Q. 203 and 218)**

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** आदरणीय अध्यक्ष महोदय, हमारे देश में 53 करोड़ श्रमिक ऑर्गनाइज्ड और अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर्स में काम करते हैं, जिनकी वजह से यह देश आगे बढ़ रहा है। मैं सभी को प्रणाम करता हूं। हमारे पिछले कार्यकाल में, मोदी सरकार में 1500 ऐसे कानून थे, जिनकी आज के दिन हमें जरूरत नहीं थी। …(व्यवधान) सौगत जी, अभी मैं आपके बारे में बोलता हूं, आप रुक जाइए।

ऐसे 1500 कानून थे, जिनकी आज के दिन जरूरत नहीं थी। ऐसे कानूनों को खत्म किया, उनकी वजह से 'ईज ऑफ डूइंग' में हमारा देश, आज 77 रैंक हासिल कर पाया है। ऐसे 44 कानून थे, जिनको वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में कहा है कि उन्होंने उनको चार कोड्स में डाल दिया है - the Code on Wages, the Code on Industrial Relations, the Code on Health, and the Code on Social Security.

मंत्री जी ने अपने जवाब में कहा है कि ऐसे 17 कानून थे, जो आज भी इस देश में 50 साल पुराने हैं ओैर ऐसे पांच कानून हैं जो आज भी 70 साल पुराने हैं। मेरा मंत्री जी से यह सवाल है कि ये सारे कानूनों में बदलाव लाने के बाद, आज भी जो एमएसएमई सेक्टर है, जो लघु उद्योग है, अगर उसमें कहीं 100 कर्मचारी काम करते हैं तो जो एम्प्लॉयर्स हैं, वे उनको शो नहीं करते हैं। क्योंकि उनको 10 के बाद ईएसआई देना पड़ता है और 20 के बाद पीएफ देना पड़ता है। जब वे उनको शो नहीं करते तो़ अगर कोई एम्प्लॉई अच्छा काम नहीं कर रहा है, तो वे उसको निकाल नहीं सकते हैं। हमारे कानून बहुत सख्त हैं और उसको अपना एम्प्लॉई शेयर देना पड़ता है। जब वे शो नहीं करते हैं तो हमें उसका नुकसान देखने को मिलता है कि जब पीएफ डिपार्टमेंट के लोग छापा मारने जाते हैं तो वहां पर भ्रष्टाचार बढ़ता है। क्योंकि वे सारे एम्प्लॉइज ऑर्गनाइज्ड सेक्टर में नहीं आ पाते हैं, इसलिए उनको सोशल सिक्योरिटी का फायदा नहीं मिल सकता है। विपक्ष के लोग चिल्लाते रहते हैं कि एम्प्लाइमेंट नहीं बढ़ रही है, वह एम्प्लाइमेंट डाटा में भी रिकॉर्ड नहीं होता है। इसलिए हमारी सरकार

ऐसे क्या कदम उठा रही है कि वे सारे श्रमिक जिनको एम्प्लॉयर्स शो नहीं कर रहे हैं, क्या कुछ एम्प्लॉयर्स को इन्सेन्टिव देंगे या क्या ऐसे कदम उठाए जाएंगे कि वे 100 प्रतिशत जो लेबर अनऑर्गनाइज्ड सेक्टर में काम कर रहे हैं, वे रिकॉर्ड में आ जाएं?

**श्री संतोष कुमार गंगवार :** सर, माननीय सदस्य जी ने ठीक बात कही है। इस समय 44 श्रम कानूनों को चार कोड्स में परिवर्तित किया जा रहा है। पहला कोड, 'मिनिमम वेजेज ऐक्ट' को 3 तारीख को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। वह शीघ्र ही अगले सप्ताह सदन में आएगा।

माननीय सदस्य जो बता रहे हैं, वास्तव में इस दिशा में हमारी सरकार पूरी तरह से सक्रिय है और हम लोग उन मजदूरों की चिंता कर रहे हैं। प्रधान मंत्री जी ने एक योजना चलाई है, उसके तहत अब एम्प्लॉयर्स का 12 प्रतिशत अंश भारत सरकार दे रही है और इस कारण ईएसआई और प्रोविडेंट फंड में एक-एक करोड़ से अधिक कर्मचारियों की संख्या में वृद्धि भी हुई है, जो इस बात को प्रदर्शित करता है कि हमारी सरकार इस मामले में कितनी ज्यादा सक्रिय है।

हम इसमें और भी काम कर रहे हैं। हमने पिछले पांच वर्षों में महत्वपूर्ण विधायी संशोधन भी किए हैं, जैसे वेतन सीमा बोनस की पात्रता 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये कर दी है और आवश्यक संशोधन करके बैंक एकाउंट में सीधे पैसे जमा होता है और लाभार्थी को दिया जाता है। मैटरनिटी लीव को भी 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह किया है। 14 साल तक के बच्चों के लिए बाल श्रम पूरी तरह से प्रतिबंधित किया है। इसके साथ-साथ ग्रेच्यूटी की सीमा भी 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 20 लाख रुपये की है। न्यूनतम मजदूरी में पिछले पांच वर्षों में करीब 42 परसेंट की वृद्धि हुई है। इसके हिसाब से हम सब मिलकर काम कर रहे हैं। इसके अलावा कोई स्पेसिफिक बात माननीय सदस्य चाहेंगे, तो हम बताने का काम करेंगे।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा :** अध्यक्ष जी, हर व्यक्ति का सपना होता है कि उसके पास अपना घर हो। हमारे प्रधान मंत्री जी की योजना 'Housing for All' है। उसके तहत वर्ष 2022 तक इस देश के हर

व्यक्ति को, हर श्रमिक को चाहे वह आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करता है या अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करता है, ऐसे 53 करोड़ श्रमिकों को उनका घर मिले, ऐसी हमारी सरकार की योजना है। अनआर्गेनाइज्ड सैक्टर के लिए बहुत सारी स्कीम्स आई हैं जैसे आयुष्मान भारत योजना, प्रधान मंत्री आवास योजना, प्रधान मंत्री श्रम योगी मानधन योजना आदि। आर्गेनाइज्ड सैक्टर में साढ़े सात करोड़ लोग काम कर रहे हैं, उन सब को भी अपना मकान मिले। जब हमारी वाजपेयी जी की सरकार थी, तब वर्ष 2003 में एक स्कीम आई थी। उसका पायलट प्रोजेक्ट उस समय के श्रम मंत्री डॉ. साहिब सिंह वर्मा जी ने शुरू किया था कि सारे आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम करने वाले लोगों को उनका मकान मिले।

**माननीय अध्यक्ष :** साहिब सिंह वर्मा जी ने इस सैक्टर में बहुत अच्छा काम किया था, निश्चित रूप से उन्हें याद करना चाहिए।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:** अध्यक्ष जी, उस योजना में बहुत सारे लोगों को मकान दिए भी गए थे। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि जो लोग आर्गेनाइज्ड सैक्टर में काम कर रहे हैं और वे अपना प्रोविडेंट फंड जमा कराते हैं, क्या उनके लिए हम कोई हाउसिंग स्कीम लेकर आएंगे, ताकि उनके प्रोविडेंट फंड का जो इंटरेस्ट है, वह सीधे उनके मकान की किस्त में चला जाए और उनकी सैलरी का जो बहुत बड़ा हिस्सा उसके मकान के किराये में जाता है, वह उस किराये से बचें। जो मकान आज 30 लाख रुपये का या 40 लाख रुपये का है, जब वह व्यक्ति आज से 40 साल बाद रिटायर होगा, उस समय उस मकान की कीमत दो करोड़ रुपये के करीब हो जाएगी। आज यदि सरकार उसे मकान दे, इसमें सरकार का एक भी रुपया खर्च नहीं होगा, सारा पैसा एम्प्लाई का है, सारा पैसा एम्प्लायर्स का है, जो पीएफ में जमा हो रहा है। व्यक्ति को मकान मिलेगा, उनके पीएफ का जो ब्याज है, उससे उनके मकान की किस्त चली जाएगी।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि वर्ष 2003 की स्कीम का क्या हुआ और क्या आर्गेनाइज्ड सैक्टर के लिए, जैसे सिंगापुर में जो भी श्रमिक है, हर श्रमिक को सरकार ने अपना मकान दिया है और वहां 86 परसेंट लोग सरकारी मकान में रहते हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप चिंता मत कीजिए, सिंगापुर से अच्छी सरकार अपनी चल रही है।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:** अध्यक्ष जी, वह दिन कब आएगा, जब आर्गेनाइज्ड सैक्टर में रहने वाले साढ़े सात करोड़ लोगों को अपना मकान मिलेगा? क्या ऐसी कोई योजना पर सरकार काम कर रही है?

सौगत राय जी के लिए मैं कहना चाहता हूं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सौगत राय जी के लिए टिप्पणी मत कीजिए। आप आसन के माध्यम से सवाल पूछें।

**श्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा:** अध्यक्ष जी, यह बात इसी से संबंधित है। जब उन्होंने एम्प्लायर के कंट्रीब्यूशन कम होने की बात कही, तो उन्हें यह भी कहना चाहिए कि एम्प्लायी का कंट्रीब्यूशन भी कम हुआ है। यदि वे सरकार के बारे में दो शब्द अच्छे बोलेंगे, तो उनका खाना भी पच जाएगा।…(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, मैं आपको बधाई दे दूं। आप जितना गरिमापूर्ण इस सदन को चला रहे हैं, ईश्वर से प्रार्थना है कि प्रधान मंत्री मोदी जी अगले बीस साल तक आपको स्पीकर बनाए रखें।

**श्री संतोष कुमार गंगवार :** अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य का सुझाव अच्छा है। हम इसे जरूर एग्जामिन करेंगे और यह भी बताएंगे कि इसमें हम क्या कर सकते हैं। मैं बताना चाहूंगा कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि वर्ष 2022 तक देश में सभी को छत मिलेगी। मुझे लगता है कि यह शिकायत का मौका नहीं रहेगा और वास्तव में वर्ष 2022 के बाद कोई भी ऐसा परिवार नहीं रहेगा,

जिसके पास छत न हो। हम माननीय सदस्य के सुझाव को एग्जामिन करेंगे और जो भी बात होगी, उसे निस्तारित करेंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न संख्या 203 और 218 को क्लब कर रहे हैं।

श्री राजा अमरेश्वर नाईक – उपस्थित नहीं।

**SHRIMATI KANIMOZHI** : Sir, in the reply, the hon. Minister said that there is a pension scheme for the unorganised sector workers, shopkeepers, retails traders and farmers.

I would like the hon. Minister to explain how he proposes to identify these unorganised workers. Is there any scheme to enrol them? So far, there is no scheme. What is the basis on which the retail traders and farmers will be enrolled? I want to know whether the farmers will be land-owning farmers or people who are working in the farms. I would also like to know whether street vendors will also be included in this scheme.

**श्री संतोष कुमार गंगवार:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य महोदया को बताना चाहूँगा कि आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने एक महत्त्वपूर्ण योजना लागू की है और इस योजना के तहत वे सभी व्यापारी, जिनका व्यापार डेढ़ करोड़ रुपये वार्षिक से कम है, वे सभी इस योजना के अतंर्गत आएंगे, जो आयकर नहीं देते होंगे, उनकी आयु 60 वर्ष होने के बाद उनको तीन हजार रुपये मासिक पेंशन मिलेगी। इसके लिए उनको केवल 50 रुपये प्रतिमाह जमा करना होगा। आयु के हिसाब से यह राशि बढ़ेगी। मुझे लगता है कि इस योजना को लोग पसंद कर रहे हैं। अभी कुछ ही दिन हुए हैं, लेकिन अब तक 30 लाख लोग इस योजना से जुड़ चुके हैं।

मैं माननीय सदस्य महोदया को बताना चाहूँगा कि अगर आप इसमें कोई भी सुझाव देंगी, तो हम उसे निश्चित रूप से शामिल करेंगे और उसे पूरा करने का काम करेंगे।

**(Q. 204 and 207)**

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य पहली बार सदन में चुनकर आए हैं।

**श्री रेबती त्रिपुरा :** माननीय अध्यक्ष जी, हम सभी जानते हैं कि पर्यटन के क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों का एक बहुत बड़ा रोल रहा है। मेरा मंत्री जी से यह प्रश्न है कि त्रिपुरा में भी ऐसे बहुत-से पर्यटन क्षेत्र हैं, जैसे उनाकोटी और त्रिपुरा सुन्दरी मन्दिर हैं। इसके अलावा, बहुत-से मन्दिर-मस्जिद हैं।

ऐसे धार्मिक पर्यटन क्षेत्रों के डेवलपमेंट के लिए क्या सरकार की कोई योजना है?

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय सदस्य का धन्यवाद करता हूँ और उनका अभिनन्दन करता हूँ, वे पहली बार प्रश्न पूछ रहे हैं। उन्होंने प्रश्न भी बहुत अच्छा पूछा है, जो नॉर्थ-ईस्ट के बारे में है। उन्होंने स्पेसिफिक त्रिपुरा के बारे में प्रश्न पूछा है।

वर्ष 2015-16 में अगरतला, सिपाही झाला, जिसकी बात वे कर रहे हैं, मेलाघर, उदयपुर, अमरपुर और तीर्थ स्थलों में मन्दिर घाट, डम्बूर, नरकेलकुंज, घनचेरा, अम्बासा और पूर्वोत्तर पर्वत का विकास के लिए 99.50 करोड़ रुपये आबंटित हुए थे, जिनमें से 74.15 करोड़ रुपये रिलीज हो गये हैं।

वर्ष 2018-19 में, त्रिपुरा में सूरमाचेरी, उनाकोटी, जामपुई हिल्स, कनावती, भुवनेश्वरी, मातावारी, नीर महल, छोटा कोला और पिलख अवग्नचरा के विकास के लिए 65 करोड़ रुपये स्वीकृत हैं। इसके लिए राज्य सरकार के द्वारा जारी किए गए कार्य आदेशों का इंतजार हो रहा है। जैसे ही यह आ जाएगा, हम पैसे रिलीज कर देंगे।

**श्री रेबती त्रिपुरा :** सर, मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि अभी स्टेट गवर्नमेंट टूरिज्म को इम्पॉर्टेंस देकर काम कर रही है। जैसा कि अभी मंत्री जी ने बताया कि उन्होंने फण्ड रिलीज करना शुरू कर दिया है। मेरा प्रश्न यह है कि नॉर्थ-ईस्ट में जितने भी पर्यटन क्षेत्र हैं, उनके विकास के लिए क्या कोई नई योजना है?

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल :** अध्यक्ष जी, जैसा कि मैंने आपके माध्यम से बताया कि अभी बकायदा त्रिपुरा की दूसरी योजना स्वीकृत है । जैसे ही राज्य सरकार हमको दस्तावेज देगी, हम उसके लिए पैसा रिलीज़ कर देंगे। हमने अपनी तरफ से 65 करोड़ रुपये आबंटित किए हैं।

अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से सदन और माननीय सदस्य को यह जानकारी देना चाहता हूं कि जो मेले लगते हैं, उन मेलों को भी वर्ष 2016-17 में लगाया गया था। राज्य सरकार से हमारे पास कोई प्रस्ताव आएगा, तो हम उन मेलों को लगा सकते हैं। त्रिपुर सुंदरी मंदिर को भी इस सर्किट में रखा गया है, वह प्रसाद योजना में है। हमारे पास उसका भी प्रस्ताव आया है। जब उसका डीपीआर बनेगा, तब हम उस पर भी काम करेंगे।

**श्री विजय कुमार दुबे :** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि नए सदस्यों पर आपका आर्शीवाद बराबर है। मैं माननीय मंत्री जी को भी धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने इस देश के 25 राज्यों के 41 धार्मिक स्थलों पर पर्यटन के क्षेत्र में अपनी तमाम योजनाएं देकर इस देश का विकास कर के इस देश का पूरी दुनिया में मान बढ़ाने में विशेष योगदान दिया है।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से प्रश्न करना चाहूंगा। कुशीनगर लोक सभा वह क्षेत्र है, जो इस देश के आखिरी छोर, नेपाल सीमा से लगा हुआ है। वहां केवल बौद्ध सर्किट एरिया नहीं, बल्कि तमाम पौराणिक और धार्मिक स्थल हैं, मसलन पथलेश्वर नाथ मंदिर, जिसके बारे में बताते हैं कि हज़ारों वर्ष पहले धरती माता की गोद से उत्पन्न हुए। इस देश में शायद सूर्य मंदिर बहुत कम हैं, शायद दो-चार ही हों। तुर्कपट्टी में सूर्य मंदिर है, बघई शक्ति धाम है। ये हज़ारों वर्षों का अपना पौराणिक इतिहास लिए हुए हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, कुल मिलाकर इतिहास के पन्नों पर कुशीनगर का नाम तो अंकित है, लेकिन तमाम बौद्ध सर्किट एरिया और धार्मिक स्थल होते हुए भी इसका देश, प्रदेश और दुनिया में कहीं भी नाम नहीं है, तो उसका एक ही कारण है। 60 वर्षों से जिन लोगों ने इस देश का नेतृत्व किया,

वे कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के इस पयर्टक स्थल या बौद्ध सर्किट एरिया का महत्व नहीं समझ सके। …(व्यवधान) भला हो इस देश की जनता का जिसने माननीय नरेन्द्र मोदी जी को दोबारा प्रधान मंत्री बनाया। …(व्यवधान) उन्होंने इस क्षेत्र की महत्ता को समझकर अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा देने का कार्य किया। …(व्यवधान) मैं अपने यशस्वी लोकप्रिय मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथजी महाराज को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने लोक सभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश को मात्र तीन मेडिकल कॉलेज दिए, जिसमें से एक मेडिकल कॉलेज कुशीनगर जनपद को देने का कार्य उन्होंने किया है। …(व्यवधान)

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से मेरा प्रश्न है कि जिस क्षेत्र की महत्ता को समझकर माननीय प्रधान मंत्री जी और हमारे यशस्वी मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथजी महाराज ने अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा और मेडिकल कॉलेज देकर इस क्षेत्र के धार्मिक स्थल और बौद्ध सर्किट एरिया के विकास को आगे ले जाने का लक्ष्य बनाया है, क्या माननीय मंत्री जी इस लक्ष्य को सार्थक रूप देने में अपने पयर्टन क्षेत्र का विशेष योगदान इस कुशीनगर लोक सभा क्षेत्र के लिए करेंगे? यदि करेंगे, तो कब तक करेंगे? मेरा दूसरा प्रश्न है …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, प्लीज़ अब आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, हमारे माननीय सदस्य नये हैं। वे पहली बार संसद में आए हैं। इनको धीरे-धीरे अनुभव हो जाएगा।

माननीय मंत्री जी, आप उत्तर दीजिए।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप वरिष्ठ सदस्य बैठे-बैठे बोल रहे हैं, क्या यह उचित है?

…(व्यवधान)

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल :** अध्यक्ष जी, धन्यवाद । मैं हमारे माननीय सदस्य का भी हृदय से अभिनंदन करता हूं, उन्होंने पहली बार प्रश्न पूछा है । मैं वास्तव में पहले उनकी बात का जवाब दे दूं कि वर्ष 2016-17 में बौद्ध परिपथ के लिए 99.97 करोड़ रुपये, यानी लगभग 100 करोड़ रुपये आबंटित हुए थे, जिसमें से हमने 45 करोड़ रुपये दिए हैं। इसलिए माननीय सदस्य इस बात से सहमत होंगे कि वहां तेज गति से काम चल रहा है और वह समय सीमा के भीतर पूरा होगा।

अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने प्रश्न पूछा है कि क्या कोई धार्मिक परिपथ बनाया जाएगा । मैं आपके माध्यम से इस सदन और सदस्य महोदय से कहना चाहता हूं कि अभी आध्यात्मिक परिपथ है, रामायण परिपथ है, कृष्णा परिपथ है, बौद्ध परिपथ है, तीर्थंकर परिपथ है और एक नया सूफी परिपथ भी मंत्रालय ने लिया है।

जितने सारे सांस्कृतिक क्षेत्र और जितने भी तरीके हो सकते हैं, इसमें उन सब को शामिल किया गया है। जहां तक उन्होंने सवाल के साथ ही अपनी बात में यह कह भी दिया है। प्रसाद योजना के तहत उत्तर प्रदेश में पांच योजनाएं चल रही हैं, जो कि धार्मिक तीर्थ स्थल हैं । प्रसाद योजना के तहत हमारा मंत्रालय उसमें मदद करता है । जो भी प्रस्ताव राज्य सरकार से हमारे पास आएंगे, हम उनको पूरा करेंगे और समय के साथ पूरा करेंगे।

**श्री विजय कुमार दुबे:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं आपके माध्यम से माननीय पर्यटन मंत्री जी से एक प्रश्न पूछना चाहता हूं और उनसे कुछ जानना चाहता हूं।

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, प्लीज आप बैठ जाइए। आपको एक बार मौका दे दिया गया है।

**SHRI MANISH TEWARI**: Hon. Speaker, Sir, if you peruse the answer which has been given by the hon. Minister, he has essentially divided tourism into two categories – circuits and destinations. Each of these destinations has the potential of becoming a circuit on its own. The question which I would like to ask the hon.

Minister is this. What is the reasonable basis of classification of tourism destinations into circuits and destinations, and does it not constitute a non-optimisation of the use of resource for the promotion of tourism?

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल:** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्य को अवगत कराना चाहता हूं और शायद उनको जानकारी भी होगी कि यूनेस्को ने कल ही जयपुर को वर्ल्ड हैरीटेज सिटी के तौर पर घोषित किया है। मुझे लगता है कि जब हम यह प्रश्न पूछते हैं तो हम को यह तय करना होता है कि पिछले पांच वर्षों में मोदी जी के नेतृत्व में जब सर्किट की कल्पना की गई तो मैं मानता हूं कि उससे अच्छा माध्यम नहीं हो सकता है। क्योंकि उसमें जो बात कही गई है कि राज्य केन्द्र के साथ मिलकर अपनी रिक्तता को पूरा करने का काम करेंगे। जिन स्थानों की बात कही है, जो मैंने स्थान बताए हैं और इस सर्किट के अलावा जो स्थान चिह्नित किए हैं, आप भी जानते हैं कि उनके लिए राज्यों के प्रतिनिधित्व की जरूरत है। राज्य जब कभी कोई मांग करता है, वह सर्किट से दूर है, उसकी दूरी ज्यादा है तो उसके दूर होने के कारण उस एरिया को हम आइडेण्टिफाई करते हैं कि यह हमारा स्थल है। मुझे लगता है कि सर्किट के बीच में भी वह आ सकता है। अगर राज्य सरकार चाहे तो उस को कनैक्ट करके अपनी सुविधाओं को बढ़ा सकती है। यही प्रसाद योजना का कारण है। हमारी दो योजनाएं हैं, एक प्रसाद योजना है और दूसरी स्वदेश दर्शन योजना है। हमने स्वदेश दर्शन योजना में सर्किट को लिया है। वे जैसी बात स्थलों की कर रहे हैं और प्रसाद योजना में यदि राज्य सरकार ऐसा कोई प्रस्ताव देती है तो हम उसको करते हैं।

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY**: Sir, in the reply, some circuits have been announced which cover Spiritual Circuit, Ramayana Circuit, Krishna Circuit, Buddhist Circuit, Tirthankar Circuit and Sufi Circuit. When I was the Chairman of the Railway Standing Committee, I placed and submitted a Report to the House. It

consists of tourism promotion and pilgrim circuit, where we very broadly discussed this issue in particular. My question is whether the Government intends to induct Jyotirling Circuit, Jain Circuit, Christian circuit, Famous Temple Circuit and Sikh Circuit in the list to establish more religious tourism circuits.

Tourism is connected broadly with the Railway Ministry. If Railways do not extend their support, the tourism proposals cannot be fulfilled. So, my question is, whether the Minister of Tourism can make a coordinate with them and set up a committee to formulate and see that these proposals are implemented quickly. If necessary, I can give the Report to the hon. Minister. He can go through my Report.

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल:** माननीय अध्यक्ष महोदय**,** माननीय सुदीप जी सदन के काफी वरिष्ठ सदस्य हैं और मैं उनका सम्मान भी करता हूं।

उनकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगा, क्योंकि मुझे लगता है कि कहीं न कहीं फिर भी अभाव रह जाता है । हमारे यहां 15 सर्किट हैं । बौद्ध सर्किट, तटीय सर्किट, जो समुद्र के किनारे हैं, डेजर्ट, इको परिपथ, विरासत, हिमालय, कृष्णा परिपथ, व उत्तर पूर्व नार्थ-ईस्ट एक अलग से परिपथ है । एक ग्रामीण परिपथ है, जो बिहार में गांधी जी के चंपारन सत्याग्रह को मिलाकर बना है । इसके अतिरिक्त आध्यात्मिक परिपथ, सूफी परिपथ, तीर्थंकर परिपथ, जनजातीय परिपथ और वन्य जीव परिपथ हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, ये जो 15 सर्किट हैं, जितने भी हमारे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केन्द्र हैं, उनसे अलग हैं। मैंने अपने जवाब में यह बात भी कही थी। ज्योतिर्लिंगों की जो बात वह कर रहे हैं, जो भी हमारे पुरातन या प्राचीन धार्मिक प्रतिष्ठान हैं, जिनकी आयु के बारे में माना जाता है कि वे दुनिया में शीर्ष स्थानों पर हैं, उनके लिए हमने 'प्रसाद योजना' के तहत प्रावधान किया है। लेकिन जब

राज्य सरकार हमसे कहती है, तब हम उसमें मदद करते हैं। जहां तक हमारी विरासतों का सवाल है, जो भारतीय संस्कृति से जुड़ी हुई हैं, उन सबको इसमें शामिल किया गया है।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** रेल के साथ को-ऑर्डिनेशन के बारे में क्या कहेंगे?

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल :** माननीय अध्यक्ष जी, हम रेल और सड़क, दोनों के साथ को-ऑर्डिनेशन करते हैं। जब हम कहते हैं कि बीच के गैप को फुलफिल करना है, तो न केवल रेल मंत्रालय, बल्कि सभी मंत्रालयों जैसे रेल, सड़क परिवहन, विदेश मंत्रालय, और भी जो हमारे विभाग होते हैं, उन सबसे हम को-ऑर्डिनेशन करते हैं और मैं यह बात मानता हूं कि समन्वय जरूरी है।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न 207 माननीय श्री राजीव प्रताप रूडी जी का है। उसको इनकी सहमति से क्लब करें।

**श्री राजीव प्रताप रूडी:** महोदय, मैं इसमें सप्लीमेंट्री नहीं लूंगा, क्योंकि आपने मुझे एक प्रश्न के बाद इसकी अनुमति दी है। यह इको टूरिज्म से संबंधित है। इसकी जो परिभाषा वर्ष 2002 की पॉलिसी में दी हुई है, वह संदर्भित है कि – 'Interface between Tourism and Nature.' फिर से उसे हिंदी में दोहराता हूं- 'पर्यटन और पर्यावरण के बीच में'। महोदय, इस प्रश्न में आपने जो उत्तर दिया है, मुझे लगता है कि बिहार के लोगों के लिए इको टूरिज्म नहीं है, क्योंकि मैंने जो प्रश्न किया था कि पूरे बिहार में पर्यटन के दृष्टिकोण से इको टूरिज्म में आपके पास प्रस्ताव है कि नहीं?, तो पूरे पत्र का आपने उत्तर तो दिया है, लेकिन बिहार में पर्यटन के नाम पर एक भी इको टूरिज्म नहीं है। इसे आपने संचिका में स्वयं देखा होगा।

महोदय, दुनिया भर में प्रसिद्ध डॉल्फिन, जिसे हम बिहार में 'सोस' कहते हैं। यह गंडक, घाघरा और गंगा में पाई जाती है। भारत में एक ही जिला सारण है, जो गंडक, घाघरा और गंगा के बीच में स्थित है। यह चिल्का झील में भी पाई जाती है। डॉल्फिन्स की संख्या 1500 है, जिसे देखने हम आर्मेनिया जाते हैं, बहरीन जाते हैं, जॉर्जिया जाते हैं, इंडोनेशिया जाते हैं, इज़रायल जाते हैं।

Dolphins are endangered species और वहां पर इसी कोने में गज-ग्राह है, गंडक है, घाघरा है। मुझे यह समझ नहीं आता है कि जब मैंने पहली बार मंत्री जी से प्रश्न किया था, तो उन्होंने कहा था कि सर्किट बनाना जरूरी है। तब तो मुझे पता ही नहीं था कि इको टूरिज्म के लिए भी भारत में पैसा जाता है। आज मैंने प्रश्न के उत्तर में देखा कि भारत में अभी तक लगभग 500 करोड़ रुपये आठ राज्यों में गए हैं और मैं निरंतर सरकार से संवाद कायम करता रहा हूं कि इको टूरिज्म या जो भी परिभाषा आप देना चाहें, बिहार में इको टूरिज्म के नाम पर आज तक एक भी रुपया नहीं गया है। यह कोई आरोप नहीं है।

महोदय, मैंने इसका केवल उदाहरण दिया है। डॉल्फिन जो एंडेंजर्ड स्पीशीज़ है, उसी कोने में पाई जाती है, वह भी टूरिज्म केन्द्र है। सोनपुर मेला भारत का सबसे बड़ा पशु मेला माना जाता था। माननीय मंत्री जी ने 1 तारीख को इसी सदन में उत्तर दिया था, जिसे मैं दिखवा लूंगा। मैं इस प्रकार की संचिकाओं को लेकर पूरे भारत में पिछले तीन सालों से घूम रहा हूं, लेकिन मुझे समझ में नहीं आता है कि भारत सरकार के किस कार्यालय में जाकर ये संचिकाएं विलीन हो जाती हैं? 9 मार्च, 2018 को इसी प्रस्ताव को मैंने भारत सरकार को दिया था। जब भी मैं सरकार के मंत्रियों के अधिकारियों के पास जाता हूं तो हमेशा एक नया पन्ना खोलकर नया कानून बता देते हैं कि बिहार सरकार का यह प्रस्ताव भारत सरकार में लंबित है। इसका जो नाम बदलना हो, आप बदल दें। मैं इसे पटल पर रखना चाहूंगा। इसको आप इको टूरिज्म कर दें, रिलीजियस टूरिज्म कर दें या चाहे जो टूरिज्म कर दें, लेकिन बिहार के खाते में जो भी पैसा टूरिज्म के नाम पर जाना हो, वह जाना चाहिए। यदि एक मद इको टूरिज्म है, तो महोदय, मेरा आपसे आग्रह है कि सारण में होने वाला सोनपुर मेला, जहां इको टूरिज्म के दृष्टिकोण से दुनिया के सबसे ज्यादा इको फ्रेंडली पर्यटक जाते हैं, को आपके माध्यम से मद प्रदान किये जाने संबंधी प्रस्ताव पर अनुमोदन हेतु विचार करना चाहें।

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल :** माननीय अध्यक्ष जी**,** श्री राजीव प्रताप रूडी बहुत वरिष्ठ सांसद हैं और मेरे मित्र भी हैं। उनके बहुत सारे पत्र मेरे पास हैं। मैं उन पत्रों की संख्या भी इनको बता सकता हूं। जो पत्र

आपने लिखे थे, वे हमारे मंत्रालय से संबंधित नहीं थे। उन पत्रों को हमने संबंधित मंत्रालयों को भेज दिया है। इसमें कोई भ्रम नहीं होना चाहिए।

दूसरी बात आपने कही कि इको टूरिज्म को लेकर बिहार का कोई प्रस्ताव है। एक सामान्य पत्र आया था, न डीपीआर आयी है और न वहां से कोई प्रस्ताव आया है। मुझे लगता है कि पिछली बार भी मैंने आपसे यह बात कही थी कि जो इको टूरिज्म के काम चल रहे हैं, जिसका आप उल्लेख कर रहे हैं, उसमें उत्तराखण्ड, तेलंगाना और केरल है। ऐसा नहीं है कि यह तत्काल ही शुरू हुआ है, यह वर्ष 2015-16 से शुरू है। वर्ष 2015-16 में पहली बार उत्तराखण्ड को दिया गया था, तेलंगाना को दिया गया है, केरल को दिया गया है। मैं आपको अमाउंट भी बता सकता हूं, स्थान बता सकता हूं। …(व्यवधान) बिहार से सामान्य पत्र आया था, उसके जवाब में मैंने आपसे कहा है …(व्यवधान)

**श्री राजीव प्रताप रूडी:** प्रश्न का उत्तर न देकर के बाकी विषय के बारे में दिया गया है …(व्यवधान)

**श्री जी. किशन रेड्डी:** माननीय अध्यक्ष जी, मैं धन्यवाद देना चाहता हूं कि माननीय सदस्य एनआईए को और मजबूत करना चाहते हैं। हम भी वही चाहते हैं, देश भी वही चाहता है और जनता भी यही चाहती है। हमारी सरकार एनआईए एक्ट को मजबूत करना चाहती है, आपके आदेश पर इस पर जब भी चर्चा होगी, मैं इस चर्चा का पूरा जवाब दूंगा। आपने दो-तीन विषय उठाए हैं- Appointment of Judges of Special Court will be done by Chief Justice of High Court concerned as is being done now. …(*Interruptions*) प्रॉसेस सिम्पलीफाई किया है। अगर एनआईए के जज ने रिजाइन किया है या दूसरी जगह ट्रांसफर हो गया है और दूसरे जज को आने में बहुत समय लग रहा है तो एनआईए स्पेशल कोर्ट का मतलब ही सही नहीं होगा क्योंकि जो दोषी हैं, टैररिस्ट हैं, उनको जल्दी से जल्दी पनिशमेंट मिलनी चाहिए, उनको कठघरे के पीछे खड़ा करना चाहिए। इसमें यह हो रहा है कि अगर जज की ट्रांसफर हो जाती है, नए जज जाते हैं, नोटिफिकेशन देना पड़ता है, नोटिफिकेशन के बाद एपाइंटमेंट होती है। इसमें दो-तीन महीने का समय चला जाता है, इसे रोकने के लिए चेंजिस किए हैं। इसमें दूसरा कुछ भी नहीं है। मैं आपसे अनुरोध करता हूं, इसमें प्रॉसेस सिम्पलीफाई किया है। जज तो जज ही होता है, जज की एपाइंटमेंट हाई कोर्ट के द्वारा ही होती है। सरकार एपाइंटमेंट नहीं करती है, हाई कोर्ट ही एपाइंटमेंट करती है।

Secondly, amendment of Section 3 (2) will enable NIA to investigate terror offences abroad against Indian citizens and property. This does not adversely impact the democratic federal structure of the country. इसमें लिखा है, किसी डैमोक्रेटिक फैडरर को कोई प्रॉब्लम नहीं है। दुनिया में जहां भी हमारी प्रापर्टी है, एम्बेसियां हैं, एनआरएस की रक्षा

करने के लिए सरकार तैयार है, सिर्फ भारत में नहीं, दुनिया में जहां भी भारत के वासी हैं, अगर उनके ऊपर टैररिस्ट अटैक होगा, हम जाएंगे, इन्वेस्टिगेशन करेंगे । हम एनआईए को शक्तिशाली बनाना चाहते हैं, इसलिए आप इसका समर्थन कीजिए।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

"कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण अधिनियम, 2008 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

**SHRI G. KISHAN REDDY:** I introduce the Bill.

**12.43 hrs**

## (iv) Protection of Human Rights (Amendment) Bill, 2019*

**THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI G. KISHAN REDDY):** On behalf of Shri Amit Shah, I beg to move for leave to introduce a Bill further to amend the Protection of Human Rights Act, 1993.

**माननीय अध्यक्ष:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापति करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, the dilution of and the assault on democratic institutions in our country have been continuing unabated much to the detriment of the nation. From RBI to CBI, all the democratic institutions have been either diluted or undermined. Now the turn has come for the National Human Rights Commission.

Under the parent Act, the Chairperson of the National Human Rights Commission is a person who has been a Chief Justice of the Supreme Court. The Bill amends this to provide that a person who has been a Chief Justice of India or a Judge of the Supreme Court will be the Chairperson of NHRC.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 2 dated 8.7.2019.

That means it is apparently a dilution of the parent Act, which will certainly degrade and reduce the gravity, the status of the National Human Rights Commission. That is why, I am opposing the introduction of the Bill.

Also, I draw the attention of the Ministry as well as the House, through you, Sir, that the Bill should enable significant expansion of the number of members at the National and State Human Rights Commissions and ensure adequate representation of members, including on the basis of gender, caste and indigenous status. We can improve upon the existing framework and could move towards complying with the international standards by instituting a more transparent and inclusive selection process, one that includes civil society members, human rights activists and other such persons who may have expertise at the ground level.

My third and the last point is that scarcity of resources or misappropriation of resources plagues the functioning of many State Human Rights Commissions. The amendment Bill does not take any cognizance of the insufficiently staffed and under-funded Human Rights Commission at the State level. Requisite financial and other clauses in the principal Act can be amended to address this problem. Human Rights Commission is a democratic institution of our country. To ensure justice, liberty and freedom of the people of our country, we need to bolster this democratic institution. So, we would not allow any kind of dilution of this institution. That is why, I am opposing the introduction of this Bill.

**माननीय अध्यक्ष:** जो विषय एक माननीय सदस्य ने रख दिया, यह आवश्यक नहीं है कि उसी विषय को दूसरे माननीय सदस्य रखें।

…(व्यवधान)

**DR. SHASHI THAROOR(THIRUVANANTHAPURAM)** : No, Sir. My points are different. I have three points.

**माननीय अध्यक्ष:** प्लीज एक मिनट । माननीय सदस्य, जो विषय एक माननीय सदस्य ने रखा है, मेरा आप लोगों से निवेदन है कि हम सब कोशिश करें कि उसका रिपिटिशन न करें।

…(व्यवधान)

**डॉ. शशि थरूर :** जी बिल्कुल, मैं तो अलग ही बोल रहा हूं। It is because the Government says it is bringing this Bill to satisfy the standards of the Paris Principle. I happen to know something about the Paris Principle. The most essential feature of the Paris Principle is having an autonomous and independent Human Rights Commission. None other than the Supreme Court of our country has declared that the National Human Rights Commission is a toothless tiger because the Government has been ignoring its recommendations and directives. The Commission itself had acknowledged and requested the Government to vest it with additional powers of contempt to punish civil servants who do not follow its orders, especially with regard to the timely submission of reports. The Bill has completely ignored this.

My second objection is that the National Human Rights Commission itself has said that the statutory bar on taking up human rights violations beyond one year since the date of an incident has to be revised. That was their appeal. Now, the Government should have consulted their own Human Rights Commission while they are claiming to strengthen it. They seem to have not taken this basic requirement on board.

And, my third point is that the National and State Commissions have been plagued by positions which are left vacant for an unreasonable period of time. The Bill does not even mention the need for time-bound appointments. …(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्य, आप बैठे-बैठै मत बोलिए।

…(व्यवधान)

**DR. SHASHI THAROOR**: How does it strengthen the NHRC? They can give us a better Bill. We will support it but this Bill needs to be taken back and revised. Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** मैं फिर माननीय सदस्यों से आग्रह करता हूं। कितने भी वरिष्ठ माननीय सदस्य हों, जब कोई माननीय सदस्य बोल रहा हो तो मुझे किसी को टोकना अच्छा नहीं लगता है। कृपया आप बैठे-बैठे अपने वक्तव्य जारी न करें।

**श्री जी. किशन रेड्डी:** अध्यक्ष जी, जो सवाल ऑपोजिशन में सदस्य ने उठाए हैं, ऑपोजिशन पार्टी सिर्फ ऑपोजिशन करने के लिए नहीं होती है, उन्हें कंस्ट्रक्टिव सजेशन भी देना चाहिए। …(व्यवधान) मेरे बोलने के बाद आप बोल लीजिएगा। आप बोल रहे थे तो मैंने कुछ नहीं बोला। …(व्यवधान) The Protection of Human Rights Act, 1993 itself is based on the Paris Principle. पेरिस प्रिंसिपल्स के आधार पर ही हम इस अमेन्डमेन्ट को लाए हैं। वूमेन के राइट्स खत्म होंगे, ऐसा नहीं होगा, अब आप सुनिए, the proposed amendments, especially increasing the representation of civil societies and women, will bring greater conformity with the Paris Principle. पेरिस प्रिंसिपल्स में बताया गया है कि सिविल सोसाएटी को किसमें जोड़ना चाहिए, महिलाओं की रक्षा करने के लिए उन्हें ह्यूमन राइट्स से जोड़ना चाहिए। It is because 50 per cent population in India is women. महिलाओं को जोड़ने के लिए अमेंडमेंट ला रहे हैं। इसलिए मैं आप लोगों से अनुरोध करना चाहता हूं।

In regard to staffing, appointments or administrative matters, the Secretary General, NHRC is being delegated with full powers, both administrative and financial powers, to enable him to make the required appointment.

Sir, another thing is that they have talked about Supreme Court judges. A Supreme Court judge has the same status as that of a Chief Justice. उनमें जो सीनियर होता है उसे चीफ जस्टिस ऑफ सुप्रीम कोर्ट बोलते हैं। लेकिन हमें उसमें नहीं पड़ना चाहिए। But a judge is a judge. The Supreme Court judge and the Chief Justice are same. चीफ जस्टिस एक ही होता है। मगर सीनियोरिटी सुप्रीम कोर्ट की कार्यवाही के लिए जरूरी है। आप लोगों को इसे समझना चाहिए। It is important that the post of Chairman does not remain vacant. हमें समझना चाहिए कि जो सुप्रीम कोर्ट का चीफ जस्टिस है, अगर वह आना नहीं चाहता या

उसका इंटरेस्ट नहीं है, उसके कारण से ह्यूमन राइट्स की सीट महीनों तक खाली पड़ी रहती है । इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं । Therefore, we have mentioned 'or' in the Bill – the Chief Justice or the Supreme Court judge. Similarly, in the case of States, it will be Chief Justice or the High Court judge. क्योंकि अगर चीफ जस्टिस नहीं मिले, चीफ जस्टिस की इच्छा नहीं है, चेयर मैन की पोस्ट लेने को तैयार नहीं हैं …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, मैंने आपको बोलने का मौका दे दिया था।

…(व्यवधान)

**श्री जी.किशन रेड्डी:** अध्यक्ष जी, चीफ जस्टिस को नहीं रखने के लिए नहीं, आप हमारे बिल में पढिए । आप बुद्धिजीवी हैं । हम चीफ जस्टिस आर जस्टिर ऑफ सुप्रीम कोर्ट लेकर आए हैं । मैं अनुरोध करना चाहता हूँ कि आप डिसकशन में पांइट उठाइए। मैं अपनी सरकार की तरफ से बता रहा हूं आप कंस्ट्रक्टिव सुझाव दीजिए। हम उसे लेने के लिए तैयार हैं। हमारी सरकार सबके साथ है। These amendments are in line with the motto of this Government, which is set by the hon. Prime Minister – *Sabka Saath, Sabka Vikas Aur Sabka Vishwas.*

**माननीय अध्यक्ष**: माननीय सदस्य, मैं फिर आग्रह कर दूं । आप सभी ने सहमति दी थी कि कोई माननीय सदस्य बैठे-बैठे नहीं बोलेगा। अब कोई माननीय सदस्य बीच में नहीं टोकेंगे। आप सभी ने सहमति से व्यवस्था दी है,चाहे सत्ता पक्ष हो या प्रतिपक्ष हो, सदन सभी की सहमति से चलता है। सदन सबका है, तो मैं आग्रह करूंगा कि सदन इसी व्यवस्था से चले।

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

"कि मानव अधिकार सरंक्षण अधिनियम, 1993 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**SHRI G. KISHAN REDDY:** Sir, I introduce* the Bill.

---

* Introduced with the recommendation of the President.

**12.50 hrs**

## (v) Consumer Protection Bill, 2019*

**उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री (श्री रामविलास पासवान) :** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करने के लिए और उक्त प्रयोजन के लिए उपभोक्ता विवादों के समय से और प्रभावी प्रशासन तथा परिनिर्धारण के लिए प्राधिकरणों की स्थापना करने और उससे संबद्ध या आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

> "कि उपभोक्ताओं के हितों का संरक्षण करने के लिए और उक्त प्रयोजन के लिए उपभोक्ता विवादों के समय से और प्रभावी प्रशासन तथा परिनिर्धारण के लिए प्राधिकरणों की स्थापना करने और उससे संबद्ध या आनुषंगिक विषयों के लिए उपबंध करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**श्री रामविलास पासवान:** मैं विधेयक को पुरःस्थापित** करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 2, dated 8.7.2019

** Introduced with the recommendation of the President.

**12.52 hrs**

## (vi) Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Amendment Bill , 2019*

**THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF HOUSING AND URBAN AFFAIRS, MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF CIVIL AVIATION AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMERCE AND INDUSTRY (SHRI HARDEEP SINGH PURI):** Sir, I rise to move for leave to introduce a Bill further to amend the Public Premises (Eviction of Unauthorized Occupants) Act, 1971.

**माननीय अध्यक्ष :** प्रश्न यह है :

> "कि सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) अधिनियम, 1971 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति प्रदान की जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**SHRI HARDEEP SINGH PURI:** Sir, I introduce the Bill.

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 2, dated 8.7.2019.

**12.55 hrs**

## (vii) Jallianwala Bagh National Memorial (Amendment) Bill, 2019*

**संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री प्रह्लाद सिंह पटेल):** अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक अधिनियम, 1951 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर:स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

> "कि जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक अधिनियम, 1951 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

डॉक्टर साहब, क्या आप इस विषय पर बोलना चाहते हैं?

**डॉ. शशि थरूर (तिरूवनन्तपुरम):** सर, मैं इस विषय पर बोलना चाहता हूं।

On this issue, my Party had also opposed the Bill when it was brought in the last Lok Sabha. The problem is that there are two substantive grounds for not introducing the Bill without change. The first is that the Bill removes the President of the Indian National Congress from the Jallianwala Bagh National Memorial Trust. So, this makes it an arbitrary action because the very reason why this Bill was moved in the august House by Dr. Ambedkar in 1951 was to make the Congress President an *ex officio* trustee because of the intimate connection between the history of the Congress and the history of the Trust. Without the

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 2, dated 8.7.2019.

Congress Party, there would be no Jallianwala Bagh Memorial. The British would try and convert it into a bazar. We are the ones who raised the money, built the memorial and the fact is, therefore, that it is a denial of the heritage of the country of the Freedom Struggle and therefore, it must be stopped.

Secondly, there is also a technical objection to the Bill in its present form which is that it empowers the Central Government to remove nominated trustees before the completion of their terms without assigning any reason. This is another arbitrary act. This power can easily be used to remove trustees who do not agree with the Government's views or the ruling party's views. The Government should not fear accountability. This is a national heritage. We have no objection if their nominees are there; they should not object if the President of the Congress Party is there. The point is that this is the national Freedom Struggle that we are commemorating in this historic site. Please, in this centenary year, do not betray our history and our heritage.

Thank you.

**माननीय अध्यक्ष:** माननीय सदस्यगण, आप अपने दल के नए सदस्य को बताएं कि जब नया विधेयक पेश हो रहा हो और अगर उनको कुछ कहना है तो नोटिस दिया करें, हाथ खड़ा नहीं करें।

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल:** अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने भी कहा है कि 28 दिसम्बर, 2018 को यह विधेयक लोक सभा में प्रस्तुत हुआ था और 23 फरवरी, 2019 को विचार के बाद इस सदन ने इसे पारित किया था। राज्य सभा में चूंकि समय कम था और वहां यह विधेयक पारित नहीं हो सका,

इसलिए आज इसे फिर यहां लेकर आए हैं। माननीय सदस्य ने जो बात कही है, जब चर्चा होगी, मैं उसका जवाब भी दे सकता हूं। हम जब यह दावा करते हैं तो आप जो गंभीरता की बात करते हैं कि आपका स्मारक है, यह सबको पता है, इस देश को पता है, क्योंकि इस एक्ट के तहत जवाहर लाल नेहरू, सैफुद्दीन किचलू,मौलाना अब्दुल कलाम जैसे महान लोग नामजर रहे हैं, लेकिन आप जरा उसे एक बार पलट कर देखिए। आज का दिन बहस का नहीं है, आज तो इंट्रोडक्शन का दिन है, लेकिन उनके नहीं रहने के बाद, आपने उनके नहीं रहने के बाद चालीस-पचास सालों तक उनके नाम की जगह किसी दूसरे को नहीं रख सके तो मुझे लगता है कि फिर ऐसी बातें नहीं करनी चाहिए। यह सब कुछ रिकॉर्ड में है। इसलिए मैं आपसे यही निवेदन करूंगा कि हम इसे बहस के लिए लेकर आएं, उसके बाद आप जो कहेंगे, मैं उसका जवाब दूंगा।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

> "कि जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक अधिनियम, 1951 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

<u>प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।</u>

**श्री प्रह्लाद सिंह पटेल:** अध्यक्ष जी, मैं विधेयक पुर:स्थापित करता हूं।

---

**12.57 hrs**

## (viii) Central Universities (Amendment) Bill , 2019*

**मानव संसाधन विकास मंत्री (डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक):** अध्यक्ष महोदय**,** मैं प्रस्ताव करता हूं कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुर**:**स्थापित करने की अनुमति दी जाए।

**माननीय अध्यक्ष:** प्रश्न यह है:

> "कि केन्द्रीय विश्वविद्यालय अधिनियम, 2009 का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक :** अध्यक्ष महोदय**,** मैं विधेयक पुर**:**स्थापित** करता हूं।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section 2, dated 8.7.2019

** Introduced with the recommendation of the President.

**12.58 hrs**

## SUBMISSION BY MEMBER

### Re: Allegedly engineering defection detrimental to the health of Parliamentary democracy

**माननीय अध्यक्ष :** अब शून्य काल -- श्री अधीर रंजन चौधरी ।

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** Sir, I would like to flag the attention of the Chair and also the attention of the august House to a long cherished dream of the people of our country, who were subjugated by the imperialist regime of Britishers, which had culminated in the attainment of freedom, of course, at the cost of innumerable lives lost, trials and tribulations etc.

Sir, after the attainment of freedom, we have framed our Constitution by sifting through all other available constitutions across the globe, under the leadership of Baba Saheb Ambedkar.

**13.00 hrs**

Sir, in order to perpetuate the freedom of our country, we also exhausted all our endeavours to bolster and to consolidate the democratic institutions and preferred parliamentary democracy. But now, that very parliamentary democracy has been the victim of conspiracy and other undermining activities.

हम आज देख रहे हैं कि मध्यप्रदेश, कर्नाटक, जहां हमारी सरकारें हैं, सरकार को तोड़ने के लिए, दल-बदलू की हरकत की जा रही है। दल-बदलू को अंजाम देने के लिए, यह सरकार गुप्त तरीके से साजिश रच रही है।…(व्यवधान) इनको पसंद नहीं है कि विपक्ष की कोई सरकार कहीं पर रहे। सर, यह सबसे बड़ा चिंता का विषय है। यह कहेंगे कि तुम्हारा एमएलए न रहे तो मैं क्या करूं। ये हमारी पार्टी के एमएलएज को मुंबई ले गए और आलीशान होटल में रखा है।…(व्यवधान) इनके पार्टी के एमपी की चार्टर्ड फ्लाइट में सभी एमएलएज को ले जाया जाता है।…(व्यवधान) सर बड़े अचरज की बात है कि जो दल-बदलू एमएलए, जिस दिन कर्नाटक के राज्यपाल साहब के पास गए, राज्यपाल के दफ्तर से निकलते ही, उनके लिए गाड़ी, प्लेन और होटल तैयार है। इससे यह साबित होता है कि इसके पीछे प्रीडिटरमाइन्ड वेल कलकुलेटेड एक डिजाइन है।…(व्यवधान) ये कहेंगे कि अगर तुम्हारा एमएलए न रहे तो मैं क्या करूं, सही बात है।…(व्यवधान)

मिसाल के तौर पर मैं सभी से कह रहा हूं कि मान लीजिए कि मेरे घर 10 चांदी के सिक्के हैं और 10 सोने के सिक्के हैं।…(व्यवधान) मेरा रख-रखाव कुछ नहीं है। मेरा पहरेदार नहीं है। इसलिए उसका रख-रखाव ठीक से नहीं हो पाता है। इसका मतलब यह नहीं है कि चोर आएगा और वह चांदी और सोने के सिक्के ले कर चला जाएगा।…(व्यवधान) क्या यह वाजिब है कि हम अपने घर में कुछ रख दें और चोर लूट कर ले जाए।…(व्यवधान) क्या यह वाजिब होगा? यह सरकार कहती है कि हम लोकतंत्र को मानते हैं, लेकिन ये लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रहे हैं। …(व्यवधान) *आपके … ** उन्हें फ्लाइट से उड़ा कर ले जा रहे हैं।…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** टी. आर. बालू जी।

…(व्यवधान)

* Not recorded.

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** वजह क्या है, यह सभी जानते हैं।...(व्यवधान) आप कहते हैं कि हम 303 लोक सभा सीटें जीत चुके हैं, लेकिन आपका पेट नहीं भरा है।...(व्यवधान) *... **

**माननीय अध्यक्ष :** टी. आर. बालू जी की बात रिकॉर्ड में जाएगी।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** टी. आर. बालू जी, एक मिनट रुकिए।

**संसदीय कार्य मंत्री; कोयला मंत्री तथा खान मंत्री (श्री प्रहलाद जोशी):** अध्यक्ष महोदय, मेरा यह रिक्वेस्ट है कि उन्होंने जो विषय उठाया है।

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय राजनाथ सिंह जी।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, यह सदन के उपनेता हैं।

माननीय रक्षा मंत्री जी।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी सरकार भंग नहीं की है।

**रक्षा मंत्री (श्री राजनाथ सिंह):** अध्यक्ष महोदय, कर्नाटक में इस समय जो कुछ भी हो रहा है, उससे हमारी पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। आज तक हमारी पार्टी का इतिहास रहा है कि किसी दूसरी राजनीतिक पार्टी के संसद सदस्य अथवा विधायक के ऊपर प्रेशर बिल्ड-अप करके अथवा उसको

---

* Not recorded.

किसी प्रकार का प्रलोभन दे कर, दल-बदल कराने की हम लोगों ने कोशिश नहीं की है।…(व्यवधान) हम लोगों ने यह इसलिए नहीं की है कि संसदीय लोकतंत्र की गरिमा, पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी की गरिमा को बनाए रखने के प्रति, हम लोग पूरी तरह से कमिटेड हैं।

जो भी प्रश्न नेता कांग्रेस और टीएमसी के नेताओं द्वारा उठाया गया, उसके लिए मैं कहना चाहता हूं कि त्याग-पत्र दिलाने का सिलसिला हम लोगों ने प्रारम्भ नहीं किया है। कांग्रेस में राहुल गांधी जी ने ही त्याग-पत्र देने का सिलसिला प्रारम्भ किया। उन्होंने स्वयं अपने लोगों को त्याग-पत्र देने के लिए कहा है। आपने देखा कि एक से एक दिग्गज नेता त्याग-पत्र देने का काम कर रहे हैं और त्याग-पत्र देने का सिलसिला लगातार चल रहा है। यह बात हमारी समझ में नहीं आ रही है कि भारतीय जनता पार्टी का इससे क्या लेना-देना है।…(व्यवधान)

---

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य, आप प्लीज बैठ जाएं।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपकी पार्टी के माननीय सदस्य बोल चुके हैं। बोलने के साथ सुनने का भी माद्दा रखिए।

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU (SRIPERUMBUDUR) :** …(*Interruptions*) This is unbearable.…(*Interruptions*) not only for me but also for my leader, Shri Stalin.…(*Interruptions*) eight girl students have committed suicide because of the NEET examination. The NEET examination is being conducted on Central Board syllabus.…(*Interruptions*). But students of Tamil Nadu are the people who have passed the State Board examinations. …(*Interruptions*).

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्य बोल रहे हैं, उन्हें बोलने दीजिए।

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU :** Sir, their aspiration is to get the seats in medical courses. …(*Interruptions*). They have failed in getting the seats in medical examination. …(*Interruptions*). Sir, eight girl students have committed suicide …(*Interruptions*).

Sir, the Tamil Nadu Legislature passed two bills in 2017 …(*Interruptions*). They have been sent to the Governor on 1.2.2017. …(*Interruptions*) The Governor has sent them to the Government of India on

18.2.2017…(*Interruptions*)**.** For the past 27 months, the Government of India has kept them in cold storage. …(*Interruptions*) Day before yesterday, it was told to the court that they have been rejected. …(*Interruptions*). Sir, how can it be so? …(*Interruptions*) Are we in a state of democracy? …(*Interruptions*) Are we ruled by the Central Government? …(*Interruptions*). The State Government is there. The State Government has unanimously passed the two Bills. They have been sent to the Central Government. We do not know why the Central Government has kept them in cold storage for the last 27 months. …(*Interruptions*) How can they reject it? …(*Interruptions*) I want to have a reply from the Government whether they are going to consider positively or not.…(*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** Please sit down**.** माननीय सदस्य**,** आपने अपनी बात रख दी है।

सुदीप जी**,** आप बोलिए।

…(व्यवधान)

**SHRI T. R. BAALU** : There should be a reply from the Government. If the Government is not replying, we are walking out.

**13.09 hrs**

*At this stage, Shri T.R. Baalu and some other hon. Members left the House.*

**SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR):** Sir, I want to draw your attention that 42 public sector undertakings of the country are going to be disinvested. It is a very serious matter. These 42 public sector undertakings include, Air India, BSNL, Chittaranjan Locomotive Works and other important institutions. ….(*Interruptions*). We strongly oppose the steps taken by the Government. ….(*Interruptions*).

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** सभा की कार्यवाही दो बजे तक भोजनावकाश के लिए स्थगित की जाती है।

**13.10 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned for lunch till Fourteen of the Clock.*

______________

**14.02 hrs**

*The Lok Sabha reassembled after lunch at Two Minutes past Fourteen of the Clock.*

(Hon. Speaker in the Chair)

## MATTERS UNDER RULE 377*

**माननीय अध्यक्ष :** माननीय सदस्यगण, नियम 377 के अधीन मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा। जिन सदस्यों को नियम 377 के अधीन मामलों को आज उठाने की अनुमति दी गई है और जो उन्हें सभा पटल पर रखने के इच्छुक हैं, वे 20 मिनट के भीतर मामले का पाठ व्यक्तिगत रूप से सभा पटल पर भेज दें। केवल उन्हीं मामलों को सभा पटल पर रखा जाएगा, जिनके लिए मामले का पाठ निर्धारित समय के भीतर सभा पटल पर प्राप्त हो गया है। शेष को व्यपगत माना जाएगा।

* Treated as laid on the Table.

## (i) Need to construct ROB in Aurangabad Parliamentary Constituency, Bihar

**श्री सुशील कुमार सिंह (औरंगाबाद):** मेरा संसदीय क्षेत्र औरंगाबाद (बिहार) प्रांत का ग्रामीण और पिछड़ा इलाका है। मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्व मध्य रेलवे के मुगलसराय मंडल अधीन गुरारू एवं परैया के बीच इंगलिशपर गुमटी, गया एफ.सी.आई गोदाम के पास एफ.सी.आई गुमटी, रफीगंज में मई गुमटी तथा फेसर पचरूखिया रोड़ में फंसर से आधे किलोमीटर पूर्व में रोड़ ओवर ब्रिज (आर ओ बी) के निर्माण की मांग सालों से की जा रही है। इन चारों स्थानों पर आर.ओ.बी. के निर्माण से लगभग 50 गांवों के निवासी लाभान्वित होंगे।

उक्त चारों स्थानों पर आर.ओ.बी. के निर्माण से जहां दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा वहीं यातायात व्यवस्था निर्बाध तरीके से चल सकेगी और लोगों का समय भी बचेगा।

मैंने पूर्व में भी रेल मंत्री जी को पत्र लिखकर एवं व्यक्तिगत रूप से मिलकर भी इन स्थानों पर आर.ओ.बी. के निर्माण का आग्रह किया था। ग्रैंड कार्ड सेक्सन (मुगलसराय-आसनसोल) के बीच सवारी एवं मालगाड़ियों के अत्यधिक प्रचालन के कारण रेलवे फाटक बहुत बार और ज्यादा देर तक बंद रहता है, जिससे यातायात बाधित (ट्रैफिक जाम) होता है, विशेषकर शादी-ब्याह, परीक्षाओं एवं विभिन्न त्यौहारों के अवसर पर।

मेरी सरकार से मांग है कि उपर्युक्त चारों स्थानों पर आर.ओ.बी. का निर्माण कराया जाये, जिससे ग्रामीण जन-जीवन लाभान्वित हो सके।

## (ii) Regarding widening of N.H. 104 in Sheohar Parliamentary Constituency, Bihar

**श्रीमती रमा देवी (शिवहर):** मैं अपने संसदीय क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन एन. एच.-1 04 (लॉट-1) की ओर ध्यान आकृष्ट कराना चाहती हूँ। उक्त एन.एच. का 40वां किलोमीटर से 79.40 0वां किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण कार्य विगत तीन वर्षों से अधूरा रहने के कारण यातायात पर इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है तथा इस पर आये दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएँ होती रहती हैं। विशेषकर वर्षा के दिनों में तो यहाँ से आवागमन प्रायः ठप्प ही हो जाता है। सड़क पर मिट्टी होने की वजह से सड़क किनारे रहने वाले लोग सांस की बीमारी से ग्रसित हो रहे हैं जिससे लोगों में काफी निराशा एवं रोष व्याप्त है। ज्ञात हो कि उक्त सड़क का चौड़ीकरण कार्य अधूरा रहने के कारण सरकारी राजस्व की क्षति हो रही है। साथ ही इस मार्ग के आस-पास के क्षेत्र का विकास कार्य भी अवरूद्ध है।

अतः सरकार से अनुरोध होगा कि उपरोक्त विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए मेरे संसदीय क्षेत्रान्तर्गत निर्माणाधीन एन.एच.-104 (लॉट-1 सड़क) 40वां किमी0 शिवहर से 79.40 0वां किमी0 सीतामढ़ी तक में हो रहे कठिनाइयों को दूर करते। हुए शीघ्र कार्य प्रारंभ कराने की कृपा की जाये जिससे कि लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सके।

## (iii) Need to revise the DoPT notification to induct the candidates into IAS from the vacancies in KPSC

**SHRI TEJASVI SURYA (BANGALORE SOUTH):** I wish to draw the attention of the Government towards the DoPT notification of February 23, 2018, announcing a List of selected Candidates who would be brought into the IAS from the KPSC from the vacancies in 2015.

The notification was provisional, subject to the outcome of a few Court cases, which were based on investigation into the procedural irregularities observed while drafting the list of Selected Candidates.

The Supreme Court upheld the order of the Karnataka High Court and dismissed the petition on February 27, 2019. Hence, the DoPT has subsequently revised its notification as a few people from the Selected List, allegedly used unfair means, to include their names in the list.

Almost five months have elapsed since the SC order, but the DoPT notification has not been revised yet. I urge the Government to revise it.

## (iv) Need to construct over bridge or underpass near Barabanki Railway station in Uttar Pradesh

**श्री उपेन्द्र सिंह रावत (बाराबंकी):** मेरे संसदीय क्षेत्र बाराबंकी के अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास बंकी शहर की ओर जाने वाले मार्ग पर ओवर ब्रिज अथवा अंडरपास बनाये जाने की अत्यधिक आवश्यकता है। क्योंकि बाराबंकी रेलवे स्टेशन से बंकी शहर की ओर मात्र 150 मीटर की दूरी पर जो रेलवे का फाटक लगा हुआ है, वह ट्रेनों के आवागमन की वजह से अधिकतर समय बंद रहने के कारण यहां से गुजरने वाले हर वर्ग के व्यापारी, स्कूली बच्चे, नौकरी-पेशा, गांवों के किसान/निवासी इत्यादि सभी का समय इंतजार में ही निकल जाता है। रेलवे फाटक बंद रहने के कारण कई लोग जल्दी में फाटक कास करते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना रहती है।

अतः इस संबंध में मेरा माननीय रेल मंत्री जी से आग्रह है कि लोगों की सुरक्षा और कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए मेरी मांग है कि जनता की सुविधा के लिए इस रेलवे फाटक के पास ओवर ब्रिज अथवा अंडरपास बनवाये जाने का कार्य किया जाये।

## (v) Need to run Train Nos. 22165/66 (Singrauli-Bhopal Express) and 22167/68 (Singrauli-Nizamuddin Express) on daily basis

**श्रीमती रीती पाठक (सीधी):** मैं अपने संसदीय क्षेत्र के सिंगरौली जिले में केन्द्र सरकार द्वारा 12 अगस्त, 2017 को प्रदान की गई दो ट्रेनों की सौगात के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहती हूं कि ट्रेन संख्या 22165/66 (सिंगरौली-भोपाल एक्सप्रेस), जो सप्ताह में दो दिन और ट्रेन संख्या 22167/68 (सिंगरौली-निजामुद्दीन एक्सप्रेस), जो सप्ताह में एक दिन संचालित होती है, इन दोनों ट्रेनों को नियमित करने की कृपा करें। दिल्ली देश व भोपाल प्रदेश की राजधानी है। सिंगरौली औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण कार्यालयीन, व्यावसायिक तथा चिकित्सीय कार्यों से क्षेत्रवासियों का अत्यधिक मात्रा में आना-जाना लगा रहता है। दोनों ट्रेनें साप्ताहिक होने के कारण लोगों को इंतजार करना पड़ता है। साथ ही ट्रेन साप्ताहिक होने से भीड़ भी होती है, जिस कारण टिकट भी नहीं मिल पाता है।

अतः जनहित को दृष्टिगत रखते हुए इन दोनों ट्रेनों को नियमित करने की कृपा करें।

## (vi) Need to provide rail link between Nagpur and Jabalpur and Ramtek to Gotegaon or Shikara

**डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट):** नागपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले मार्ग में मध्य रेल को वाया इटारसी होकर जाना पड़ता है। मार्ग की व्यस्तता एवं आपातकाल में इस मार्ग पर एक वैकल्पिक रेल मार्ग की आवश्यकता है। नये मार्ग के रूप में यदि नागपुर से वाया सिवनी, जबलपुर मार्ग बनाया जाता है तो नागपुर से जबलपुर के बीच सीधा मार्ग भी बनेगा। दूरी भी लगभग 250 कि0मी0 कम होगी एवं नागपुर से वाया इटारसी होकर जाने वाले व्यस्तम मार्ग पर दबाव भी कम होगा। नागपुर से रामटेक एवं जबलपुर से गोटेगांव या शिकारा तक रेल मार्ग बना हुआ है। यदि रामटेक से गोटेगांव या शिकारा तक केवल 200 कि0मी0 के लगभग मार्ग बनाना पड़ेगा। इस मार्ग के बनने से एक अतिरिक्त मार्ग उत्तर दक्षिण को जोड़ने वाला बनेगा। अतः रामटेक से गोटेगांव या शिकारा तक नवीन रेल मार्ग बनाने का कष्ट करें।

## (vii) Regarding construction of Kakarwaha Pick Up Weir project on River Dhasan in Madhya Pradesh

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़):** मध्य प्रदेश के बुन्देलखण्ड का टीकमगढ़ जिला गरीब, पिछड़ा शोषित और उद्योग विहिन क्षेत्र है। यहां की 95 प्रतिशत आबादी की जीवन का प्रमुख स्त्रौत मात्र कृषि है। जिले की अधिकांश कृषि भूमि पथरीली है और वर्षा आधारित है। जिले में 12 महीनों जल धारण करने वाली अधिकांश नदियों पर एक भी बांध पिछले 66 वर्षों की अवधि में निर्मित नहीं हुआ है। जिससे यहां की नदियों का 90 प्रतिशत से अधिक पानी व्यर्थ रूप से बेतवा व यमुना नदी में बह जाता है और जिले के किसानों की जमीने सिंचाई के अभाव में सूखी रह जाती हैं। किसानों को अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए प्रति वर्ष महानगरों की ओर पलायन करना पड़ता है।

धसान नदी मुख्य रूप से मध्य प्रदेश के सागर, टीकमगढ़, छतरपुर जिलों से और उत्तर प्रदेश के ललितपुर, झांसी, हमीरपुर एवं जालौन जिलों की सीमांकन करती हुई अपने उद्गम स्थल जसरत पहाड़ी तहसील सिलवानी, जिला रायसेन से निकलकर 352 कि0मी0 उत्तर दिशा की ओर बहती हुई झांसी, हमीरपुर और जालौन जिलों के संधि स्थल के नीचे बेतवा में मिल जाती है। टीकमगढ़ जिले में 115 कि0मी0 तक बहने वाली धसान नदी का 40 प्रतिशत बहाव हिस्सा टीकमगढ़ जिले से होपर गुजरता है। जिसके ऊपर वर्तमान में कोई भी बांध निर्मित नहीं है। जिससे वर्षा काल में उसका सम्पूर्ण पानी व्यर्थ बह जाता है। सिंचाई के अभाव में यहां के किसानों को भुखमरी का शिकार होना पड़ता है।

यहां के किसानों को अच्छी सुविधा प्राप्त हो इसके लिए धसान नदी के ककरवाह बांध/वराज/पिकअपविअर परियोजना का निर्माण अतिशीघ्र कराये जाने की आवश्यकता है ताकि यहां के सभी किसानों को सिंचाई हेतु लाभ प्राप्त हो सके।

## (viii) Regarding development of flood safety measures in flood-prone districts of Assam

**श्रीमती क्वीन ओझा (गौहाटी):** हम बड़े गर्व के साथ दावे करते हैं कि आजादी के बाद से भारत ने किस तरह तरक्की की है, लेकिन जब बात असम की आती है तो देश मानकर चलता है कि इस राज्य को बाढ़ से नहीं बचा सकते। यह जीवन की ऐसी हकीकत है जिसका सामना हर साल करना होता है। जैसे ही बाढ़ का पानी उतरता है जिन्दगी फिर पटरी पर आ जाती है।

असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की रिपोर्ट कहती है कि असम के 22 जिले बाढ़ की चपेट में हर वर्ष आते हैं जिनमें मोरीगांव, जोरहट, धुबरी, लखीमपुर, गोलाघाट, बारपेटा, धेमाजी, सोनितपुर, गोलपारा, बोंगाईगांव और दरांग आदि शामिल हैं। इसके अलावा लगभग 17.94 आबादी इस बाढ़ से पीड़ित होती है।|

186 ब्रह्मपुत्र और उसकी कई सहायक नदियों ने अपने किनारों को तोड़कर राज्य के 35 जिलों में से 23 जिलों को बाढ़ से प्रभावित किया। करीब दो लाख हेक्टेयर में लगी फसलें डूब गयीं। इसकी वजह से लगभग 11 लाख लोग प्रभावित हुए। 28 लोगों ने अपनी जान गंवाई, 1.5 लाख से ज्यादा लोग 460 से ज्यादा राहत शिविरों में आश्रय लिए हुए हैं।

मेरा माननीय जल शक्ति मंत्री जी ने निवेदन है कि सरकार कुछ ऐसी नीति बनाए जिससे नदियों के आसपास रहने वाले लोगों ने बाढ़ से बचाव के पारंपरिक तौर-तरीके विकसित किए जाएं। वह उन पर ही भरोसा करते हैं। तटबंधों के पास के सुरक्षित इलाकों में रह रहे लोगों को जरूर बाढ़ का पानी प्रभावित करता है।

सरकार और संबंधित एजेंसियों को तटबंध बनाने की मौजूदा नीति की समीक्षा करें और बाढ़ के समय वाटर फिल्टरेशन और प्यूरीफिकेशन टेक्नोलॉजी का कोई प्रावधान लाए और मजबूत बांधों को बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम उठाए।

## (ix) Need to set up power plant and mineral-based industries in Palamu Parliamentary Constituency, Jharkhand

**श्री विष्णु दयाल राम (पलामू):** मेरे संसदीय क्षेत्र के दोनों जिले यथा पलामू एवं गढ़वा आकांक्षी जिलों की पंक्ति में आते हैं। जैसा कि आप जानते हैं कि आकांक्षी जिलों में आने का ही मतलब होता है कि इन दोनों जिलों का जितना विकास होना चाहिए उतना नहीं हुआ है। पूरे झारखण्ड राज्य में मात्र यही एक (सु) संसदीय क्षेत्र है।

इस संसदीय क्षेत्र में आज तक एक भी कल-कारखाना नहीं लगा है। दुर्भाग्यवश एक जपला सीमेंट फैक्ट्री थी वह भी बंद हो गयी है। लोग पलायन कर गए हैं या पलायन कर रहे है। कुछ लोगों ने तो गरीबी और जिन्दगी से तंग आकर उग्रवादियों की शरण ले ली। सबसे दुर्भाग्य की बात तो यह है कि मेरा पूरा संसदीय क्षेत्र खनिज पदार्थों से भरपूर है यहाँ पर कोयला प्रचुर मात्रा में है। इसके अलावा ग्रेफाइड है, लाइम स्टोन है बगल के जिला लोहरदगा में बाक्साइट है। ये बाक्साइट मेरे दोनों जिलों से होकर मिर्जापुर जाता है जहां अल्युमिनियम की फैक्ट्री लगी है, कोयला यहॉ से देश के थर्मल प्लांट में जाता है जो उस क्षेत्र में रौशनी देने का काम करता है जहाँ वह स्थापित है। हमारे संसदीय क्षेत्र का जिला गढ़वा है जहां भवनाथपुर थर्मल पावर प्लांट बनाने के लिए जमीन भी उपलब्ध है, कोयला भी है, सोन नदी का पानी भी है, मानव संसाधन भी है। अध्यक्ष महोदय थर्मल पावर प्लांट लगाने के लिए और क्या चाहिए। अल्युमिनियम का कारखाना लगाया जा सकता है। इसके अलावा ग्रेफाइट की उपलब्धता और गुणवत्ता के आधार पर ग्रेफाइड पर आधारित इंडस्ट्री लगायी जा सकती है। लाइम स्टोन की बहुत सारी खदानें हैं जो अभी बंद पड़ी हैं उसे शीघ्रातिशीघ्र चालू किया जा सकता है। अध्यक्ष महोदय रोजगार के अभाव में लोग दूसरे राज्यों में जाकर मजदूरी करने के लिए विवश हैं। नौजवान फस्ट्रेटिड हो रहे हैं।

अतः सरकार से अनुरोध करता हूं कि संबंधित विभागों के आदरणीय मंत्रियों को निदेशित करने की कृपा करें ताकि मेरे संसदीय क्षेत्र में जो कल-कारखाना स्थापित हो सके, लोगों को रोजगार मिल सके, लोग पलायन के लिए मजबूर न हों।

## (x) Need to provide stoppage of Ranchi - Delhi Garib Rath Express (Train No. 12877/78) at Barwadih Railway station in Jharkhand

**श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा):** मैं सरकार का ध्यान एक अति महत्वपूर्ण विषय की ओर आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत लातेहार जिले के बरवाडीह प्रखंड का पर्यटन के क्षेत्र में अहम स्थान है। जहां से बेतला नेशनल पार्क, पलामू किला, सुगा बांध, मिर्चिया फॉल, नेतरहाट पहाड़ी मंदिर, मंडल डैम जैसे कई पर्यटक स्थल मौजूद है जिसे देखने देश-विदेश से पर्यटक आते हैं।

इसलिए मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि रांची-दिल्ली गरीबरथ (गाड़ी संख्या 12877/12878) का बरवाडीह स्टेशन पर ठहराव किया जाये।

साथ ही लातेहार, बरवडीह, टोरी एवं छिपादोहर रेलवे स्टेशनों को आदर्श स्टेशन घोषित किया हुआ है, परन्तु अभी तक आदर्श स्टेशनों पर होने वाली सुविधाओं का अभाव है। इसलिए इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं उपलब्ध करवाने की व्यवस्था करायें।

## (xi) Need to declare income of dairy sector as Agriculture income

**श्री देवजी पटेल (जालौर):** ग्रामीण क्षेत्रों में करीब 70 प्रतिशत मवेशी छोटे, मझौले और सीमान्त किसानों के पास हैं, जिसकी पारिवारिक आमदनी का बहुत बड़ा हिस्सा दूध बेचने से प्राप्त होता है। डेयरी की प्रगति से ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अधिक संतुलित विकास होगा। दूध ग्रामीण इलाकों में रहने वालों के लिए खाद्य और पोषण सुरक्षा के साथ ही जीवन की सुरक्षा भी देता है। दूध देने वाली एक गाय या भैंस पालना किसानों को आत्महत्या करने तक से बचा सकता है। आज डेयरी उद्योग कई तरह की परेशानियों से जूझ रहा है- संगठित डेयरी फार्म का अभाव, निवेश की कमी, मशीनों और उपकरणों की ऊंची कीमतें। दूध जल्द खराब होने वाला प्रोडक्ट है इसलिए प्रोसेसिंग और उसे पाउडर, बटर, घी, पनीर जैसे लंबे समय तक चलने वले प्रोडक्ट्स में बदलना लग्जरी नहीं बल्कि जरूरत है। अतः डेयरी फार्म से आने वाली आय को कृषि आय घोषित की जाए।

## (xii) Need to provide seeds and fertilizers to farmers in Chhattisgarh

**श्री चुन्नी लाल साहु (महासमुन्द):** छत्तीसगढ़ राज्य में वर्तमान खरीफ फसल हेतु धान बोने को काम किसानों द्वारा किया जा रहा है, लेकिन छत्तीसगढ़ राज्य के ग्रामीण सहकारी विपणन केन्द्रों/संस्थाओं में मानक बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण किसान अमानक बीज बोने को मजबूर है। वैसे ही दलहन और तिलहन के बीज भी राज्य सरकार के उद्यानिकी विभाग में उपलब्ध न होने के कारण किसान असहाय और ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। ठीक उसी प्रकार से रासायनिक एवं उर्वरक विभाग के पास रासायनिक खाद की पर्याप्त मात्रा न होने के कारण किसान बाजार से मंहगें दरों पर रासायनिक खाद खरीदने को मजबूर है।

मेरा सविनय निवेदन है कि छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों की दयनीय स्थिति को देखते हुए सरकार के कृषि मंत्री जी एवं रासायनिक उर्वरक मंत्री महोदय जी, छत्तीसगढ़ राज्य के उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को आपूर्ति के लिए निर्देशित करने की कृपा की जाए।

## (xiii) Regarding setting up of Solar Energy plants in Bhiwandi Textile Industrial Area in Maharashtra

**श्री कपिल मोरेश्वर पाटील (भिवंडी):** मेरे संसदीय क्षेत्र भिवंडी से वस्त्र उद्योग का बहुत बड़ा कारोबार होता है, परन्तु वहां पर जो वस्त्र उद्योग इकाइयां हैं, वे बिजली की कीमतें ज़्यादा चुका रही हैं क्योंकि वहां पर प्राइवेट कम्पनियां विद्युत सप्लाई करती हैं जिससे वहां का वस्त्र उद्योग प्रभावित हो रहा है।

अतः मेरी सरकार से प्रार्थना है कि भिवंडी के सभी वस्त्र उद्योग के लिए जगह-जगह पर एक-एक सोलर सिस्टम प्लांट लगाये जायें ।

## (xiv) Need to start international flight service from Udaipur Airport, Rajasthan

**श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़):** चितौड़गढ़ में महाराणा प्रताप हवाई अड्डा जहां पर प्रतिवर्ष लाखों यात्री चाहे वे पर्यटक हों, चाहे पर्यावरण प्रेमी, चाहे श्रद्धालु उदयपुर सहित आस-पास के क्षेत्र मेवाड़ के लिये आते हैं। इसके साथ ही यहां दक्षिणी राजस्थान में अनेकों औद्योगिक उपक्रम होने के कारण, यहां के व्यापारियों के बाहर व्यापार करने के कारण व कुशल कामगारों के विदेश में रोजगार के लिये गये होने से आवागमन के लिये हवाई सेवा पर निर्भर रहना पड़ता है। चूंकि उदयपुर हवाई अड्डा सारे अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों के लिये तय मानकों को पूरा करता है तथा यहां से विदेश खास तौर पर खाड़ी देशों के लिये उड़ान की बहुत मांग भी है। अतः विदेश में रह रहे कामगारों, पढ़ाई कर रहे छात्रों, पर्यटकों, व्यापारियों व उद्योगों के लिये विशेषज्ञों की सुविधा के लिये उदयपुर हवाई अड्डे से अन्तर्राष्ट्रीय उड़ान प्रारम्भ करवायी जाये।

## (xv) Need to rejuvenate and make river Aami in Uttar Pradesh pollution-free

**श्री प्रवीन कुमार निषाद (संत कबीर नगर):** मेरे संसदीय क्षेत्र संत कबीर नगर जनपद की एक मात्र जीवनदायिनी मानी जाने वाली 'आमी नदी' आज मृतप्राय सी हो गई है और इसका पानी इतना जहरीला हो गया है कि उसमें मवेशी भी नहाने से कतराता है। यह नदी संतकबीर नगर के विभिन्न इलाकों से होते हुए गोरखपुर के विभिन्न तलहटी इलाकों को जोड़ते हुए राप्ती नदी में मिली हुई है। खलीलाबाद में रैना पेपर मिल, संजय पेपर मिल, शहर का गंदा पानी, इंडस्ट्रियल एरिया का गंदा पानी और हैण्डलूम के धागा रंगाई का गंदा पानी सब आमी नदी में बहाया जाता है जिसके कारण नदी का पानी जहरीला हो गया है। कभी इस नदी में किसान भरपूर कृषि सिंचाई किया करते थे। आज इसका बहाव बंद हो गया है और गंदे नाले में तबदील हो गया है। अब नदी के दोनों किनारे की जमीन पर भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं। पहले इस नदी में काफी मछलियां होती थी जिससे लाखों मछुआरे अपना जीवन यापन करते थे।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूँ कि जनहित में आमी नदी को एनजीटी के तहत जीर्णोद्धार कर पूर्व की तरह जीवनदायिनी बनाया जाये।

## (xvi) Regarding construction of Bidar-Nanded Railway line

**श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर (नांदेड़):** मेरे संसदीय क्षेत्र नांदेड़ से जुड़ी नई रेल लाइन बीदर-नांडेड़ के निर्माण हेतु रेल मंत्रालय द्वारा 2152 करोड़ रूपये की धनराशि स्वीकृत की गई है, किन्तु इस नये रेल मार्ग निर्माण को प्रस्तावित 2019-20 की पिंक बुक में शामिल नहीं किया गया है। मेरी सरकार से मांग है कि इसको अविलम्ब पिंक बुक में शामिल करते हुए, मंजूर राशि का प्रावधान मौजूदा रेल बजट (2019-2020) में शामिल किया जाये तथा शीघ्र रेल मार्ग का निर्माण कार्य शुरू कराया जाये।

## (xvii) Need to construct an underpass at Kottakadevu Arangil railway level crossing in Vadakara Parliamentary Constituency of Kerala

**SHRI K. MURALEEDHARAN (VADAKARA):** I would like to mention a matter regarding construction of an underpass at Kottakadavu — Arangil Rail gate road in my constituency Vadakara. Vadakara is fast developing Municipal town and Taluk Headquarters. Many important educational institutions, ancient masjids, temples, historical monuments lay on the west side of railgate. The only access to these places in the Kottakadavu — Arangil gate roundabout has a level crossing which is very near to the National Highway Juction. Due to the heavy rail traffic this railway gate remains closed for most of the time creating long queue of vehicles and traffic congestion on the National Highway. Moreover, it causes innumerable hardships for the people to reach public institutions, bus stand etc. I, therefore, request the Railway Minister to take necessary steps to construct an underpass at the above site at the earliest.

## (xviii) Need to set up a rail coach factory at Kanjicode, Kerala

**SHRI V.K. SREEKANDAN (PALAKKAD):** A coach factory was sanctioned for Kerala at KanjiKode in Palakkad in the 2008-09 railway budget. The foundation stone was laid by the then Hon'ble Minister for Railways in 2012. Then Kerala Government acquired 439 acres land for it, and later, a compound wall was built around the acquired land. Thereafter, nothing has moved beyond that. However, production has commenced in coach factories which were sanctioned or announced later on. This is a total discrimination to the people of Kerala, who were expecting much from this project in the form of employment to the youths of the State and other economic activities and, therefore, I urge upon the Government to set up the Coach Factory at Kanjikode at the earliest.

## (xix) Regarding Kochi 'waste to energy' project

**SHRI HIBI EDEN (ERNAKULAM):** India is facing one of its most difficult challenges like any other rapidly developing country with its large quantities of waste being produced as a result of fast economic growth and urbanization. Ernakulam (Kochi) is one of the most developing cities in India. The info park is located in this city. The current situation in the city of Kochi (Kerala, South India) is that the existing waste disposal process is limited to just collection and surface dumping of the waste into uncontrolled sites. Kochi waste to Energy Project is a successful solution in India through the Kochi Brahmapuram waste to energy plant. The waste-to-energy plant was mooted as a long-term solution to manage Kochi’s garbage. So I would request the Central Government to consider this project as one of the model waste management systems and allocate central find for the maintenance and proper running of this project.

## (xx) Regarding works undertaken under Mahatma Gandhi Rural Employment Guarantee Scheme

**SHRI S. RAMALINGAM (MAYILADUTHURAI):** In Tamil Nadu, the works undertaken under the Mahatma Gandhi Rural Employment Guarantee Scheme are not being implemented on a regular basis. Hardly below 100 days of work were allotted last year in the rural panchayats.

Moreover, there is delayed payments - 'Delayed justice is denied justice'. Hence, I bring this matter to the kind attention of the concerned Minster through you. Also, the rural workers are paid a peanut sum of Rs.150 per day which is inadequate to meet the expenses of their day to day life. I have two requests in this regard:

(1) Let it be raised to Rs. 250 per day.

(2) Let the above mentioned scheme be extended to Town Panchayats also.

## (xxi) Need to tackle trafficking of women and children in the country

**SHRIMATI APARUPA PODDAR (ARAMBAGH):** Child trafficking is a serious problem that is prevalent especially in India. Children are exposed to multiple vulnerabilities, poor and marginalized communities who are often trafficked are forced to work on brick kilns, construction sites and agricultural land. There is a great need for convergence and implementation of comprehensive protection mechanisms. I urge the government to tackle the growing incidence of child abuse and trafficking of women and children in the country.

## (xxii) Need to amend GSR 751 (E) Guidelines to conduct aeronautical study in approach funnel beyond 300 meters

**SHRI RAHUL RAMESH SHEWALE (MUMBAI SOUTH-CENTRAL):** I would like to suggest amendments to GSR 751 (E) guidelines as for conducting Aeronautical Study in approach funnel beyond 300 metres (which extends to 15 Km from Runway Strip) which is not permitted. I would suggest that since entire area included in approach funnel is very huge, a blanket rule of 'no Aeronautical study in approach funnel' may not be required. I would highlight paragraph from Annexure 14/ Volume 1, Page 38 of GSR 751 (E) guidelines regarding construction of new objects or extension of existing ones. New objects or extension of existing objects should not be permitted above approach surface beyond 300 metres from inner edge, the conical surface or inner horizontal surface except when, in the opinion of appropriate authority, the object would be shielded by an existing immovable object, or after aeronautical study it is determined that object would not adversely affect the safety or significantly affect the regularity of operations of aeroplanes. The previous paragraph allows Airport Authority of India to mitigate a new object lying beyond 300 metres in Approach Surface with an Aeronautical study which would include PANS OPS. The conclusion on this is enhanced height can be permitted to buildings lying in the approach surface beyond 300 metres after conducting the aeronautical study.

मैं कुछ आंकड़ों के साथ इसको आरंभ करना चाहता हूं। आप सब को मालूम हैं कि Dr. Shashi Tharoor has a way with words but we also have to pay attention to numbers and not just words. कभी-कभी लगता है कि हम लोग किसी शायरी के सम्मेलन में हैं, लेकिन यह बजट की डिबेट है, यह बजट की चर्चा है, इसलिए हमें आंकड़ों पर जाना है और हमें वास्तविकता पर जाना जरूरी है। वर्ष 2014 में जब हमें सरकार मिली तो उस समय जो जीडीपी थी, वह 111 लाख करोड़ रुपये की थी। पांच सालों में हम लोगों ने 111 लाख करोड़ रुपये को 188 लाख करोड़ रुपये किया है। इन पांच सालों में 70 परसेन्ट की वृद्धि हुई है। जो जीडीपी पर-कैपिटा थी, ग्रॉस नेशनल इनकम पर-कैपिटा थी, जो 7,9000 था, आज वह 1,26,000 हो चुका है। इसमें भी हम लोगों ने बहुत वृद्धि की है।

अगर हम लोगों को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी को हासिल करना है, तो यह जो 188 लाख करोड़ रुपये की जीडीपी है, उसे हम लोगों को करीब साढ़े तीन सौ लाख करोड़ रुपये तक ले जाना है। जितनी तेजी से हम लोग पिछले पांच सालों से आगे बढ़ते चले जा रहे हैं, जो नॉमिनल ग्रोथ रेट है, वह करीब 11-12 परसेन्ट रही है। इन छह-सात सालों में ही हम लोग साढ़े तीन सौ लाख करोड़ रुपये तक अपनी अर्थव्यवस्था को पहुंचा देंगे। अगर हम अपनी अर्थव्यवस्था को साढ़े तीन सौ लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा देते हैं तो जीडीपी पर-कैपिटा, ग्रॉस इनकम पर-कैपिटा दो लाख पार कर जाएगी। उसी बुलेट ट्रेन की रफ्तार से, जैसा हम लोगों ने बनाया है, अगर हम लोग उसी रफ्तार से आगे बढ़े, हमें साढ़े तीन सौ लाख करोड़ रुपये को सात सौ लाख करोड़ रुपये बनाना है, तब हम लोग 10 ट्रिलियन डॉलर का लक्ष्य हासिल कर लेंगे। उस समय जो ग्रॉस नेशनल इनकम पर-कैपिटा थी,

जो आज के समय 1,26,000 है, वह चार लाख पार कर जाएगी। इसमें आपको एक महत्वपूर्ण बात समझनी जरूरी है। मैं सभापति जी के माध्यम से अपने विपक्ष के साथियों को बताऊंगा कि आज जो वर्तमान रफ्तार है, हम लोगों ने पिछले पांच सालों में जो काम करके दिखाया है, अगर उसी रफ्तार से हम लोग आगे बढ़ते चले जाएं, उसे थोड़ा बढ़ा दें, तो हम लोगों को पांच ट्रिलियन डॉलर और 10 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी, आंकड़ों के आधार पर ही हम दिखा सकते हैं कि इस पर कैसे अमल कर सकते हैं।

हमारे विपक्ष के जो साथी थे, उन्होंने इस क्वाटर तथा पिछले एक-दो क्वाटर्स के कई सारे नम्बर पेश किए, मैं उनको समझाना चाहता हूं, मुझे भी इन विषयों पर थोड़ी-बहुत जानकारी है, हमारे वर्तमान एक-दो क्वाटर्स के जो फैक्टर्स हैं, जब हम आगे पांच ट्रिलियन की बात करते हैं और 10 ट्रिलियन की बात करते हैं तो एक-दो क्वाटर्स के जो फैक्टर्स हैं, हमें उसे नहीं देखना है। हमें देखना है कि स्ट्रक्चरल फैक्टर्स क्या हैं? क्या हैं ड्राइवर्स अपनी जीडीपी के, अपनी अर्थव्यवस्था के, जो हमें 5 ट्रिलियन और 10 ट्रिलियन तक पहुंचा सकें? मुझे यहां थोड़ा सा संदेह है कि हमारे माननीय विपक्ष के जो साथी हैं, वे थोड़ा रियर व्यू मिरर से गाड़ी चला रहे थे, विंडशील्ड से नहीं देख रहे थे। ऐसा कभी-कभी करते हैं तो दुर्घटना भी हो जाती है। मैं उनको कहूंगा कि थोड़ा सावधान और सतर्क रहें। आप रियर व्यू मिरर से मत चलें। एक-दो क्वार्टर की बात न करें। अंग्रेजी में अगर आपको समझाना हो शशि जी, क्योंकि अंग्रेजी आप पसंद करते हैं। A swallow does not make a summer. Please do not extrapolate on the basis of one-offs and one or two quarters. You have to look at the broad structural trends at work in the economy right now. That will power us to 5 trillion dollars, and then on to 10 trillion dollars. That is what we have to examine. That is, precisely, why I said that this was a bold, forward-looking Budget that is putting in place those structural road drivers. That is what we, as

responsible Members that represent the people of India, have to consider, and not fall into the trap of just extrapolating from one or two quarters or one or two one-off factors. It is very important to consider that. माननीय सदस्य ने कहा कि कुछ आंकड़ों में आपको संदेह है। मैं आपको एक-दो चीजें समझाना चाहता हूं। आपने जीएसटी की बात की। जीएसटी के बारे में कई बार चर्चा हुई है कि जो जीएसटी का इंप्लीमेंटेशन किया गया, उसमें कुछ गलतियां थीं। उसको सही रूप से इंप्लीमेंट नहीं किया गया और जो अपेक्षाएं थीं, वे अपेक्षाएं हम लोगों ने जीएसटी के द्वारा पूरी नहीं कीं। यह बिल्कुल गलत है।

सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्यों को आवश्वासन देना चाहता हूं, विपक्ष के साथियों को और पूरे देश की जनता को समझाना चाहता हूं कि हम लोगों ने जीएसटी के द्वारा दो साल में जो करके दिखाया है, दो साल में जो हुआ है, यह दुनिया के इतिहास में किसी फेडरल स्ट्रक्चर वाले किसी भी देश में नहीं हुआ है। मलेशिया जैसे देश को जीएसटी को रोल बैक करना पड़ा। वहां की सरकार भी चली गई, क्योंकि वे उस पर अमल नहीं कर पाए। किरन बाबू, हमारी सरकार नहीं गई। हमारी सरकार और प्रचण्ड बहुमत से वापस आई, क्योंकि हम लोगों ने जीएसटी को इतने शानदार तरीके से अमल किया। वन नेशन, वन टैक्स पर हमने अमल किया।

अब हम आंकड़ों पर आते हैं। आप जीएसटी के आंकड़े देखिए। जीएसटी पर अगर हम 2017-18 पर जाएं, तो देखेंगे कि 2017-18 में उसका एक्चुअल कलेक्शन 4.42 लाख करोड़ था, फिर हमने एक टार्गेट रखा। हमने टार्गेट 7.43 लाख करोड़ का रखा, जो 68 पर्सेंट 2017-18 से ज्यादा था, क्योंकि हम लोग बड़े एंबिशियस थे। हमने कहा कि इतनी अच्छी तरह से हो रहा है, तो 68 पर्सेंट ग्रोथ की एंबिशन, एक टार्गेट लेकर चले।

ठीक है कि हम लोग उस टारगेट को अचीव नहीं कर पाए, लेकिन 68 परसेंट का टार्गेट था। हम लोग 68 परसेंट का टार्गेट अचीव नहीं कर पाए। हम लोग 6.43 लाख करोड़ का टार्गेट अचीव कर पाए। 4.42 लाख करोड़, सोचिए जो एक्चुअल था, उस पर हम लोग 6.43 लाख करोड़ अचीव कर पाए, यानी कि लगभग 50 परसेंट ग्रोथ हुआ जीएसटी में, जिस साल हम लोगों ने जीएसटी को लागू किया। अब आप बताइए कि यह बहुत बड़ी कामयाबी, बहुत बड़ी सफलता हमारे टैक्स अथॉरिटीज की, वित्त मंत्रालय की हुई या नहीं। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को, माननीय अरुण जेटली जी को और माननीया श्रीमती निर्मला सीतारमण जी को, श्री अनुराग ठाकुर जी को सबको धन्यवाद देना चाहता हूँ, उनकी टीम को धन्यवाद देना चाहता हूँ कि किस कुशल तरीके से इस जीएसटी को लागू किया गया।

एक और बात, अब हम लोग देखें कि इस बजट में, वर्ष 2019-20 में कि जीएसटी के लिए हम लोगों ने क्या लक्ष्य रखा है। जब हम लोगों ने 7.43 लाख करोड़ लक्ष्य रखा, तब 6.43 लाख करोड़ हासिल किया, यानी 50 परसेंट ग्रोथ हुई। आप सोचिए कि कितनी अद्भुत बात होती है, ईयर टू ईयर ग्रोथ टैक्सेज का 50 परसेंट ग्रोथ हुई। यह हमें कितनी बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। हम लोगों ने 6.43 टार्गेट अचीव किया, अब हमने 6.63 लाख करोड़ का टार्गेट रखा है, जो सिर्फ 3 परसेंट ज्यादा है, जिसमें कि हम लोग अपने सब उद्योग जगत के जो सदस्य हैं, जो कंपनीज हैं, उन्हें हम लोग कह रहे हैं कि आप इसको सैटल डाउन कीजिए, इसे स्टेबलाइज कीजिए और फिर इसके आधार पर हम लोग और आगे बढ़ सकते हैं। किस कुशलता से और किस मेच्योरिटी से ये टारगेट सेट किए गए हैं, यह मैं इसके द्वारा आपको दर्शाना चाहता हूँ, क्योंकि आप आंकड़ों की बात कर रहे थे। जब आपने आंकड़ों की है, तो मैं इस बजट में आपको एक और महत्वपूर्ण बात समझाना चाहता हूँ कि सब जो टारगेट्स हैं, इस बार सब जो बजट के टारगेट्स हैं, बहुत ही रीज़नेबल टारगेट्स हैं।

अनरीजनेबल टारगेट्स में बजट के साथ स्लाइट ऑफ हैंड करने में जैसे यूपीए सरकार ने दिखाया था, हमने ऐसा कभी भी नहीं किया। माननीय प्रधान मंत्री जी ने हरदम कहा है कि जनता को

पारदर्शी और पूरी ईमानदारी से सभी आंकड़े पेश करने चाहिए और इन्हीं आंकड़ों के आधार पर सरकार चलानी चाहिए। इस बार हम लोगों ने It will increase from Rs. 14.84 lakh crore to Rs. 16.49 lakh crore, which is only an increase of 11 per cent. We are saying nominal GDP is going to grow 11-12 per cent. In line with nominal GDP increase, we have said net tax revenues will increase, which is a very, very reasonable number. Another reasonable number that is in the Budget right now, again I will commend you to look at the data, खासकर अपने विपक्ष के साथियों से कहना चाहता हूं क्योंकि वे आंकड़े चाहते हैं कि इन्हें आंकड़ों के आधार पर समझाया जाए, आप आंकड़ों को देखिएगा जो बजट डेफिसिट है, पिछले साल का रिवाइज्ड एस्टिमेट 6.34 लाख करोड़ रुपये है, इस साल growth of only 7 per cent, again in line with nominal GDP. That is why, fiscal deficit has come down to 3.3 per cent. सब जो आंकड़े हैं, जो बजट में पेश किए गए हैं, पूरे एलोकेशन्स हैं, सभी स्कीमों के एलोकेशन यहां दिए हुए हैं। आप इनका पूरी तरह से अध्ययन कीजिए, पढ़िए तो आपको बिल्कुल स्पष्ट नजर आएगा। आपको पूरा स्पष्टीकरण मिलेगा, आप जिस आंकड़े को खोज रहे हैं, एलोकेशन्स के बारे में जानना चाह रहे हैं, वह सब आपको इसमें मिल जाएगा। यह आंकड़ों की बात हुई, हम लोगों ने पारदरशिता और ईमानदारी से सारी बातें आपके सामने प्रस्तुत की है। यह शायरी सम्मेलन नहीं है, कोई कवि सम्मेलन नहीं है, हमारे विपक्ष के साथी जो भी चाहें, यह बजट पर चर्चा है। उन्होंने बहुत शायरी पेश की, मुझे भी कुछ न कुछ दर्ज करना पड़ेगा। …(व्यवधान)। आपने जब पेश किया तो मुझे भी कुछ न कुछ शशि जी कहना ही पड़ेगा। अभी एक बहुत बड़ा चुनाव हुआ था। चुनाव में आप भी जनता के बीच गए, हम भी जनता के बीच गए, आपको बहुत-बहुत बधाई कि आप अपना चुनाव जीते, लेकिन बड़े सारे सहयोगी जो कांग्रेस के मित्र हैं, वे नहीं जीत पाए।

सोलहवीं लोक सभा में जिनसे हम बहुत अच्छी तरह से रूबरू थे, जिनसे परिचय था, आज वह यहां नहीं बैठे हैं, दुख भी होता है, उनके साथ अच्छे संबंध थे, लेकिन वे नहीं रहें। वह क्यों नहीं रहे।

**14.57 hrs** (Shrimati Rama Devi *in the Chair*)

वह नहीं क्यों रहें, ये हालात क्यों हुए? कुछ हैं और कुछ नहीं हैं। मुझे दुख है जो नहीं हैं, हाऊस में नहीं हैं। मुझे माफ़ करें, माफ करें। हमें यह भी समझना होगा जो काम साठ सालों में नहीं हुआ, हम लोगों ने जनता के बीच जाकर प्रचार किया, हम लोगों ने जनता को बताया कि हमें क्या-क्या सफलताएं मिलीं, क्या-क्या हम लोगों ने काम करके दिखाया। उसे लोगों ने स्वीकार किया।

माननीय सदस्यगण जानते हैं कि हमने शौचालय की बात की, सड़क की बात की और सब चीजों की बात की, उसे जनता ने स्वीकार किया। हमने जनता से प्रश्न किया और अपने विपक्ष के साथियों से भी पूछना चाहता हूं कि जो काम साठ साल में नहीं हुए थे, उसे साठ महीने में कैसे करके दिखाया। साठ सालों में जो काम नहीं हुए उसे साठ महीनों में करके दिखाया। ऐसा नहीं था कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी आ गई हो, सरकार के तंत्र नहीं बदले, सरकार के जो तंत्र या सिस्टम थे, वही सिस्टम हमारे पास भी थे। ऐसा नहीं था कि कोई फरिशता आ गया, वही आईएएस ऑफिसर और आईपीएस ऑफिसर जो पहले थे, वही थे। हमारे पास कोई नोट छापने की मशीन नहीं थी। हमने कैसे किया? जिसे आप साठ साल में नहीं कर पाए, उसे साठ महीनों में कैसे करके दिखाया, यह एक बहुत बड़ा रहस्य था। जब हम जनता के सामने प्रस्तुत करते थे तो वह कहते थे। हां, इसे आपने कैसे किया, यह कैसे हुआ। मैं उनको समझाता था, इस पर हम लोगों की अच्छी बातचीत हुआ करती थी। हम सत्ता को सेवा का माध्यम समझते हैं, मेवा का माध्यम नहीं समझते हैं। सत्ता सेवा का माध्यम है, मेवा का माध्यम नहीं है। अगर हम सत्ता में आए हैं तो काम करने के लिए आए हैं, कमाई करने के लिए नहीं आए हैं।

**15.00 hrs**

हम सत्ता में कुछ लेने नहीं आए हैं, हम सत्ता में सिर्फ देने आए हैं। हम जब जनता को यह समझाते थे और कहते थे कि माननीय प्रधानमंत्री जी के कुशल और साहसिक नेतृत्व के कारण जो काम 60 सालों में नहीं हो पाए, हमने 60 महीने में करके दिखाये। यही वास्तविकता है और यही वास्तविकता विपक्ष के साथी नहीं समझ पाए। …(व्यवधान) मैं समझा रहा हूं। शायरी चल रही थी, तो शायरी की बात करनी पड़ती है। आपने इज़ाजत भी दी, इरशाद भी हुआ। आप वास्तविकता और अपनी राजनीति को नहीं समझेंगे लेकिन मैं विपक्ष के साथियों को समझाना चाहता हूं।…(व्यवधान)

**SHRI N. K. PREMACHANDRAN (KOLLAM):** We are expecting from you …(*Interruptions*)

**SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR):** We want to be guided by you. You are an eminent economist. …(*Interruptions*)

**माननीय सभापति:** अधीर जी, आप बैठ जाइए।

…(व्यवधान)

**श्री जयंत सिन्हा:** अभी आपको पूरे आंकड़े दिए थे। …(व्यवधान) समझ लीजिए, यह जरूरी है। मैं सिखा भी रहा हूं, लेकिन सीखने से पहले मंशा सही होनी चाहिए, मानसिकता सही होनी चाहिए। …(व्यवधान) इसलिए तो आप वहां हैं, क्योंकि

न समझोगे तो मिट जाओगे ए कांग्रेस वालो
तुम्हारी दास्तां तक भी न होगी दास्तानों में।

**डॉ. शशि थरूर:** यह तो इकबाल ने भारत के लिए कहा था, आप ऐसे कह रहे हैं।…(व्यवधान)

**श्री जयंत सिन्हा :** इतिहास को समझ लीजिए । इतिहास का कूड़ाखाना आपके सामने हैं, आप इतिहास को समझ लीजिए। …(व्यवधान)

अधीर रंजन चौधरी जी कह रहे थे कि अब जयंत बाबू की भी क्लास हो जाए, चलिए क्लास आरंभ करते हैं। अगर आपको जीडीपी और अर्थव्यवस्था को थोड़ा समझना है, इसमें तीन-चार बिंदु हैं, जो विशेष रूप से समझने की जरूरत है। माननीय शशि थरूर जी ने भी इनका जिक्र किया है और विस्तार से समझाने की कोशिश की है।

हमारे जीडीपी में कन्जम्पशन हावी है। अगर हमें बुलेट ट्रेन बनानी है, 5 या 10 ट्रिलियन पर जाना है, तो हमें कन्जम्पशन को प्रोत्साहन देना है इसलिए कन्जम्पशन का प्रोत्साहन जरूरी होगा। इसके साथ इन्वेस्टमेंट को भी प्रोत्साहन देना है, बूस्ट करना है। जीडीपी तब आगे बढ़ेगी जब इन्वेस्टमेंट और कन्जम्पशन आगे बढ़ते हैं। इन्वेस्टमेंट को आगे बढ़ाने के लिए उद्योग जगत के लिए सही नीतियों की रूपरेखा बनानी पड़ेगी। इसके साथ सेविंग्स रेट को भी बूस्ट करना होगा। सेविंग्स जब आएंगी तब इन्वेस्टमेंट आएगा, इन्वेस्टमेंट आएगा तो प्रोडक्शन बढ़ेगा, प्रोडक्शन बढ़ेगा तो रोजगार का सृजन होगा, रोजगार का सृजन होगा तो कन्जम्पशन बढ़ेगा। यह सब एक वर्चुअस साइकल बन जाता है जब आप सही तरीके से नीतियां बनाकर आगे बढ़ाते हैं। मैं इस बजट को एक ऐतिहासिक, दूरदर्शी और प्रभावशाली बजट इसलिए कह रहा हूं।

अब हम सब नीतियों पर आते हैं क्योंकि यह कन्जम्पशन को प्रोत्साहन दे रहा है, बड़े जोर-शोर से प्रोत्साहन दे रहा है, इन्वेस्टमेंट को प्रोत्साहन दे रहा है, रोजगार का सृजन कर रहा है, सेविंग्स, चाहे वह डोमेस्टिक हों या विदेश की इन्वेस्टमेंट हो, उनको प्रोत्साहन दे रहा है। एक इन्टीग्रेटिड वे में सब पर अटैक किया है। 5 ट्रिलियन डॉलर बहुत प्रभावशाली होने वाला है, मैं समझता हूं कि हम बहुत आसानी से हासिल कर पाएंगे।

अब मैं आपको बताता हूं कि हमें कन्जम्पशन के बारे में क्या समझना चाहिए। आपकी तरफ के वक्ता को 30-35 मिनट मिले थे, लेकिन उन्होंने 45 मिनट बोला।…(व्यवधान)

**श्री अधीर रंजन चौधरी:** हर साल जीडीपी ग्रोथ कितनी होनी चाहिए।…(व्यवधान)

**श्री जयंत सिन्हा:** 350 लाख करोड़ की जीडीपी, जो 5 ट्रिलियन डॉलर इकोनामी है, मैंने उसके कम्पोनेंट्स बताए, कि कौन से उसके भाग हैं, हम कैसे प्रोत्साहन दें कि हम 350 लाख करोड़ की इकोनामी पर पहुंच सकें। सबको पता है कि इकनॉमिक्स वन ऑन वन है कि इन्वेस्टमेंट, कन्जम्पशन, गवर्नमेंट की स्पैंडिंग, नैट एक्सपोर्ट्स है। These are the components in GDP. So, a good Budget is one that promotes each of these different elements -- the element of consumption and the element of investment – and in doing so, if we unlock savings, we drive investment and we create jobs. That is how, the whole system is interconnected.

मैं वही आपको समझाने की कोशिश कर रहा हूं कि अगर आप सिस्टम को देखें, जिस कुशलता से इस बजट द्वारा हर लैवल पर काम किया गया है, किस सीक्वेंस में किया गया है तो अधीर जी, विश्वास होगा कि हम 350 लाख करोड़ क्या, 700 लाख करोड़ के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं।

अब हम लोग कंजम्प्शन पर आते हैं। कंजम्प्शन को किसान सम्मान निधि के द्वारा जो बूस्ट मिला है, वह बहुत ही ऐतिहासिक है और इसके द्वारा कंजम्प्शन को जबर्दस्त लाभ मिलने वाला है। चुनाव के समय हमने कहा था कि हम 75 हजार करोड़ रुपये देने वाले हैं, जिनके पास दो एकड़ जमीन और जो उससे नीचे के फॉर्मर्स हैं, उनको हम लोग छ: हजार रुपये सालाना देने वाले हैं। शशि थरूर जी, आपको छ: हजार रुपये शायद कम लगे, लेकिन मैं एक बहुत पिछड़े हुए इलाके से आता हूं, वहां छ: हजार रुपये बहुत बड़ी बात होती है। आप सब लोगों को शायद यह छोटा मामला लगे, लेकिन छ:

हजार रुपये से किसान लोन को पेऑफ कर सकते हैं, अपने बच्चे की पढ़ाई-लिखाई करा सकते हैं, सिंचाई आदि पर खर्च कर सकते हैं, जो बड़ी बात है। इसलिए अब हम लोग छ: हजार रुपये हर किसान को देने वाले हैं। कैबिनेट में यह निर्णय हुआ है कि न सिर्फ दो एकड़ जमीन वाले किसानों को बल्कि सभी किसानों को छ: हजार रुपये सालाना देंगे । ये 90 हजार करोड़ रुपये जो सीधे डॉयरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किसानों के एकाउंट्स में जा रहा है, इससे बड़ा कंजम्प्शन बूस्ट क्या हो सकता है? इकोनॉमी में सीधे 90 हजार करोड़ रुपये जा रहे हैं।

साथ-साथ, जो फूड सेक्योरिटी एक्ट है, उस पर भी हम लोग डेढ़ लाख करोड़ रुपये खर्च करने वाले हैं। फर्टिलाइजर सब्सिडी बढ़ रही है, इससे भी किसानों की बचत होगी। किसान क्रेडिट कार्ड का जो इंट्रेस्ट सब्वेन्शन है, उसमें भी किसानों को राहत दे रहे हैं। साथ-साथ जो राज्य सरकारें हैं, आपकी भी राज्य सरकार, जिन्होंने लोन को माफ कर दिया है, हमारे यहां भी लोन माफी हुई, झारखंड में भी हम लोगों ने किसानों को और प्रोत्साहन दिया है। राज्य सरकारें भी इसमें भागीदारी दे रही हैं। जब हम लोग किसानों को कंजप्शन का बूस्ट दे रहे हैं, तो इससे अवश्य है, एकदम पक्का है कि कंजम्प्शन दौड़ेगा, इकोनॉमी भी दौड़ेगी, क्योंकि हम लोग जबर्दस्त बूस्ट दे रहे हैं।

शशि थरूर जी आप एक और बात समझ लीजिए। अगर आप ग्रामीण क्षेत्र में जाएं, त्रिवेन्द्रम तो बड़ा अर्बनाइज्ड हैं, इसलिए आप ग्रामीण क्षेत्र में ज्यादा नहीं जाते होंगे। लेकिन, कभी आप झारखंड आएं, बिहार आएं। सभापति महोदया तो वहीं से हैं, ये भी आपको वहां आने के लिए जरूर निमंत्रण देंगी। आप आएं और देखें कि आज के समय में जो हमारे ग्रामीण क्षेत्र हैं वहां अब सिर्फ एग्रीकल्चरल इनकम नहीं रही, अब आय के कई स्रोत पैदा हो गये हैं। कुछ लोग बड़े-बड़े शहरों में काम करते हैं, शायद त्रिवेन्द्रम में भी काम करते होंगे। कुछ लोग हैं, जो सरकार में काम करते हैं, वे भी वापस अपने घर में पैसे भेजते हैं और साथ-साथ बकरी पालन, मुर्गी पालन, डेयरिंग इन सब स्रोतों से किसानों की आय बढ़ रही है। इनसे भी हम लोग कंजम्प्शन को बूस्ट दे रहे हैं। हम लोग खास कर बजट की चर्चा

कर रहे हैं। इस बजट में 10 हजार फॉर्मर्स प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशन्स हैं। हम लोग डेयरिंग, फिशरीज़, जिसकी चर्चा आपने भी की, को भी प्रोत्साहन दे रहे हैं। ये सब हम लोग किसानों को दे रहे हैं ताकि उनको राहत मिले, उनका कंजम्प्शन बढ़े। इससे कंजम्प्शन को बहुत बड़ा प्रोत्साहन मिलेगा।

इसके साथ-साथ आप यह भी जान लीजिए कि इंटरिम बजट में हम लोगों ने कहा था कि मिडिल क्लास को पांच लाख रुपये तक टैक्स नहीं देना पड़ेगा। साथ-साथ 80-सी, 80-डी, 80-जी वाले जो इग्जेम्प्शन्स हैं, इनमें भी और दो-तीन लाख जुड़ जाते हैं। इस बार हम लोगों ने हाउसिंग लोन के लिए डेढ़ लाख रुपये दिये हैं। ये पैसे जो मिडिल क्लास पहले टैक्स में दे रहे थे, उसकी भी बचत है और यह उन लोगों को मिल रहा है जो खर्च करने वाले हैं The propensity to consume is high. इसलिए उनका भी कंजम्प्शन बढ़ेगा। एक ओर जो ग्रामीण क्षेत्र में हैं, जो किसान हैं, उनको कंजम्प्शन के लिए बूस्ट दे रहे हैं और साथ-साथ जो शहरी इलाके हैं, जहां लोग अपना टैक्स भर रहे हैं, वहां भी हम लोगों ने उनको कंजम्पशन के लिए टैक्स में राहत दी है। इससे वहां भी कंजम्पशन को बहुत जबर्दस्त प्रोत्साहन मिलेगा। आप किसी मध्यम वर्ग के परिवार को देखें, उनके जीने के जो साधन हैं, चाहे वह ट्रांसपोर्टेशन, टेलीकॉम या फूड प्राइसेज हों, सभी जगह आज के समय में इनके दाम घट रहे हैं। उनको हमारे इफिशिएंसी इंफ्रास्ट्रक्चर के द्वारा प्रोडक्टिविटी बूस्ट मिल रहा है। पहले लोग फोन पर दो हजार रुपये तक खर्च करते थे। शशि थरूर जी, शायद आपका दो हजार नहीं, दस हजार रुपये खर्च होता होगा । लेकिन, आज के समय में लोग पहले एक हजार-दो हजार रुपये खर्च करते थे, आज वे दो-तीन सौ रुपये खर्च कर रहे हैं। यहां भी लोगों की बचत हो रही है। मैं आपको हवाई जहाज, रेलवेज के बारे में बताऊंगा कि यहां भी लोगों को बचत हो रही है। ये सब जो खर्चे कम हुए हैं, इनसे कंजम्प्शन को बूस्ट मिला है।

देखिए किसकी प्रपेन्सिटी टु कंज्यूम सबसे हायेस्ट है। अगर उनकी जेब में 10 रुपये या 50 रुपये आ गए तो वे उसको जरूर खर्च करेंगे और इससे इकोनॉमी को बहुत फायदा मिलेगा। वे हैं गांव,

गरीब और किसान और इसलिए जब हम गांव, गरीब और किसान को राहत देते हैं, उन्हें साधन देते हैं, तो कंजम्पशन इकोनॉमी में बढती है। जो व्यक्ति चाहे खाने पर खर्च कर रहा था, घूमने फिरने पर खर्चा कर रहा था, वह खर्चा बचाकर अब कंजम्पशन में चला जाता है। आप देखिए कि हम लोगों ने गांव, गरीब और किसानों को, अपने पिछली नीतियां द्वारा जो साधन दिये। हमने इस बजट में भी साधन दिया, यह भी आपको समझना जरूरी है।

माननीय सदस्य यह भी हम लोगों ने करके दिखाया है। पिछली जो सरकारें थीं, उनमें गरीब के लिए सिर्फ स्लोगन थे। हमने स्लोगन नहीं, गरीबों को साधन दिए हैं। वह आप सब जानते हैं क्योंकि आप जब अपने क्षेत्र में दौरा करते हैं, तो बिजली, सड़क, पानी, पक्का घर और बैंक खाता आदि जो बुनियादी सुविधाएं हैं, यह हम लोगों ने करके दिखाया है। प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत हम लोग 2 करोड़ घर बनाने वाले हैं, हर व्यक्ति को पक्का घर देने वाले है। उसके लिए हम उन लोगों को जो सब्सिडी देंगे, उससे भी उनकी बचत होगी और जब इनको घर मिलेगा, जब भी किसी को घर मिलता है, चाहे वह अर्फोडेबल हाउसिंग हो या प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत हो, तो वे लोग घर में खर्चें भी करते हैं, इससे भी कंजप्शन बढ़ता है। मैं एक इसमें बात जोड़ना चाहता हूँ जो कंजप्शन से डायरेक्टली रिलेटेड नहीं हैं, लेकिन बहुत जरूरी है। इस बजट में और शशि थरूर जी ने इसके बारे में जिक्र नहीं किया, इस पर ज्यादा चर्चा नहीं हो रही है, लेकिन समझना जरूरी है कि इस बजट में गरीबों के लिए बहुत क्रांतिकारी और इतनी महत्वपूर्ण योजनाएं हैं हम लोगों ने इस शनिवार और इतवार को अपने क्षेत्र में जल शक्ति अभियान भी चालू किया, पानी के द्वारा जो हम गरीबों को लाभ पहुंचाने वाले हैं। उनके रोजमर्रा के जीवन में हम लोग राहत पहुंचाने वाले हैं, यह अद्भूत है।

आपको याद होगा कि माननीय प्रधान मंत्री जी श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा सामाजिक क्रांति लाए। आज के समय बड़े सारे डवलपर्स इंडिकेटर चाहे, मैटर्नल मोर्टेलिटी रेट हो या किसानों की इनकम हो, वह प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से प्रभावित हुई

है। यह सामाजिक क्रांति है। जहां भी आप घूमें वहां देखिए, अब गांव में पहुंचना आसान हो गया है। 97 परसेंट गांव पक्की सड़क से जुड़ गए हैं। अब गांव में पहुंचना आसान हो गया है। लोग आ रहे हैं, जा रहे हैं। पूरा व्यापार चल रहा है। यह बहुत बड़ी सामाजिक क्रांति हुई है। यह अटल जी की सरकार ने किया था। अब फेज़-3 आ गया है, इसमें 1 लाख 80 हज़ार करोड़ रुपये से 1 लाख 25 हज़ार किलोमीटर्स का अपग्रेड होना है। इस सामाजिक क्रांति को हम लोग आगे ले जा रहे हैं। आज माननीय नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने इतनी बड़ी सामाजिक क्रांति स्वच्छ भारत अभियान के द्वारा लाई। अपनी माताओं और बहनों को हम लोगों ने इज्जत दी, उनके जीवन में इतना बड़ा परिवर्तन आया। यह हम लोगों ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत किया। अब आप लोग समझिए और यह समझना जरूरी है। मैं सदन का ध्यान इस ओर आकर्षित कराना चाहता हूँ।

सभापति महोदया, आपका भी और आपके माध्यम से पूरे देश का ध्यान मैं इस ओर आकर्षित करना चाहता हूँ कि अब जो जल शक्ति अभियान चालू हो रहा है, जैसे प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के द्वारा हम सामाजिक क्रांति लाए, जैसे हम ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत सामाजिक क्रांति लाए, उसी प्रकार से जल शक्ति अभियान से हम लोग एक सामाजिक क्रांति लाने वाले है। 18 करोड़ परिवारों को नल में जल देने वाले हैं। सब लोगों ने देखा होगा कि हमारी माताएं और बहनें सिर पर देघची लिए किस तरीके से पानी चापाकल या दूरदराज किसी तलाब से ला रही है, कैसे उनको स्नान करना पड़ रहा है, कैसे उनको तालाबों में या झीलों में जाकर कपड़ों को धोना पड़ रहा है। वे समझेंगे कि जब हम नल में जल लाएंगे तो कितनी बड़ी सामाजिक क्रांति होगी। यह सामाजिक क्रांति हम इस बजट के द्वारा ला रहे हैं। इस पर हम सभी लोगों को ध्यान देना है और इसे एक जन आन्दोलन बनाकर हमें अपने क्षेत्रों में अपनी जनता के बीच में ले जाना है।

सभापति महोदया, मैंने ये जो बातें कहीं है, ये कन्जम्पशन पर थीं। जैसा हमने कहा है कि हम लोग 90 हजार करोड़ रुपये 'किसान सम्मान निधि' से दे रहे हैं। गरीबों को साधन दे रहे हैं, मिडल क्लास को राहत दे रहे हैं। हम ने इन सभी के द्वारा कंजम्पशन को बहुत बूस्ट दिया है।

अब मैं इन्वेस्टमेंट पर आता हूं, लेकिन इन्वेस्टमेंट को समझने के लिए पहले हमें सेविंग्स को समझना पड़ेगा, क्योंकि इन्वेस्टमेंट तब होगा, जब हम सेविंग्स को सही रूप से मोबिलाइज कर सकते हैं। जब हम सेविंग्स को मोबिलाइज करेंगे तब इन्वेस्टमेंट के लिए आएंगे और फिर इन्वेस्टमेंट हमारी अर्थव्यवस्था में बढ़ेगा। अब आप देखिए कि सेविंग्स के लिए हम ने कितना कुछ किया है। पहली बात यह है कि सेविंग्स में हम ने फिस्कल डेफिसिट को 3.3 प्रतिशत रखा है, यह बड़ा प्रभावशाली और अहम् है, क्यों। जब सरकार ज्यादा बॉरोइंग करती है, अगर सरकार बाजार में जा कर बैंकों से बहुत ज्यादा बॉरोइंग करने लग जाए, ऋण लेने लग जाए तो फिर इन्वेस्टमेंट, सेविंग्स के लिए क्या बचेगा, कुछ नहीं बचेगा। इसलिए जब सरकार सब सेविंग्स मोबलाइज कर लेती है, मोनोपोलाइज कर लेती है तो ब्याज की दर भी बढ़ती चली जाती है। जो निर्णय लिया गया कि 3.3 प्रतिशत फिस्कल डेफिसिट हम लोग रखेंगे, हम ने इसके द्वारा सरकार की बॉरोइंग पर लगाम लगाई, उस पर नियंत्रण लगाया। इसके कारण इंटरैस्ट रेट गिरे हैं। अगर आप बाजार में जा कर देखेंगे कि जी-सेक रेट बजट के बाद गिरा है। वह एक और कारण से गिरा है। यह भी एक ऐतिहासिक निर्णय है, गेम चेंजिंग निर्णय है, आप इस पर ध्यान दें। माननीया वित्त मंत्री जी ने कहा है कि हम लोग इतिहास में पहली बार एक सॉवरेन बॉण्ड, विदेश जा कर पैसे लेकर आएंगे। उन्होंने यह भी बताया है कि हमारे एक्सटर्नल बौरोइंग सॉवरेन बॉण्ड, सरकार का सिर्फ फाइव परसेंट ऑफ जीडीपी है, जो अन्य देशों के मुकाबले बहुत कम है। The borrowing headroom of the sovereign bond in India is actually very high and so when we go out and we issue a sovereign bond, we will not only be able to borrow at a very, very low rate compared to mobilising those savings here in

India, we shall also be able to establish a benchmark for all the Government borrowings, both domestic and international, and because we are not taking domestic savings but mobilising foreign savings, we will also be able to bring those savings into investment. This is a very important and a very profoundly significant decision that has been taken by the Finance Ministry to do a sovereign bond.

Finally, because of the inflation targeting policy that the RBI is following right now, the Government borrowings are low. G-sec rates come down. Inflation expectations are better anchored. It is possible we create the monetary space for the Reserve Bank of India to take advantage of its accommodative monetary policy stance and further bring down the interest rates. Bringing down interest rates is also good for consumption because it means your EMIs come down.

अगर आप घर, मोटरसाइकल, स्कूटर, टीवी, आप जो भी उधार पर ले रहे हैं, जब ब्याज की दर कम होगी तो स्वाभाविक है कि आपकी कंजम्पशन ज्यादा होगी। उसी प्रकार से सरकार पर जो बोझ है, वह भी कम होगा, जब इंटरेस्ट रेट्स कम होंगे। इंटरेस्ट रेट कम होगा तो आपका इन्वेस्टमेंट भी बढ़ेगा, क्योंकि आपका हर्डल रेट भी कम हो गया है। यह जो 3.3 परसेंट coupled with sovereign bond का डिसिजन है, यह आप देखें कि किस कुशलता से इसे तैयार किया गया है, जिसमें सेविंग्स को मोबिलाइज किया जाए और इंटरेस्ट रेट्स को देखा जाए। आप थोड़ा शायरी में लगे होंगे। माननीय सदस्य जी, शायद आपने इस पर ध्यान नहीं दिया, लेकिन मैं इस पर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहता हूं। अब intermediation of the financial system वह कैसे किया जाता है, वह फाइनैंशियल सेक्टर के द्वारा किया जाता है। हम लोगों ने फाइनैंशियल सेक्टर को भी इस बजट

के द्वारा दुरुस्त किया है । हम लोगों ने पब्लिक सेक्टर बैंक्स को 70 हजार करोड़ रुपये रीकैपीटलाइजेशन के लिए दिए हैं, जिसमें क्रेडिट फ्लो होगा। साथ-साथ जो रेगुलेटरी कमियां थीं, यह नेशनल हाउसिंग बैंक आरबीआई के परव्यू में नहीं था, उसको हम लोग वहां ले आए। एनबीएफसीज में जहां थोड़ा-बहुत लग रहा था कि टाइटेन हो गई है और उसके कारण भी कंजम्पशन अफेक्टेड था, हम लोगों एनबीएफसीज के लिए भी एक लाख करोड़ रुपये की क्रेडिट गारंटी स्कीम लाए हैं। हम ने यह भी कहा है कि आरबीआई अब प्रूडेंशियल रेग्युलेशन, एनबीएफसीज के साथ करेगा, उनको फरदर टाइटेन करेगा।

So, the intermediation function of the financial system takes savings on the one hand and brings it to those that are looking for savings and to those that are looking for investment, the mobilisation of savings. We have made sure that both, on the debt side and on the equity side, they are given the support that we are providing to the Start-ups, to the FPIs and to the NRIs, that is, the mobilisation of savings, thereby bringing in high quality investor, and this has been done in a very, very skilful way in this Budget. इन्वेस्टमेंट को बड़ी कुशलता से किया गया है।

मैंने सेविंग्स में मोबलाइजेशन एंड इन्वेस्टमेंट की बात कही है। अब इन्वेस्टेंट की बात करते हैं। इनवेस्टमेंट में तीन ऐसे मुद्दे हैं, जो बहुत प्रभावशाली हैं। बजट में कहा गया कि हम मेगा मैनुफैक्चरिंग जोन्स बनाने वाले हैं। वह भी ट्रांसपेरेंट कम्पेटिटिव बीडिंग से हम मेगा मैनुफैक्चरिंग जोन्स खड़ा करेंगे और वहां आप बड़ी-बड़ी फैक्ट्रियां खड़ी कीजिए। एडवांस टेक्नोलॉजी वाली फैक्ट्रियां खड़ी कीजिए। We are prepared, as the hon. Finance Minister said, to extend you appropriate tax concessions. This is going to enable us to take advantage of the current situation as far as trade is concerned. There is a very significant trade dispute developing

between the United States and China. Lots and lots of companies are looking to move out their supply chains from China to India. With these mega manufacturing zones, we are providing them the safe havens in a country with tremendous macro-economic and political stability. This is a huge boost for investment.

The second thing is electric vehicles. We all understand that electric vehicles are essential for our future. Not only is it important for us to sustain the global leadership that we have in two-wheelers, three-wheelers and small cars – we are the world leader as we are producing 22 million two-wheelers right now – we also have to ensure that we are the world leader when it comes to electric vehicles. But, at the same time, we have to reduce our import dependence. We can do that with electric vehicles. So, we have to give them this encouragement.

By coupling increased taxes on petroleum and diesel and providing incentives on electric vehicles, we are also addressing the global warming issues to which we are committed because of the Paris Accord. We, as a country, are dealing with the challenges of global warming. Therefore, the benefits of electric vehicles in aftermath of global warming also need to be emphasised. That is what we are doing for electric vehicles.

I will now come to the final point of investment, which is going to be very, very important for the middle class and for everyone looking to find a home to live in. अफोर्डेबल हाउसिंग को हम बहुत प्रोत्साहन दे रहे हैं। हमने और डेढ़ लाख रुपये का कंसेशन

अफोर्डेबल हाउसिंग में दिया है। आपको मालूम होगा कि जब लोग 45 लाख रुपये से कम कास्ट के फ्लैट खरीदते हैं, तो इन्वेस्टमेंट तो होती ही है, रीयल एस्टेट में भी इन्वेस्टमेंट होता है, लेकिन साथ-साथ कंजम्पशन भी होता है, क्योंकि जब भी कोई नए घर में जाता है, तो वह फर्नीचर खरीदता है, पर्दे खरीदता है, कारपेट्स खरीदता है, इस तरह कंजम्पशन को भी प्रोत्साहन मिलता है। हम लोग मेगा मैनुफैक्चरिंग जोन्स, इलैक्ट्रिक व्हीकल्स और अफोर्डेबल हाउसिंग को प्रोत्साहन दे रहे हैं। हम 400 करोड़ रुपये से कम की जो कम्पनीज़ हैं, उन्हें 25 परसेंट का टैक्स रेट दे रहे हैं, जिससे कि उस टैक्स की बचत से वे इन्वेस्टमेंट कर पाएं। इसके द्वारा इनवेस्टमेंट को भी हम लोग बहुत जबरदस्त प्रोत्साहन दे रहे हैं।

अब मैं उस महत्वपूर्ण बात पर आता हूं, जिसका जिक्र आपने किया और सभी लोग उस बात की चर्चा कर रहे हैं और वह बात रोजगार की है। आप देखिए कि जब कंजम्पशन बढ़ता है, जब इनवेस्टमेंट आता है, तो स्वाभाविक है कि रोजगार का सृजन होगा और हम लोग जॉब क्रिएशन करेंगे।...(व्यवधान) One swallow does not make a summer. You have to look at the structural drivers and I am on the structural drivers. स्ट्रक्चरल ड्राइव्स में देखिए नेशनल एजुकेशन पालिसी को हम कह रहे हैं कि हम करेंगे। कौशल विकास योजना को हम ज्यादा प्रोत्साहन दे रहे हैं। हम अपनी टॉप यूनिवर्सिटीज को वर्ल्ड क्लास लेवल पर ले जा रहे हैं। नेशनल रिसर्च फाउंडेशन के द्वारा रिसर्च को कंसोलिडेट करके नए-नए क्षेत्रों में काम कर रहे हैं। इसके साथ-साथ हम स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन दे रहे हैं। हम जो एआईएफ-1, एआईएफ-2 लाए हैं, वैल्युएशन की जो सिरदर्दी थी, उसे हमने हटा दिया और उन्हें भी टैक्स बचत दे रहे हैं। आप सभी को मालूम है कि अधिकतर जॉब्स छोटी कम्पनियों द्वारा दिए जाते हैं। जब छोटी कम्पनियां बड़ी कम्पनियां बनती हैं, तभी अच्छे-अच्छे रोजगार का सृजन होता है। एक जमाने में विप्रो, टीसीएस, इनफोसेस आदि जो आज की बड़ी-बड़ी कम्पनियां हैं, वे एक जमाने में छोटी कम्पनियां थीं। आज ये लाखों लोगों को

एम्प्लॉय करते हैं। हम लोग भी उसी प्रकार से नई-नई कम्पनियों को प्रोत्साहन दे रहे हैं और इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा।

अभी माननीय सदस्य तेजस्वी सूर्या जी ने कहा कि रूरल इंटरप्रेन्योरशिप को भी प्रोत्साहन दिया गया, यह बात भी सच है। आप देखें चाहे वह 75 हजार स्किल्ड इंटरप्रेन्योर्न्स की बात हो, फार्मर प्रोड्यूसर आर्गेनाइजेशंस की बात हो, कॉओपरेटिव्स की बात हो, इसका पूरा विस्तार बजट में दिया गया है। मैं आपको रोजगार के बारे में कुछ आंकड़े देना चाहूंगा। माननीय सदस्य ने रोजगार के बारे में कुछ आंकड़े दिए हैं। अगर आप ईपीएफओ डेटा पर जाइए, जहां आर्गेनाइज्ड जॉब क्रिएशन के बारे में सबसे एक्यूरेट डेटा मिलेगा।

वहां आपको नज़र आएगा कि फिस्कल-19 में 1.37 करोड़ जॉब्स का क्रिएशन हुआ है। …(व्यवधान) ऑर्गनाइज़्ड सैक्टर में 18-25 ईयर्स ओल्ड के फर्स्ट ईपीएफओ कॉन्ट्रिब्यूशन के आधार पर इसको किया जाता है। …(व्यवधान) हर महीने करीब नौ लाख लोगों को रोज़गार मिल रहा है। …(व्यवधान) यह ईपीएफओ डेटा में दिया जा रहा है। स्व-रोज़गार के लिए भी हम लोग 30 करोड़ रुपये का मुद्रा लोन दे रहे हैं। आप जॉब्स की बात करते हैं। शशि थरूर जी, अगर आपको इस विषय पर चिंता है, तो आप त्रिवेंद्रम जाइए और दिहाड़ी पर किसी मज़दूर को लेने की कोशिश कीजिए। मैं आपको दावे के साथ कहता हूं कि आपको 400-500 रुपये दिहाड़ी पर भी कोई मज़दूर नहीं मिलेगा। अगर रोज़गार की इतनी किल्लत होती, तो लोग कम पैसे में क्यों नहीं मिलते? …(व्यवधान) ऐसा नहीं हो रहा है। …(व्यवधान) आप देख रहे हैं। …(व्यवधान) यही सही है। …(व्यवधान) आप कहीं भी चले जाइए, चाहे आप झारखंड जाइए या केरल जाइए, 300-400 रुपये से कम दिहाड़ी पर आपको कोई नहीं मिलेगा। …(व्यवधान)

माननीय सभापति महोदया, अब मैं अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं। मैं एक बार फिर माननीय सदस्यों को कंक्लूज़न में अपनी बात संक्षेप में समझाने की कोशिश करूंगा। जो मॉडल माननीय सदस्य डॉ. शशि थरूर जी ने दिया, जिस रूप-रेखा पर उन्होंने अर्थव्यवस्था का एनालिसिस किया, उसी रूप-रेखा पर, उसी मॉडल पर मैं कह रहा हूं कि आप इनवेस्टमेंट को देखें, आप कनजंप्शन को देखें, आप सेविंग्स को देखें, आप जॉब्स को देखें, आप हर क्षेत्र में देखें। आप ईमानदारी से देखेंगे, तो आपको नज़र आएगा कि इस बजट में हमने जिन नीतियों को प्रस्तुत किया है, वे बहुत ही प्रभावशाली हैं और दूरदर्शी हैं। हमें 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी नहीं, बल्कि 10 ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी की तरफ यह बजट ले जा रहा है। …(व्यवधान) मैं अंत में कहना चाहूंगा, मैं कोई शायरी नहीं पेश कर रहा हूं। इसलिए आप सब थोड़ा धैर्य रखिए। …(व्यवधान) स्वामी विवेकानंद जी का एक बहुत ही प्रसिद्ध लैक्चर था, जो वर्ष 1901 में न्यू यॉर्क में हुआ था। यह अंग्रेज़ी में है, इसलिए शशि थरूर जी को पसंद आएगा। मैंने इसका बड़ा अध्ययन किया और इसे ध्यान से पढ़ा। अगर आपको रिफॉर्मर बनना है, तो क्या शर्त होनी चाहिए, क्या कंडीशंस और क्राइटीरियाज़ होने चाहिए। स्वामी विवेकानंद जी ने कहा है कि - If you wish to be a true reformer, three things are necessary. विपक्ष के मेरे साथियो, आप लोगों के लिए यह बहुत लंबा रास्ता है। आप इसका अध्ययन कर लें। आपको इससे लाभ मिलेगा। हमने तो अध्ययन कर ही लिया है, लेकिन आप भी इसे जान लीजिए। The first is to feel. Do you really feel for your brothers and sisters? Do you really feel that there is so much misery in the world? हम नामदार लोग नहीं हैं, हम तो कामदार लोग हैं। …(व्यवधान) Are you full of that idea of sympathy? Do you really feel for your brothers and sisters?

Second, you must think next if you have found any remedy. इस बजट में वह रैमेडी है, वह एक्शन प्लान है। क्या आपके पास इसकी रैमेडी है? Then, you have to ask :

What is your motive? Are you really sure that you can stand to your ideals and work on, even if the whole world wants to crush you down? Are you sure that you will persevere so long as life endures? Only then, you are a real reformer, you are a teacher, a master, a blessing to mankind.

माननीय सदस्यगण, न सिर्फ यह बजट, न सिर्फ राष्ट्रपति जी का अभिभाषण, न सिर्फ हमारा संकल्प पत्र, ये सब नहीं, बल्कि हमारी जो नीतियां हैं, वे दर्शाती हैं कि हम रियल रिफॉर्मर हैं, हम देश हित में काम कर रहे हैं, मैनकाइंड के लिए काम कर रहे हैं। माननीय प्रधान मंत्री जी के कुशल और साहसिक नेतृत्व के कारण हम इस देश को अवश्य एक विश्व गुरु बनाएंगे, जिससे हमारी जनता और पूरे विश्व को इससे लाभ मिलेगा। इसी के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**SHRI T.R. BAALU (SRIPERUMBUDUR):** Madam Chairperson, at the outset I would say that neither myself nor my leader, Dr. M.K. Stalin, nor the Members of Parliament nor the people of Tamil Nadu received any cheers from the Budget. But at the same time we had a sigh of relief when Madam Finance Minister quoted the verses of *Purananuru*, *and Pisirandaiyar* of the Sangam Age.

I would now go into the details of the Budget. My friend's son, Shri Jayant Sinha, has now just asked us to talk about figures. He said that unless we quote figures he would not accept anything. That is what my friend's son already spoke. He is very much correct. I am just pointing out two or three figures. The Government of India has claimed that during 2018-19, the tax to GDP ratio will go up to 12.4 per cent. This was my friend, Shri Jaitley's words. Now, it has dwindled to 11.9 per cent. Next year it is going to be 11.7 per cent. Then, how will you be able to say that the economy is growing?

I am an ordinary person. I hail from a small village, a remote corner in deep South. I am a farmer's son. I thought these questions would be good ones that can be posed to the Government of the day. The public debt has mounted without any check causing severe damage to the economy. The income is Rs. 19.62 lakh crore. The expenditure is Rs. 27.86 lakh crore. Hence, the Government is forced to borrow Rs. 7 lakh crore. Apart from that, the National Highways Authority of India and the Food Corporation of India will be borrowing not less than Rs. 4.4 lakh crore. So, altogether approximately Rs. 11 lakh crore have to be borrowed

by this Government to survive. In this scenario, where is the chance for the Finance Minister to fund the infrastructure projects?

They are all very big economists. They know what will happen if the price of petrol and petroleum products is increased. They know pretty well that the common man will suffer. There will be spiralling effect in the economy if you increase the price of petrol and diesel and petroleum products. If you increase the price of petrol and diesel, there will be a cascading effect. It is wide open to the economists and they know what will happen.

I have to appreciate the boldness of the Finance Minister and the present day Government. If we increased the price of petroleum products even by 10 or 15 or 25 paise during UPA's period, the present day ruling Party, the then Opposition, used to jump from ground to sky. But now they have got the guts to increase the price of petrol by Rs. 2.57 and that of diesel by Rs. 2.30 per litre. As I said, whenever we used to increase the price by even 25 paise during the UPA's regime, they used to pounce on us. But now they are comfortably increasing the price by Rs. 2.57 and Rs. 2.30 per litre of petrol and diesel respectively. What is the basic price of petrol in Chennai? It is Rs. 33.91. For diesel it is Rs. 38.54. Excise duty is Rs. 19.98 on petrol. Excise duty on diesel is Rs. 15.83. Dealer commission is Rs. 3.56 for petrol and for diesel it is Rs. 2.50.

The retail price per litre of petrol is Rs.72.96. The price of diesel per litre is Rs.66.69. Suppose, without providing for excise duty and VAT, if they levy 18 per cent GST, what will happen? The price will be of the order of Rs.44.21 per litre of petrol and Rs.48.43 of diesel. So, there is a difference. Holistically, the difference of price of petrol will be Rs.28.75 per litre. There will be a reduction. At the same time, Diesel will be Rs.18.26 per litre.

Madam, you can understand how this Government is mopping up the public money, the common man's money to the Exchequer. This is not fair. This is not at all fair to punish the common man to spare his money to the Exchequer. How can we tolerate this? How can the people's representatives tolerate all these things?

Madam, what did the Ministers coming from Delhi to Chennai say at the Airport? It was said, "Yes, we are not going to accept the excise duty hereafter, we are not going to allow the VAT to be levied by the States and definitely, we are going to levy GST only." What has happened to the promises made by the Ministers? They have wiped out 17 taxes; they have wiped out 13 cesses. Why have they not introduced GST in case of petrol and diesel? Why can the excise duty not be wiped out? Why have they not allowed VAT to be levied by the States? What is the problem? This has to be answered by the Finance Minister as well as by other people of the ruling party.

Public are suffering; the common men are suffering. This is very much an awful thing. This Government will be pulled down because of this reason. It affects the farmers; it affects the common man; it affects the petty shop owners and it affects everybody. So, this has to be withdrawn forthwith and at the same time, they should introduce GST on petrol and diesel without any loss of time.

My late revered leader Dr. Anna who established our Party was worried about the development of Tamil Nadu. He was worried about the economic development; he was worried about the industrial development. He continuously argued for this.

My leader Dr. Kalaignar Karunanidhi and the whole party was vociferously fighting for a separate Dravida State. Why have we pushed it to that extent? It is because we did not have any industry and we did not have any economic development in those days. I am talking about those days. So, invariably, we were arguing for a separate Dravida State. But that was given up because of the Chinese aggression in 1962.

In 1962, Anna took a view that during emergency, during the wartime, we should not push this. So, he withdrew this. But at the same time, he said, "the reasons are still continuing and it will continue." Even oday, it is continuing. Even now, Dr. Anna's words are continuing. Even now, we are rejected and that is why

we are dejected. Madam, what has happened to the Salem Steel Plant? Anna vociferously declared a resurgent day for Salem Steel Plan.

My Leader, Dr. Kalaignar Karunanidhi, took up the matter with the rural masses. He had travelled the length and breadth of Tamil Nadu and has created awareness among the public. There was a lot of hue and cry in Tamil Nadu. So, what has happened? Finally, the people at the helm of affairs here in Congress like Congress Leader, Shri Kamaraj, took it very seriously. He had established the tank factory, and he was the root cause to establish a BHEL in Trichy. So, industrial revolution started taking place because those Leaders, who were very much knowing the problem of Tamils, had come to our rescue.

On 21/03/1970, my Leader, the then Chief Minister of Tamil Nadu. In the National Development Council (NDC) in front of the mighty ruler, Shrimati Indira Gandhi, he roared like lion and said that : "My State is being ignored as there is no industrial relation or economic development. So, at least, in this meeting in the Fourth-Five Year Plan, the Salem Steel Plant should find a place.". This is what he had roared at that time in that meeting, but it was not understood by Shrimati Gandhi at that time. Therefore, my Leader, Dr. Kalaignar Karunanidhi, had walked out of that NDC. Thereafter, within 15 days, Shrimati Gandhi called my Leader, Dr. Kalaignar Karunanidhi, to Delhi and it was in the Parliament itself on 14/07/1970 that it was announced that the foundation stone of the Salem Steel Plant would be laid very shortly. This was what was expressed in the Parliament.

Today this particular Plant has gone to red. Why has it gone to red? It is not because of the labourers. It is only because of the Management, and I can say that it is only because of this Government.

What is happening now? This Government had promised to bring solar power plant, which has not been brought. If they would have brought the solar power plant, then Rs. 30 crore would be reduced from the cost. The cost of power is Rs. 133 crore; the cost of depreciation is Rs. 90 crore; and interest is Rs. 100 crore. As regards the interest part, the investment made by this Government is not in the form of grant, but it is totally based on borrowed money to interest payable by the company to the Government of India. Will it be able to bear it? For us and Tamil Nadu, it will be an interest-bearing loan, but for other States it will be a grant. Will anybody accept it? This is what is happening to Tamil Nadu projects.

Moreover, for the past three years, the labour force is trying to reduce the losses. What is happening there? In 2014-2015, the result was Rs. 355 crore; in 2015-2016, it was Rs. 465 crore; and in 2016-2017, it was Rs. 77.65 crore. So, you can very well understand as to how the people have toiled and slowly bringing it from 'red' to 'green'. So, this is happening in Tamil Nadu. This industry has been brought with great care and fight of my Leaders. So, it is an emotionally integrated subject for me.

The Minister of State, Mr. Anurag, is sitting here who is a young gentleman, and he can understand the problem that 4,000 farmers gave their farming land out of which many people gave it free of cost and many people gave it at throw-away prices. Those farmers will not permit you to hand over the plant to any third-party private person.

I can only warn. I can only say, beware of Ides of March. You know as to what is meant by 'Ides of March'. At the same time, management people are the root cause for losses and not labourers. People running the management are simply sitting in the airconditioned rooms. As Madam stated yesterday, people running the management are sitting in the airconditioned rooms.

Raw material has to come from Durgapur – from Durgapur to Salem. You can imagine the logistics. You are all from the finance background. You all know what is accountancy. How is this type of loss being created? Materials are not supplied on time. Steel is not supplied on time. Moreover, what is the order of Railways? Railways, being a Government concern, has to purchase. It has to purchase tonnes and tonnes of stainless steel from the Salem Steel Plant. Now a days, it is not doing so. What it amounts to? The Ministry of Railways has reduced the order. Earlier, the Ministry of Railways used to put indent from Salem Steel Plant for 5,575 tonnes per year. This year, what has happened? It has reduced the order to 121 tonnes. That means, your Government is not totally concerned about this Plant. The Government is simply ignoring the plant For all these acts of

yours, you have to answer to the people. In this regard, I can only request my friends on the other side, who were all my friends once; I have friends on this side also.

Same thing is happening to the Sethusamudram project. Whose project is that? Nobody knows that it is the project of Vajpayee *ji.* Young gentlemen present here may not be knowing that. What has happened? Who has signed the agreement? All the friends like Goyal *ji* had signed; my friend, Shri Jaitley had signed; everybody has signed. After that, Vajpayee *ji* has put his seal.

I have never seen such a great leader like Vajpayee *ji* in India. He is the towering personality of India. I have worked under him. He was just like my father. Such a nice man has brought this project to life after 150 years. This was the dream of Anna, Kamaraj and Dr. *Kalaignar* Karunanidhi. He was not heading the Government in 2005. Dr. Manmohan Singh laid the foundation stone in front of Madam Sonia *ji.* What went wrong? It is your own project. Anurag *ji,* is there any mention of Sethusamudram project in the Budget? Have you forgotten Vajpayee *ji* or the project itself? You have not mentioned anything about it. It is sad on your part? It is the BJP's project? I had only taken it up by preparing the DPR, and started its execution. Madam Sonia, and Dr. *Kalaignar* Karunanidhi and Dr. Manmohan Singh laid the foundation stone in Madurai in 2005. It was going on well. If I say the names of fanatics, you would sprung at me. I don't want to say that. I don't want to hurt you also.

महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि आज हम 01 करोड़ 95 लाख आवास दे रहे हैं। आजादी के बाद, आज हर घर में टॉयलेट्स होने चाहिए थे। हम ने 9 करोड़ टॉयलेट्स बनाए हैं। हम ने 'उज्ज्वला योजना' के तहत सात करोड़ चूल्हे बांटे हैं। गांव में कभी कोई क्लीन एनर्जी की कल्पना नहीं कर सकता था।

आज हम श्रमिकों की बात करते हैं। You are always advocating for the interest of labour and for the protection of labour. I used to endorse even your cause. आज पहली बार आपको महसूस हो रहा होगा कि उन श्रमिकों को प्रति माह तीन हजार रुपये पेंशन देने की बात है। तीन करोड़ खुदरा व्यवसायिओं को वह देने की बात है। एक करोड़ रुपये का लोन 95 मिनट में निकल सकता है। आज फाइव ट्रिलियन अर्थव्यवस्था की बात होती है। देश की आजादी के बाद वर्ष 2014 तक देश की इकोनॉमी क्या थी – 1.85 ट्रिलियन डॉलर। वर्ष 1947 में देश आजाद हुआ और वर्ष 2014 तक देश की अर्थव्यवस्था केवल 1.85 ट्रिलियन डॉलर की थी। वर्ष 2018 में यह 2.7 ट्रिलियन डॉलर थी। हमारा संकल्प है कि हमारा देश तीन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था वाला देश बने। हम एनडीए की सरकार में ग्यारहवें से छठे स्थान पर आ गये हैं और हम पांचवें स्थान पर पहुंच जाएंगे। आज हम दुनिया में अर्थव्यवस्था के मामले में छठे स्थान पर हैं। …(व्यवधान)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude now. There are so many speakers from the BJP.

**SHRI JAGDAMBIKA PAL**: Sir, I am concluding. मैं ज्यादा समय नहीं लूंगा। आज इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की बात हुई है।

आज महिलाएं हों या श्रमिक हों, जब जन-धन एकाउंट्स खुल रहे थे तो उसे प्रधान मंत्री जी ने एक अभियान बनाया। लोग कहते थे कि गरीबों का जन-धन खाता खुलेगा, उसमें पैसा कहां से आएगा? यह खाता किस लिए खुल रहा है? लोग सरकास्टिक रिमार्क्स पास किया करते थे। आज 33-34 करोड़ प्रधान मंत्री जन-धन खाते खुले। आज उसी जन-धन खाते में वीमेन सेल्फ हेल्प ग्रुप में जीरो बैलेंस पर खाता खुल रहा है। गांव की गरीब महिलाओं को अपने किसी बच्चे या बीमार सदस्य के 105 डिग्री के बुखार की हालत में पांच हजार रुपये की ओवरड्राफ्ट की सुविधा मिल रही है। वे

शहर लेकर जाकर उसका इलाज करा सकते हैं। सेल्फ हेल्प ग्रुप से उनको एक लाख रुपये का लोन मिल सकता है।

आज हम रेलवे में 50 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहे हैं। अगर इन्वेस्टमेंट नहीं होगा तो एम्प्लॉयमेंट नहीं बढ़ेगा और एम्प्लॉयमेंट नहीं होगा तो जीडीपी नहीं ।

निश्चित तौर से ये सारे विषय आपस में जुड़े हुए हैं। क्या इसी सदन में वर्ष 2014 तक पॉलिसी पैरालिसेस की बात नहीं होती थी? आज पॉलिसी पैरालिसेस की बात नहीं हो रही है। आज ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस की बात हो रही है। आज ईज़ ऑफ लिविंग की बात हो रही है। मैं समझता हूं कि आज देश बदल रहा है। पहले दुनिया में लोग अपने देश से पूंजी निकाल कर यूरोप, अमरीका, साउथ अफ्रीका में इन्वेस्ट कर रहे थे, लेकिन आज स्थिति बदल गई है। आज चाहे दावोस का आर्थिक सम्मेलन हो, चाहे ब्रिक्स का सम्मेलन हो, चाहे जी-20 का सम्मेलन हो, आसियान का सम्मेलन हो, यूनाइटेड नेशन्स का सम्मेलन हो, अब दुनिया में जब हमारे प्रधान मंत्री जाते हैं, तो वर्ल्ड के लीडर बनकर इमर्ज करते हैं और पूरी दुनिया हमारी तरफ देख रही है कि ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए हमारा देश एक अच्छा मुल्क है।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री जगदम्बिका पाल :** मान्यवर, मैं कहना चाहता हूं कि डायरेक्ट टैक्सेस बढ़े हैं। पैन कार्ड हो या न हो, आधार कार्ड मान्य कर दिया। मुकेश जी बैठे हैं, जिस गांव में भी जाएं, किसी भी पार्टी का एमपी हो, हर एमपी से सबसे पहले गांव का व्यक्ति मांग करता है कि हमारे गांव को भी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से जोड़ दीजिए। आज देश का हर गांव इस योजना से जुड़े, उसके लिए 1,25,000 किलोमीटर सड़क बनाने का प्रावधान इस बजट में किया गया है। पहले हम लोग थोड़ी-थोड़ी सड़क के

लिए प्रस्ताव भेजते थे। मैं समझता हूं कि हर संसदीय क्षेत्र के सांसदों के गांव की कनेक्टिविटी इस योजना के माध्यम से होगी, जिसके लिए 80,250 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

**माननीय सभापति :** आप कृपया बैठ जाएं। आपकी पार्टी के भी 30 से ज्यादा सदस्यों ने अपनी बात कहनी है।

**श्री जगदम्बिका पाल:** मैं सिर्फ इतना मेंशन करना चाहता हूं कि कितना एलोकेशन पीएमजीएसवाई योजना के लिए किया गया है। अभी तक घरों में शौचालय नहीं था, बिजली कनेक्शन नहीं था, आवास नहीं था, गैस नहीं थी। हमने साढ़े पांच लाख से ऊपर गांवों को ओडीएफ किया है, 9 करोड़ शौचालय बनाए हैं। 256 जिलों के 1592 ब्लॉक डार्क जोन हो रहे थे। वहां पानी की कमी थी। लोग कहते हैं कि थर्ड वर्ल्ड वॉर पानी पर होगा। अधीर रंजन जी भी कह रहे थे। हम भी उस डिबेट में भाग ले रहे थे। निश्चित तौर पर मैं कह रहा हूं कि यह संकल्प हो कि हर गांव में हम बिजली पहुंचा सकते हैं, हर घर को उज्ज्वला दे सकते हैं, हर घर को शौचालय दे सकते हैं, ऐसे ही हमारी सरकार हर घर को जल देगी। इस बजट का ध्येय 'जल और जीवन' है। 'हर घर को जल और हर घर के नौजवान का बेहतर कल, यही हमारा है संकल्प।'

**SHRI PRADYUT BORDOLOI (NOWGONG)**: Hon. Chairperson Sir, thank you for giving me this opportunity to participate in the General Discussion on the General Budget, 2019.

One was really elated to listen to the Budget speech of the hon. Finance Minister on the 5th of July, 2019. It was a fine seamless blending of English, Hindi, Urdu and Tamil. She gave us a lot of hope but during her speech when she started to elaborate on the real issues, the hon. Finance Minister urged the hon. Members to refer to the annexure to the Budget speech to know about the specifics.

When one goes through the specifics, the Budget speech turned out to be a façade an empty rhetoric and non-philosophy. The hon. Finance Minister, in her Budget speech, promised the country a journey towards a five trillion-dollar economy, a journey with the slowest pace in the last 15 years! In the last five years, the economy of India, no matter what the Government claims as India is the second fastest growing economy was actually lumbering painfully. With prudent policy management India should have surpassed China. But with the slowest pace in economic growth, are we supposed to reach that five trillion-dollar economy within the targeted period?

*The Economic Survey* says that India has envisaged a growth rate of eight per cent but eight per cent growth is nowhere to be seen in round the corner. If

we were to reach the target of five trillion dollars economy, we have to grow at the rate of 12 per cent and not eight per cent. The gap between receipts and expenditure in our budget is nearly 25 per cent. The Budget speech indicates that this gap has to be bridged by borrowings. The borrowings of Rs. 7 lakh crore is not a small figure. The hon. Finance Minister also has indicated that the country might resort to the external borrowings for bridging the gap. Not being sceptical, it reminds us of cases of Latin American countries like Venezuela, Chile or some other countries having resorted to the reckless external borrowings. So, when it comes to External Borrowings we would like to know the action plan of the Government of India, if it resorts to external borrowings, like at what rate, what would be the return and what would be the repayment period. This country has the right to know about the action plan of any such external borrowings.

A Budget is not merely an account of receipts and expenditure or an account of fiscal deficit or financial concessions. A Budget is actually a philosophy. A Budget should actually be a roadmap for tangible implementation of that philosophy. So, this Budget should give us the roadmap.

And the primary aim of any Budget of the Government of India should be to generate income and employment. It is a matter of grave concern that we are facing an unprecedented job crisis in India today. I would just quote the figures in this regard. In 2011-12, unemployment rate was 3.8 per cent which jumped to five per cent in 2015-16. As per the latest report of the National Sample Survey

Office which was released last June, unemployment rate has jumped to 6.2 per cent in 2017-18. Sir, it is not a joke. The slow and steady rise of the figure has been attributed to subdued investment and stunted growth of our manufacturing sector. Even today, this Government has failed to give us a National Manufacturing Policy. This Government has failed to give us an Industrial Policy that would boost or accelerate the growth of the manufacturing sector and multiply economic activities. The Periodical Labour Force Study Report released by the National Sample Survey Office in June, 2019 clearly states that unemployment rose by 3.5 per cent over the figures of 2012-13.

What is alarming is that only in the year 2017-18, thirty millions or three crores of our working force got failed. Three crore people in 2017-18 alone lost their jobs and became unemployed. This figure is really a matter of big concern.

Now, what are the tools of job creation provided by this Budget? This is the question now. Like unemployment problem, there is another big crisis looming over us and that is the agrarian crisis. We all know that 55 per cent of our working population, basically, is engaged in the agricultural sector. But what is the contribution of the agricultural sector to our GDP? It is merely 17 per cent. Why does this mean? This means that we have huge disguised unemployment in the agricultural sector. There is a lot of scope to increase and to accelerate the growth of agrarian economy.

The Prime Minister's Kisan Samman Nidhi Yojana is a nice policy, but it is only a subsidy. It is not an investment in the agrarian sector. I come from Assam. About 75 per cent of our farmers in Assam are still settled with a single crop. Assam, probably, has the most fertile land. But if we invest in watershed management, if we invest in irrigation, if we invest in mechanisation, and if we go for multi-cropping, the agrarian income and the rural income will multiply. These are the areas where investment is required and budget remains mum.

The Finance Minister has actually given us a lot of hope that the job crisis will decrease and the agrarian economy will accelerate because of private sector investment. But where is the private sector investment? There are no signs of optimism in the private sector and ....(*Interruptions*) Fresh private sector investment plunged to a 15-year low figure. Even public sector's new projects failed by a staggering 41 per cent in the last five years.

The public sector projects are being stalled at an all-time figure of 26 per cent. Make in India has been a monumental failure. What would be the boosting formula? The Budget has not provided anything....(*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON**: Please conclude now.

… (*Interruptions*)

**SHRI PRADYUT BORDOLOI** : I would like to tell you one thing. I come from the North-Eastern Region.…(*Interruptions*) I just want to say that the great Indian nation strives on pluralism. …(*Interruptions*) The great Indian nation is not consolidated by a singular idea or *Hindutva.* This country is held together when you respect pluralism and recognise it. There is a huge difference between the core and periphery. From the core, you cannot impose the singular idea to the people of periphery. You have to reach out to them with compassion and empathy. Otherwise, the centripetal tendency of the core will degenerate into centrifugal tendency.…(*Interruptions*)

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude.

**SHRI PRADYUT BORDOLOI** : There will be a tendency of secession if you do not reach out to the periphery. You cannot impose a unitary or singular idea on the idea of pluralism.

I come from Assam, the North-East.…(*Interruptions*) We have not come here with a begging bowl. We want that the peripheries should be protected. The peripheries should be given due importance with understanding.

**HON. CHAIRPERSON:** Please conclude now.

**SHRI PRADYUT BORDOLOI**: Sir, the special status of the North-Eastern Region has been removed. The North-East Industrial Investment Promotion Policy has been dropped. These were the measures with which the core reached out to

ensure that the regional disparity can be eroded. You have to reach out to the periphery. You can not impose an idea from the core.…(*Interruptions*) and expect that India will be 'Akhand Bharat'.

**HON. CHAIRPERSON:** Kindly conclude. Otherwise, the speech will be unfinished.

… (*Interruptions*)

**SHRI PRADYUT BORDOLOI**: Sir, that is why, with profound regret, I have to say that the Budget of the Government of India presented by the hon. Finance Minister has failed us. Thank you.

**श्री वैद्यनाथ प्रसाद महतो (वाल्मीकि नगर):** माननीय सभापति महोदय, सर्वप्रथम आम बजट पर बोलने का जो आपने अवसर दिया है, इसके लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं। देश की पूर्णकालिक पहली महिला वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी ने जो बजट पेश किया है, उसके लिए वे बधाई की पात्र हैं। उनको मैं विशेष रूप से धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने जनप्रिय मुख्य मंत्री माननीय श्री नीतीश कुमार जी के ''सात निश्चय'' योजना में से एक योजना 'हर घर नल, हर घर जल' को अपनाने की बात कही है। भारत गांवों का देश है। भारत की आत्मा गांवों में बसती है। गांव, गरीब और किसान के बारे में आम बजट में जिक्र किया गया है।

आम बजट में किसानों के लिए, गरीबों के लिए सराहनीय कदम उठाया गया है, उसके लिए सदन के माध्यम से माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी को तहे दिल से धन्यवाद देता हूं। महोदय, जहां से मैं बोल रहा हूं, वह न्याय का सबसे बड़ा मन्दिर है। न्याय के मन्दिर में राजनीति से ऊपर उठकर देशहित और जनहित की बातें हमें कहनी चाहिए। सत्य को सत्य और असत्य को असत्य कहना चाहिए। चूंकि इस कार्यवाही को न केवल देश की सवा सौ करोड़ जनता किसी न किसी रूप में देख और सुन रही है, बल्कि सम्पूर्ण विश्व की नजर भी इस कार्यवाही पर है।

महोदय, आजादी के 70 वर्ष बाद भी समाज में कहीं धूप तो कहीं छाया है, कोई हंस रहा है तो कोई रो रहा है, कहीं गरीबी है तो कहीं अमीरी है। इस खाई को पाटने की आवश्यकता है। इंसान-इंसान को रिक्शे पर ढोता है। अभी समाज में ऐसे भी लोग हैं जो पेट के सहारे ठेला चला रहे हैं। उनको कितना कष्ट होता होगा, यह सदन को सोचना चाहिए। अभी भी देश में ऐसे गरीब हैं जो कंबल और रजाई की जगह चड्ढी और बोरा ओढ़ते हैं। कवि ने कहा है कि – 'गरीबों की आह में भगवान बसते हैं।' अत: हम सभी को गरीबों की सेवा करनी चाहिए। जेठ, बैसाख की कड़ाके की धूप में जब किसान कंधे पर हल और कुदाल लेकर खेत में काम करने जाता है, तो उसके माथे से पसीना टपकता हुआ उसके पैरों के तलवे तक आता है। उसी में भगवान का दर्शन होता है। इसलिए गरीबों, मजदूरों,

रिक्शा-ठेला चलाने वाले और समाज के दबे-कुचले लोगों को राहत कैसे हो, इस पर हम सभी को सोचना चाहिए।

महोदय, मैं बिहार की ओर आपका ध्यान ले जाना चाहता हूं। वर्ष 2000 में बिहार और झारखण्ड का बंटवारा हुआ। सभी प्राकृतिक संपदा, धन संपदा, कल-कारखाने झारखण्ड में चले गए और बिहार में सिर्फ बालू और नदियां ही बचीं। कोसी नदी, गंडक नदी, महानंदा नदी और गंगा नदी की बाढ़ से सारा बिहार बाढ़ की चपेट में आ जाता है। इससे निजात दिलाने की जरूरत है। बिहार के लोकप्रिय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने अपने कार्यकाल में बिहार को काफी मजबूत किया है। बिहार वासियों की आशा भरी नजरें बरबस ही आपकी ओर हैं। देश के लोकप्रिय प्रधान मंत्री को बिहार जैसे गरीब राज्य को विशेष राज्य का दर्जा देना चाहिए। यदि वे यह दर्जा देते हैं तो उनकी बड़ी कृपा होगी।

महोदय, मैं जहां से दूसरी बार सांसद चुनकर आया हूं वह संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर के नाम से जाना जाता है। यह क्षेत्र महर्षि वाल्मीकि की तपोभूमि, लव-कुश की जन्मभूमि, चाणक्य की कर्मभूमि है। वाल्मीकि नगर हिमालय की गोद में अवस्थित दर्जनों नदियों से युक्त मनोरम स्थल है। यह महात्मा गांधी की कर्मभूमि के नाम से भी विख्यात है। यहां चार लाख लोग थारू आदिवासी जनजाति समाज के हैं, जो काफी मेहनती होते हुए भी गरीब हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए माननीय मुख्य मंत्री श्री नीतीश कुमार जी ने समेकित थरुहट विकास अभिकरण बनाकर इस क्षेत्र का काफी विकास किया है, फिर भी यह क्षेत्र पिछड़ा है।

महोदय, यह क्षेत्र दर्जनों पहाड़ और नदियों से घिरा हुआ है। अनेक नदियों पर बड़े-बड़े पुल बनाने की आवश्यकता है। यहां जनजाति के लोग रहते हैं, जिनको एक प्रतिशत का आरक्षण मिला है। वहां के जनजाति के लोग आरक्षण बढ़ाने की मांग करते हैं। सरकार को इस पर भी विचार करना चाहिए। थारू वनवासी लोग खेलकूद, संगीत और नाच-गाने में बहुत अधिक अभिरुचि रखते हैं। इसके

लिए क्षेत्र में स्टेडियम बनाने की जरूरत है। हमारे क्षेत्र में अभी भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है। केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना होनी चाहिए।

**माननीय सभापति:** प्लीज समाप्त कीजिए।

**श्री वैद्यनाथ प्रसाद महतो :** महोदय, क्षेत्रवासियों की मांग है कि केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना यथाशीघ्र करवाई जाए। संचार के लिए इस क्षेत्र में अभी तक टावर नहीं लगा है। यहां टावर लगाने की व्यवस्था अतिशीघ्र की जानी चाहिए। नरकटियागंज में रक्सौल, गोरखपुर और सीतामढ़ी से ट्रेनें आती हैं, लेकिन वहां से कोच की धुलाई और सफाई का काम नहीं हो पाता है। अत: इसकी भी व्यवस्था की जानी चाहिए। बगहा रेलवे स्टेशन पर वीआईपी रूम की आवश्यकता है।

**माननीय सभापति:** प्लीज कनक्लूड कीजिए।

**श्री वैद्यनाथ प्रसाद महतो :** महोदय, नरकटियागंज स्टेशन पर फूड प्लाजा की व्यवस्था होनी चाहिए। इस क्षेत्र में गोरखपुर, उत्तर प्रदेश से होते हुए बगहा, नरकटियागंज, बेतिया, मुजफ्फरपुर होते हुए …(व्यवधान)

**माननीय सभापति:** रेलवे मिनिस्ट्री का अगला डिसक्शन है, उसमें आप बोल सकते हैं।

**श्री वैद्यनाथ प्रसाद महतो:** पटना तक पूर्ण रूप से ट्रेनें चलती थीं, आज ट्रेनें बंद हैं। जैसे ट्रेन संख्या 55042 डाउन गाड़ी पैसेंजर और गाड़ी संख्या 55041 पाटलीपुत्र से संध्या 6 बजे चलकर बगहा सुबह 4.30 बजे पहुंचती थी, वह बंद है। उसको चालू करने की जरूरत है। ट्रेन संख्या 55030 गोरखपुर से चलकर बगहा, नरकटियागंज, बेतिया होते हुए मुजफ्फरपुर सुबह पहुंचती थी।

**HON. CHAIRPERSON**: Hon. Member, you can speak on this point during the Railway Budget.  We are going to discuss it separately.  Now, please conclude.

**श्री वैद्यनाथ प्रसाद महतो :** हम मांग करते हैं कि उसकी आवश्यकता है।

महोदय, अंत में उपर्युक्त सभी मांगों को ध्यान में रखते हुए, सहानुभूतिपूर्वक विचार करना चाहिए। साथ ही एक बात कहना चाहते हैं कि चम्पारण जिला गन्ना उत्पादक है। वहां की चीनी मिलें गन्ने का दाम नहीं दे रही हैं। किसानों में आक्रोश है।

**SHRIMATI APARAJITA SARANGI (BHUBANESWAR):** Hon. Chairman, Sir, I consider it to be my privilege to be able to speak in this august House on our Government's Budget, which was presented to this House by Madam Nirmala Sitharamanji on 5th July, 2019. This particular Budget is the reflection of the extraordinary balance between intent and content, vision and provision.

I am reminded of a line from Victor Hugo, a French poet, who had said: 'No power on earth can stop an idea whose time has come." Now, I would definitely like to put in here that the time of crystallisation of hon. Prime Minister's idea of 'New India' has come. This particular Budget provides the building blocks for 'New India'.

**18.34 hours** (Shri Rajendra Agrawal *in the Chair*)

If you read the Budget, five words actually stand out. They are very powerful words. One is 'aspirational'; Number two is 'structural'; Number three is 'transformational'; Number 4 is 'inclusive'; and Number 5 is 'sustainable'.

It is a highly aspirational Budget. We are talking of a $ 5 trillion economy, which would be achieved by 2024. But at the same time, this particular aspiration is an affirmation of Prime Minister's slogan: 'Reform, Perform and Transform'; and this is something, which Prime Minister is not leaving for the successive Governments to realise. He is basically calling upon the collective will of the

people of India, collective strength of the people of India and collective energy of the people of India to transform our country into a middle level economy.

So, from here, I would like to list out some of the points. There is paucity of time, I understand. But I would definitely like to place before this House some of the issues that actually are brought out very well in this particular Budget of ours.

Sir, there is a discourse; there is a declaration of Rs. 100 lakh crore for infrastructure development by 2024. The Budget Speech also talks of formation of an expert committee which will look into the ways and means of resource mobilisation which is definitely a very good step in the right direction.

Thirdly, I was quite amused in the morning when hon. Member, Mr. Shashi Tharoor, talked of *suit-boot-ki-sarkar*. This particular Budget is focussed on dwelling upon *gaon, garib aur kisan*. The other day, during the weekend, I have been to one of the villages in my Constituency. Many villagers were there. One of the villagers stood up and said: "We are getting five things from the Government: First is the toilet, second is the cooking gas facility, third is roof over our head, fourth is electricity and fifth is the piped water supply by 2024. What more do we need?", and he said: "Please go to Delhi and convey our gratitude to hon. Prime Minister." This is the message from the villagers of my Constituency, Bhubaneshwar in Odisha.

We are talking of a new Education Policy. We are talking of the Higher Education Commission. This, particular, Commission is very much required. In fact, if we are talking of getting all the students from foreign countries, as many students as possible come to India and study, this is a very welcome move and a welcome initiative of the Government of India. I would like to place before the House that by rough estimates, eight billion to ten billion dollars are spent by Indian students who are studying outside. If we are able to have institutes of academic excellence here, our children will not go outside and children from outside will come here. So, we will be earning foreign exchange on the one hand and saving our foreign exchange on the other.

The Budget also talks of the National Research Foundation. The National Research Foundation is a right step in the right direction. We have to fund; we have to coordinate; and we have to promote research and development in the country. I would like to point out here that this is a very timely intervention of the Government and we must commend the efforts of the Government and the hon. Finance Minister for this because India is spending 0.88 per cent of the expenditure whereas Sweden is spending 4.1 per cent of the expenditure. USA is spending 2.8 per cent of the expenditure and, I think, it is China is spending 2.1 per cent of the expenditure. So, it is the right time to think about promotion of research and development in the country. We need to align with emerging areas

of bio-technology, bio-engineering, robotics, and artificial intelligence which this, particular Government, our Government, is planning to do in the days to come.

I would like to talk about the self-help groups. I would like to talk about the PMGSY. I would also like to talk about Green Budgeting. We never ever heard of Green Budgeting. In fact, my predecessor, the earlier speaker from my Party, had already said about SHGs. It is a wonderful thing. We are going one step ahead of the National Rural Livelihood Mission. We are talking of Rs. 5,000 overdraft. We are talking of Rs. 1 lakh to one particular SHG member under the MUDRA Scheme. We are talking of interest subvention for all the districts of the country. This is a very welcome step.

I would also like to mention about the PMGSY. The other day, the hon. Finance Minister mentioned on the Floor of the House that as far as PMGSY is concerned, we have started constructing 130 kilometres to 135 kilometres of roads per day. Keeping in view the fact that this is a wonderful intervention of the Government connecting all the roads, all the farm networks, connecting our farmers to the markets, this particular Government, our Government, has, actually, earmarked Rs. 80,250 crore. It will be constructing 1,25,000 kilometre of roads in the days to come.

I would also like to mention here about Green Budgeting. We are talking of solid waste management. We are also talking of the usage of plastic waste in the PMGSY roads.

These are very welcome initiatives. We are talking of reducing of GST and bringing GST down from 12 per cent to five per cent so that consumers can afford electric vehicles. These are very welcome steps, path-breaking initiatives and hon. Prime Minister and the entire team needs to be commended for this initiative.

Let me honestly tell you, I was hearing all my friends since morning. We were all sitting and we were all listening to them. Let us all work together in such a manner that we unitedly disprove that cynicism is the national disease of India. We should not be cynics; we should not be pessimist. In fact, I am reminded of Helen Keller. The other day I was going through one of her books. She said: “No pessimist ever discovered the secret of the stars, or sailed to an uncharted land, or opened a new heaven for the human spirit”. Let us not be pessimist. Let us be optimist; let us rise to commend and let us say that this is a wonderful Budget.

The recapitalisation of banks by pumping in Rs. 70,000 crore is a wonderful initiative. I must say this because we are ensuring credit flow and we are also ensuring that there are greater levels of private investment. This is something which we really need to commend the Government about.

If you look at the Budget, there is the highest-ever allocation to agriculture sector. How do we call it '*suit-boot ki Sarkar*'? How do we call it the *Sarkar* of big businessmen? We are talking of *garib*; we are talking of *kisan*; we are talking of *gaon*; we are talking of vendors in the urban areas; we are talking of youth; we are talking of women. All the vulnerable sections of society are being taken care of. I would like to mention here that this is a huge budget and there is the highest-ever allocation to agriculture sector which includes Rs. 87,000 crore under the PM-KISAN scheme which is a very welcome step. We are talking of reforms through e-NAM. We are talking of reforms through APMCs. We are talking of 10,000 farmer-producer organisations. These are wonderful steps.

This particular Budget is different from other Budgets of pre-2014 Governments. There are two things which I would like to mention here. We are not talking of vast schemes and grandiose theories. Vast schemes and grandiose theories will not achieve the same benefits as the accumulation of smaller, consistent and attainable goals. This particular Budget indicates that our country should be an example of what the sum would look like when all the smaller parts that actually work are added up.

I am really very thankful to the entire team of hon. Finance Minister. Under the direction of hon. Prime Minister, a wonderful document has been prepared. This particular Budget is a great document. Let me honestly tell you, this particular Budget is not a collection of numbers. In the morning, some of my

friends were saying, “Where are the numbers? Earlier there were numbers; there are no numbers.” It is not a question of giving numbers. It is an expression of the values and aspirations of our Government, of our people. So, this Budget is of a very high quality and we should commend the Government for it.

I have worked in the Rural Development Department for five years; I had the privilege of handling MGNREGA. We were talking of water conservation; we were talking of Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana (PMKSY). We were talking of ‘per drop, more crop’ idea of hon. Prime Minister. We have graduated to the next level now. We are consolidating all the Departments working in ivory towers of isolation and we are talking of a Jal Shakti Mantralaya which is a wonderful initiative.

If there is a third world war, it is said, it will be around water. We are aware of the depleting water levels. We are aware of the erratic monsoon. There are many questions in the Lok Sabha in the last couple of days, I am seeing, on the issue of less water in the reservoirs. So, we are going to face a terrible water crisis. Just think of the foresightedness of this Government, our Government. I am so proud that I am a part of this Government.

I am proud to be part of the hon. Prime Minister’s team. This particular Government has understood the need for working towards water conservation and water management, and that is why, we have the Jal Shakti Ministry. That is

why, all provisioning has been given for ensuring piped water supply to every household by 2024. It reflects the courage of conviction. Otherwise, it is very difficult. We are talking of seven lakh villages. We are talking of 69 per cent of the population of our country. What courage of the Government to say that these five things—I counted them—will be given to each household! I will repeat them. We are talking of toilets; we are talking of cooking gas; we are talking of electricity; we are talking of a roof over head; and we are talking of piped water supply. What more do we require? It requires courage of conviction which has been shown by the Government in vast measure. This particular Budget needs all appreciation.

**HON. CHAIRPERSON**: Now, you please conclude.

**SHRIMATI APARAJITA SARANGI**: Please give me one minute more.

Coming to houses, earlier, 1.56 crore houses were built and 1.95 crore houses are being built again. We are fixing targets and we are monitoring it. Last but not the least, I find there is sustainability; and there is continuity in this Budget. This is not a stand-alone Budget. There was this great Government from 2014 to 2019. Many initiatives were taken. We want to solidify them. We are not talking of vast schemes and grandiose theories. We want to ensure that all these endeavours, all these exercises that were taken earlier, all the schemes that had been started by the hon. Prime Minister, continue. So, that is about the schemes.

Sir, let me end by saying this. This is obviously off the mark but please allow me because I represent Bhubaneswar; and I represent Odisha. I am very proud of it. I must say and I would put it very humbly that my State, Odisha should be part of the National Nutrition Mission and it should adopt the Ayushman Bharat scheme. The State Government has not actually gone into these two schemes, although the Central Government has been telling the State Governments to be part of the National Nutrition Mission and Ayushman Bharat scheme. I just pray to God that good sense prevails and the State Government decides to be part of these two schemes.

I would definitely say that this particular Budget is a pragmatic Budget and there is absolutely no reason why anybody would criticize this Budget. It is rhetoric; and it is verbose. They just keep standing and saying anything about this Budget. But this is one of the best Budgets. This is the best Budget because it talks of the farmers; it talks of the youth; it talks of the rural artisans; and it talks of the small shopkeepers. Our small shopkeepers and our vendors are also being taken care of. Thank you very much.

**SHRI TOKHEHO YEPTHOMI**: Mr. Chairman, Sir, I rise to participate in the General Discussion on the Budget presented to this august House on 5th of July, 2019.

Hon. Chairman, Sir, the Budget presented by the hon. Finance Minister is a very calculative and a balanced Budget. As I look at the Budget speech given by the hon. Finance Minister, it is first of its kind that has been presented in this august House.

In the last five years, the hon. Prime Minister has been talking about cashless transaction in the country. I have also been thinking how this cashless transaction will be successful in the coming days. But the vision of the hon. Prime Minister is going a long way. The hon. Finance Minister has proposed to impose two per cent tax on those people who withdraw more than Rs.1 crore at a time.

This is a strong step that has been taken by the hon. Finance Minister. By implementing it, first, the Government will be able to control the circulation of counterfeit money in the country; secondly, this will improve tax collection and thirdly, this will encourage people to avoid cash transactions. I also commend the proposal of the Government to impose two per cent tax on cash withdrawal of more than Rs.1 crore from a bank account in one financial year. It will encourage people to have easy transactions and avoid cash payments.

The hon. Finance Minister has presented a Budget with a focus on India's 10-point 'Vision for the Decade' to take this country to a new height.

The hon. Member who spoke earlier has raised an important issue that the hon. Finance Minister has focussed on agriculture sector. The Government in its Budget has proposed to give more importance to strengthen agriculture, develop infrastructure, and support private entrepreneurs. Therefore, the Government has increased the budget allocation for the Ministry of Agriculture and Farmers' Welfare by over 78 per cent to Rs.1.39 lakh crore. This has been proposed in order to help the farmers and also to uplift the poor and down-trodden people in our country. Thus, more attention has been given to agriculture sector.

I would also like to raise an important issue on the natural rubber farming in our country, especially in the southern State of Kerala and some North-Eastern States. For the last five or six years, a little over 13,000 lakh natural rubber farmers and a little over five lakh workers have been severely affected because of huge natural rubber import from other countries. If this trend continues, these farmers and workers will remain badly affected.

According to a report, the import of natural rubber in 2008-09 was 77,762 lakh tonnes which has increased manifold and reached 5,82,351 tonnes in 2018-19. Thus, the increased import of natural rubber over last 10 years has affected these farmers and workers severely.

The import of natural rubber from other countries will have to be reduced. Unless that is done, there will be no improvement in the conditions of natural rubber farmers and workers in India. Unless the import is reduced, India will remain fully dependent on foreign countries for its strategic raw material. Therefore, I would humbly request the hon. Finance Minister to look into it and reduce the import of natural rubber from other countries.

Sir, in the last speech of hon. President addressed to Members of both Houses of Parliament on 20th June, 2019, he made a special mention about the development of infrastructure in the North-East, to encourage the farmers in the North-Eastern States and to encourage tourism in the North-Eastern States. When I look at the fund allocation under Demand No. 22 for the Ministry of Development of North-Eastern Region, I find that it is only Rs. 3,000 crore. Even the year before, in 2017-18, it was Rs. 3,000 crore. In 2018-19, it was only Rs. 2,865 crore. This year also, it is only Rs. 3,000 crore.

As I look at the outcome of the Budget 2019-20, the split of this amount of Rs. 3,000 crore is as follows: the North-Eastern Council gets Rs. 885.18 crore; Central pool of resources gets Rs. 666.17 crore; and North-East Special Infrastructure Development Scheme gets Rs. 694.65 crore. When the hon. President of India and the hon. Prime Minister of India have given so much importance to infrastructure development in the North-Eastern States, if the fund

allocation remains stagnant at this amount for the North-Eastern States, it will take a long time for them to come up and develop their region.

If this small Budget allocation goes by the size of the States, naturally, Assam, being the biggest State among the eight North-Eastern States, will get a chunk of funds out of this allocation for the North-Eastern States. I had shared this in my previous speech also. Among eight North-Eastern States, only the State of Assam has railways and airlines, but they do not have waterways while rest of the seven North-Eastern States depend on road transport. Unless road transport is improved in the North-Eastern States, we cannot come at par with rest of the States in the country. Therefore, I want to make a humble request and suggestion to the hon. Finance Minister and hon. Prime Minister to kindly revise the Budget allocation for the development of the North-Eastern States in the coming days.

With these few words, Sir, I thank you for giving me time to participate in the debate on Budget. Thank you.

**श्री जुगल किशोर शर्मा (जम्मू):** सभापति महोदय, धन्यवाद । मैं आपके प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं कि आपने बजट पर जो चर्चा हो रही है, उसमें भाग लेने का मुझे मौका दिया ।

महोदय, प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी ने देशहित में जो बजट पेश किया है, इस बजट से गाँव, गरीब और किसान खुश हैं । आज लोगों को यह विश्वास हो चुका है कि नरेन्द्र भाई मोदी सरकार जो कहती है, वह करती है । नरेन्द्र भाई मोदी जी ने जो कहा, वह करके भी दिखाया । इसीलिए, लोगों ने आज नरेन्द्र भाई मोदी जी को प्रचण्ड बहुमत देकर सरकार बनाने का मौका दिया है । पहले भी सरकारें बनती रही हैं । पर, उनकी कथनी और करनी में अन्तर होता था । आपने देखा होगा कि पिछले दिनों जो स्लोगन लगाए गए, लोगों को 72 हजार रुपये तक देने का भी प्रलोभन दिया गया, लेकिन लोग जानते थे कि ये सिर्फ कहने वाले हैं, कुछ देने वाले नहीं हैं । जो देने वाले हैं, वे चाहे 6,000 रुपये ही देंगे, पर वे देंगे । ये कहेंगे, पर देंगे नहीं, इसलिए लोगों ने नरेन्द्र भाई मोदी जी पर विश्वास करते हुए नरेन्द्र भाई मोदी जी की प्रचण्ड बहुमत की सरकार यहां पर बनाई है ।

**19.00 hrs**

महोदय, मैं यह कहना चाहता हूं कि हर वर्ग के लिए इस बजट में प्रावधान रखा गया है, विशेष तौर पर इसमें मध्यम वर्ग के लिए भी बहुत सारी योजनाएं हैं । विशेष तौर पर इस बजट में कोई नया टैक्स न लगाकर मध्यम वर्ग को राहत दी गई है । आज महंगाई बढ़ नहीं रही है, बल्कि वह कम ही है, उसे रोक कर रखा गया है । इससे भी हमारे मध्यम वर्ग को काफी राहत मिल रही है । आज मध्यम वर्ग के जो खर्चें हैं, वे कम हुए हैं । इन योजनाओं के साथ ही यह काम हो पाया है । यह एक ऐसी सोच और साफ नेक-नीयत के कारण ही हो पाया है ।

महोदय, हमारे देश में एक बहुत बड़ी संख्या गांवों में रहती है। उन गांवों में गरीब हैं, किसान हैं, महिला हैं, नौज़वान हैं। इनकी पहले कोई सुध नहीं लेता था। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आज नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने इनके उत्थान के लिए एक नहीं, बल्कि अनेकों कदम उठाये हैं। अगर मैं उज्ज्वला योजना की बात करूँ, मुझे आप थोड़ा-सा समय दें, तो मैं आपको बताऊं कि पिछले दिनों उज्ज्वला योजना के माध्यम से फ्री में गैस चूल्हा और सिलेंडर बांटे जा रहे थे। मुझे भी मौका मिला और वहां गया तो देखा कि वहां पर लाइन लगी थी, बारी-बारी से माताएं-बहनें आ रही थीं और अपना-अपना गैस चूल्हा और सिलेंडर लेती जा रही थीं। वहां एक माता लाइन में लगी हुई थी, लेकिन वह रो रही थी। मैंने अपने साथ बैठे कर्मचारी से पूछा कि क्या इस माता जी का नाम उस लिस्ट में नहीं है? वह बहन क्यों रो रही है? उसको बुलाया गया और उनसे कहा गया कि यदि आपका नाम इस लिस्ट में नहीं है तो आप चिंता मत कीजिए। आने वाले दूसरी लिस्ट में आपका नाम भी आ जाएगा और आपको गैस चूल्हा तथा सिलेंडर मिलेगा। तब वह कहने लगी कि ऐसी बात नहीं है, मैं रो नहीं रही हूं, बल्कि मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ रहे हैं। मैंने जिंदगी में भी नहीं सोचा था कि मुझे गैस चूल्हा और सिलेंडर फ्री में मिलेगा। आज हमारे नरेन्द्र भाई मोदी जी ने हम पर यह उपकार किया है, इसलिए मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ रहे हैं। मैं चाहती हूं कि मेरी उम्र नरेन्द्र भाई मोदी जी को लग जाए और वह देश की सेवा ऐसे ही करते रहें।

महोदय, मैं यह कहना चाहता था कि यह जो गरीब वर्ग है, इनकी पहले सुध नहीं ली गई। आज जो गरीब घर से गरीबी देखकर आगे बढ़े हैं, जिन्होंने देश-दुनिया देखी है, उनको ही मालूम हैं कि गरीबी क्या होती है और उनके सुविधा के लिए क्या करना चाहिए।

महोदय, मैं बताना चाहता हूं कि आज माताएं-बहनें बड़े सुख-चैन से जीवन व्यतीत कर रही हैं। उन माताओं-बहनों के लिए नरेन्द्र भाई मोदी जी ने एक नहीं, बल्कि अनेकों योजनाएं चलायी हैं। उनमें शौचालय बनाने की योजना है, पेंशन की योजना है और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की योजना है। आज

इस बजट में जो प्रावधान रखे गये हैं, मेरी कई बहनों से बात हुई है, उन्होंने बताया कि सेल्फ हेल्प ग्रुप बने थे, हम काम करते थे, हमें कुछ पैसा भी मिलता था, लेकिन आज उन्हें एक लाख रुपये लोन के तौर पर दिया जाएगा। गांव की एक बहन के लिए यह एक बहुत बड़ी बात है। वह उससे अपना बिजनेस चला सकती है, वह अपने बच्चों की पढ़ाई करा सकती है और फिर पैसा वापस भी कर सकती है।

मेरा आपके माध्यम से यही कहना था कि आम आदमी और गरीब आदमी की छत के लिए यह रास्ता नरेन्द्र भाई मोदी जी ने अपनाया। आज गरीब आदमी बताते हैं कि उन्हें मकान मिल गया है, तो बेटी का रिश्ता भी मिल जाएगा। जब एक गरीब आदमी के घर में छत न हो, तो उसके सामने अपनी बेटी के रिश्ते के लिए भी परेशानी आती है। उसने बताया कि अब मकान मिल गया है, तो रिश्ता भी मिल जाएगा। मैं नरेन्द्र भाई मोदी जी से बहुत ही खुश हूं। कितनी परेशानियां थीं, लेकिन पहले की सरकारों में ऐसी कोई सोच ही नहीं थी कि देश की गरीब जनता के लिए भी कुछ किया जाएगा।

यदि हम बिजली क्षेत्र की बात करें, तो सौभाग्य योजना के माध्यम से आज पहाड़ों पर रहने वाले गरीब जनता के लिए भी फ्री में कनेक्शन देना, खंभा लगाना, सर्विस लाइन भी लगाने का काम हो रहा है। उन्हें एलईडी के बल्ब भी मिल रहे हैं। आज उनका भाग्य ही खुल गया है। उनको और क्या चाहिए? इसीलिए, उन्होंने नरेन्द्र भाई मोदी जी पर विश्वास करके उनको देश का नेता माना है। अभी हमारे एक साथी प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की बात कर रहे थे। अटल बिहारी वाजपेयी जी के बाद, हमने देखा कि यूपीए सरकार के दौरान प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना की क्या दुर्दशा हो गई थी। दस-दस सालों से जो रोड्स शुरू हुए थे, वे वहीं के वहीं ठप्प पड़े हुए थे।

सभापति जी, मैं आपको बताना चाहता हूं कि अब पिछले दिनों ही पैसा मिलना शुरू हुआ, तो आज देश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से एक लाख पच्चीस हजार किलोमीटर रोड्स बनेंगी। उससे क्या होगा?

जो स्कूल है, वहां पर टीचर नहीं पहुंच पाता, अगर अस्पताल है, तो वहां स्टाफ नहीं पहुंच पाता, अगर कोई माता-बहन गर्भवती है, तो वहां एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती। ऐसी कई सारी सुविधाएं हैं, जो शहरों में होती हैं। गांव के लोग शहरों की तरफ पलायन करना शुरू कर गए थे। अब प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से शहरों से भी बेहतर सुविधा गांव में मिलेगी और गांव के लोग अपने गांव में ही रहेंगे। वे अब शहरों की तरफ पलायन नहीं करेंगे। ये सारी सुविधाएं पहले गांवों में नहीं मिलती थीं। नरेन्द्र भाई मोदी जी कहते हैं - सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास। नरेन्द्र भाई मोदी जी ने पिछले पांच वर्षों में सबका साथ दिया, सबका विकास भी किया और सबका विश्वास भी जीता।

महोदय, अब हर घर में नल और हर नल में जल की बात हो रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है। यह बहुत बड़ा चैलेंज है। नरेन्द्र भाई मोदी चैलेंज लेने के लिए प्रख्यात हैं। वे चैलेंज लेते हैं। यह बहुत बड़ा चैलेंज है। इसके लिए जल-शक्ति मंत्रालय का अलग से गठन किया है। हर घर में पानी हो, लोगों को साफ-सुथरा पानी मिले, नल भी हो, इसकी चिंता उन्होंने की है। मेरी देशवासियों से भी प्रार्थना है कि यह बहुत बड़ा अभियान है, देशवासियों को भी जल-संरक्षण में सहयोग करना होगा, तभी इस अभियान को हम पूरा कर पाएंगे।

यहां पर हमारी बहन बहुत अच्छा बोल रही थीं। उन्होंने मनरेगा की बात की। हम जानते हैं कि कांग्रेस सरकार में एमजीनरेगा के माध्यम से कैसे भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया गया था। एमजीनरेगा भ्रष्टाचार का एक केन्द्र बन चुका था। जो काम करने वाले लोग थे, उन्हें पैसा नहीं मिलता था। उस

पैसे को दूसरे बिचौलिए ले जाते थे। नरेन्द्र भाई मोदी जी ने डिजिटल इंडिया के माध्यम से उनके खातों में पैसे भेजने शुरू किए, तो अब गरीब की स्थिति ठीक है। पहले गरीब, गरीब होता जा रहा था और बिचौलिया मजे लूट रहा था।

साथियो, नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार गरीबों के हित में फैसले ले रही है। उनकी मजदूरी का पैसा उनके खाते में जा रहा है। आज मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि हमारे यहां 50 वर्षों से रिफ्यूजी दर-बदर की ठोकरें खा रहे थे। उनको वोट बैंक के नाते ही इस्तेमाल किया जाता था। मैं अंत में कहना चाहता हूं कि नरेन्द्र भाई मोदी जी की सरकार ने उन रिफ्यूजियों की सुध लेते हुए, उनका मान-सम्मान करते हुए साढ़े 5 लाख रुपए एक-एक परिवार को देने का काम किया। वहां भी भ्रष्टाचार होता, लेकिन डिजिटल इंडिया के नाते अब वे खुश हैं कि उनके खाते में डॉयरेक्ट पैसा जा रहा है। भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश वहां पर नहीं रही है।

मैं आपके माध्यम से आदरणीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का और वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी का आभार प्रकट करना चाहता हूं। हमारे भाई अनुराग ठाकुर जी का भी इस बजट में सहयोग है। इन्होंने देश हित में जो बजट पेश किया है, इसका मैं समर्थन करता हूं। कुछ डिमांड्स जम्मू क्षेत्र की हैं। वहां पानी की किल्लत है। वहां मेट्रो की जरूरत है। चिनाब वाटर सप्लाई स्कीम के लिए जरूर यहां पैसा रखा जाए, ताकि जम्मू शहर को भी स्वच्छ पानी मिले। आपने मुझे मौका दिया, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। जय हिंद, जय भारत।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली):** सभापित महोदय, मैं आपका हृदय से बहुत-बहुत आभार व्यक्त करता हूं। वर्ष 2019-20 का जो बजट हमारी माननीय फाइनेंस मिनिस्टर निर्मला जी ने पेश किया, उसके समर्थन में बोलने के लिए मैं खड़ा हुआ हूं। उस बजट के अंदर इतना पैसा, कहां, कैसे आया, अधीर भाई, वह इसी मोदी सरकार से ही सम्भव हो सकता था, यह आपको मानना पड़ेगा। यह बजट चहुंमुखी और सबके हित का बजट है। …(व्यवधान) अष्टमुखी। …(व्यवधान) हर वर्ग के किसी भी क्लास को देश के अंदर इस बजट में छोड़ा नहीं गया और पिछले पांच वर्षों के शासन में भी नहीं छोड़ा गया। सरकार ने जो यह बजट पेश किया है, वह इस बात का द्योतक है कि सरकार की जितनी लोकप्रियता है, उस लोकप्रियता के तरीके से ही सरकार ने अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह समझते हुए कार्य किया। उसने जो कार्य किया, वह केवल सरकार चलाने के लिए ही बजट पेश नहीं किया या काम नहीं किया। पांच साल में, वह सरकार चले न चले, माननीय प्रधान मंत्री जी ने चिंता नहीं की। ऐसे निर्णय लिए कि देश चलना चाहिए और देश आगे बढ़ना चाहिए। ये निर्णय देश के प्रधान मंत्री जी ने लिए थे।

नोटबंदी के निर्णय के बारे में ये लोग सपने में भी नहीं सोच सकते थे। पचास सालों से …* जीएसटी के निर्णय के लिए बारह साल से कांग्रेस गिड़गिड़ा रही थी। भगवान श्री राम भी चौदह वर्ष के बाद बनवास से लौट आए थे, लेकिन ये बारह वर्ष में जीएसटी लागू नहीं कर पाएं। अगर इसके लिए किसी ने हिम्मत जुटाई तो वह छप्पन इंच के सीने वाले प्रधान मंत्री मोदी साहब और उनकी कैबिनेट ने जुटाई कि हम जीएसटी लागू करेंगे। इस देश में एक ही टैक्स होगा, इन्सपेक्टर राज से छुटकारा मिलेगा, भ्रष्टाचार से छुटकारा मिलेगा, छोटे-छोटे व्यापारी जो देश को आगे बढ़ाना चाहते थे, देश के अंदर उनके हरासमेंट को रोका जाए। चुंगियों के माध्यम से लोगों को छह-आठ घंटे तक चुंगियों पर खड़ा रहना पड़ता था। वे देश के विकास को रोकते थे, वर्ष 2014 में डॉयरेक्ट टैक्स से 6.80 लाख

* Not recorded.

करोड़ रुपये आया करते थे, जीएसटी लागू होने से वर्ष 2018-19 में देश के अंदर डॉयरेक्ट टैक्स के माध्यम से 11.37 लाख करोड़ रुपये का टैक्स प्राप्त हुआ। इससे देश का विकास आगे बढ़ रहा है। सरकार ने जो बजट पेश किया है, सरकार ने जो कार्य किया है, योजना के तहत कार्य करने की मानसिकता रही है। जीएसटी के माध्यम से देश का रेवेन्यू 90 परसेंट आंका गया है। पहले राज्यों का जो रेवेन्यू जेनरेट होता था, वह जीएसटी लागू होने के बाद चौदह परसेंट ज्यादा हुआ है। यह सरकार की कार्यशैली और नीयत दर्शाता है कि हम लोगों को विकास करना है और देश को आगे बढ़ाना है।

जब मैं कॉलेज में पढ़ता था, दो सीटें लोक सभा में थी, विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में काम करता था। जब हम लोगों को देश निर्माण की बातें बताते थे,राष्ट्र हित की बात करते थे तब हमारा मजाक उड़ाया जाता था। मैं उनसे कहा करता था

"मेरे लफ्जों से न कर मेरे किरदार का फैसला
तेरा वजूद मिट जाएगा मेरी हकीकत बताते-बताते
तेरा वजूद मिट जाएगा मेरी हकीकत ढूंढ़ते-ढूंढ़ते"

महोदय, ये हमारी हकीकत कहां ढूंढ़ पाएंगे? कभी माला जपते हैं, कभी जनेऊ डाल लेते हैं, कभी प्रचार के लिए गंगा जी में उतर जाते हैं, गंगा जी में किश्ती से जाते हैं, कभी बद्रीनाथ का दर्शन करने जाते हैं। इनका वजूद मिट जाएगा कि हम किस मानसिकता के लोग हैं। सरकार 133 करोड़ देशवासियों के लिए राजनीतिक क्षेत्र में काम करते हुए, राष्ट्र के विकास को आगे बढ़ाते हुए वंचित, उपेक्षित और दलित के उत्थान के लिए बजट लेकर आई है। मैं पहले एमएलए होता था। आजकल एक मुख्य मंत्री हैं। माननीय सदस्य चले गए वरना शोर मचाते। मैं कह देता कि एक राज्य के मुख्य मंत्री और रेल मंत्री हुआ करते थे। माननीय ई अहमद रेल राज्य मंत्री थे। तुगलकाबाद में एक रेलवे कॉलोनी है। रेलवे कनेक्टिविटी का सबसे बड़ा तंत्र है। गरीब लोगों को एक स्थल से गंतव्य स्थल तक पहुंचाने का काम करती है। उसके कर्मचारी उस कॉलोनी में रहते हैं। चालीस सालों से उस कॉलोनी में

सड़कें नहीं बनी थीं, बच्चों की शादी के लिए बारात घर नहीं था, कोई पार्क नहीं था। इसी प्रकार से पचास हजार की बस्ती के लोग ओखला औद्योगिक क्षेत्र में रेलवे क्रासिंग क्रास करके आते थे, लोगों की मौत हो जाती थी। वे लोग फुट ओवर ब्रिज चाहते थे। चालीस साल से लोग गिड़गिड़ा रहे थे। मैं एमएलए रहते हुए दोनों मंत्रियों से मिला। उसके बाद खड़गे साहब मंत्री बने, मैं उनसे भी मिला। मुझे जवाब क्या मिलता था कि पैसा ही नहीं है, रेलवे के पास पैसा नहीं है, हम कैसे फुट ओवर ब्रिज बनाएं, कहां से विकास करें। देश की दक्षिणी दिल्ली की जागरूक जनता ने मुझे आर्शीवाद दिया। पार्टी नेतृत्व ने मुझे चुनाव लड़ने का मौका दिया। मैं एमपी बनने के बाद रेल राज्य मंत्री मनोज सिन्हा जी से मिला, मैंने कहा कि मेरे यहां दो समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि कोई बात नहीं, उन्होंने एक शब्द और एक बार भी नहीं कहा कि पैसा नहीं है। मनोज सिन्हा जी ने उस रेलवे फुट ओवर ब्रिज का शिलान्यास करके एक वर्ष के अंदर उद्घाटन कर दिया। हम एक पुल मांगने गए थे, उसके साथ बिजवासन और पुल प्रह्लादपुर में दो और पुल पर काम चल रहा है। तुगलकाबाद में आप रेलवे कॉलोनी जाकर देखिए। मैं अधीर भाई से कहूंगा कि दादा मेरे साथ एक बार चल कर देखना, इतना बढ़िया पार्क है, बचपन में कभी बुद्धापार्क गए होंगे, वह भी उतना बढ़िया पार्क नहीं है। बारात घर एयरकंडीशन्ड है। उसी प्रकार से सभी सड़कों का निर्माण हो रहा है। इस बजट में इच्छाशक्ति और मानसिकता बता देना चाहता हूं। मैंने कहा, दिल्ली विश्वविद्यालय के अंदर एक कॉलेज खोलना है।

वाइस चांसलर इनकी ही मानसिकता के व्यक्ति थे। मैं उनसे मिलने गया, कहने लगे कि कैप लगा हुआ है, कॉलेज तो खुल ही नहीं सकता है। मैंने कहा कि यह कौन सी कुरान की आयात है, जो मिटने से दंगे हो जाएंगे। आप कैप हटा दीजिए, कॉलेज खोलिए। वह सुनने को ही तैयार नहीं थे। मैं आदरणीय मंत्री स्मृति ईरानी जी के पास गया, मैंने कहा – मैडम, गांव के बच्चे पढ़ने नहीं आते, कॉलेज की आवश्यकता है, एक दिल्ली विश्वविद्यालय का कॉलेज खुलना चाहिए। उन्होंने भी वही शब्द बोले – क्या यह कोई कुरान की आयात नहीं है, इसे हटाइए।

महोदय, ये लोग 40 साल से दिल्ली विश्विद्यालय का कॉलेज खोलने का काम नहीं कर पाए और इस सरकार के रहते भाटी में कॉलेज के लिए 40 बीघा जमीन की मंजूरी के बाद निर्माण शुरू हो गया। अधीर दादा, अब हम आपको क्या बताएं, आप हमेशा क्रिटिसाइज करते रहते हैं। आप 60-70 साल का रोना रोते रहते हैं, इससे कुछ मिलने वाला नहीं है।

इंडिया इंटरनेशनल सैंटर 25,000 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा है। जब देश आजाद हुआ, तब से प्रगति मैदान बना हुआ है। सार्क की मीटिंग हो, जी-19 की हो या कोई भी इंटरनेशनल कन्वेंशन हो, 25,000 करोड़ रुपये की लागत से दक्षिणी दिल्ली में इंडिया इंटरनेशनल कन्वेंशन सैंटर का काम शुरू हो गया है। माननीय प्रधान मंत्री जी की इच्छाशक्ति से हमारा देश अग्रणी देशों में आना चाहिए। 60 साल में एक प्रगति मैदान बना और अब पांच सालों में यह 200 बीघे में बनाया जा रहा है। यहां पांच लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। 10,000 लोगों के लिए सिटिंग के साथ स्टेडियम से लेकर फाइव स्टार होटल तक का निर्माण हो रहा है।

दिल्ली में जाम लगता था। दिल्ली में बाहर से इतना ट्रैफिक आता था, ईस्टर्न पेरिफेरल, वैस्टर्न पेरिफेरल, यह इन ही की योजना थी। खड़गे साहब रोया करते थे कि आप तो ऐसे कह रहे हैं कि हमने जैसे कुछ किया ही नहीं, सब तुम ही कर रहे हो। अरे भाई, अगर आप करते तो जनता आपको … * क्यों देती? आपको भगा क्यों देती? आपको ही रखती। आपने कुछ किया ही नहीं, तभी तो आपको बाहर का रास्ता दिखाया है। ईस्टर्न-वैस्टर्न पेरिफेरल, दोनों का काम इस सरकार ने किया है।

इस देश की स्थिति दुनिया के लोगों की नजरों में लोकप्रियता से आंकी जाए। इनको 50 साल लग गए एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने में और इस सरकार ने सिर्फ पांच सालों में एक

---

* Not recorded.

ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बढ़ाकर भारत को अग्रणी देशों में खड़ा कर दिया। इसलिए हम कहते हैं – 50 साल वर्सिस पांच साल, पांच साल में एक ट्रिलियन डॉलर और 50 साल में एक ट्रिलियन डॉलर। ये आंकड़े कौन झुठला देगा? इसे देश के लोगों ने देखा है।

अब मैं उज्ज्वला योजना की बात करता हूं। यह मैं नहीं कहता, डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट है, वर्ल्ड हैल्थ ऑर्गेनाइजेशन की रिपोर्ट है कि पांच लाख लोगों की मौत सिर्फ अनक्लीन कुकिंग फ्यूल से हो जाती थी। जब गरीब मां, बहन गीली लकड़ी और उपलों में खाना बनाती हैं, उसके फेंफड़े गल जाते हैं, आंखों की रोशनी 45 साल में धुएं के कारण चली जाती है। सात करोड़ बहनो की चिंता करने का काम किया और इस सरकार ने उज्ज्वला योजना के तहत सात करोड़ परिवारों में गैस कनैक्शन दिए, उनका सम्मान किया।

अगर मैं स्वच्छ भारत की बात करूं, वर्ष 2011 में इनकी सरकार थी, वेबसाइट पर इनकी ही सरकार ने दिया कि देश में 72,000 टाएलेट कम्पलीट किए। इस रिपोर्ट के बाद जब सेंसस की रिपोर्ट 2011 में आई तब सेंसस की रिपोर्ट ने कहा कि आपने सिर्फ 22 परसेंट टाएलेट ही कम्पलीट किए हैं। इन्होंने दोबारा सर्वे करवाया, इनकी ही सरकार के सर्वे में आया कि सिर्फ 36 परसेंट ही पूरे किए हैं। अब इस सरकार के आने के बाद पांच साल में स्वच्छ भारत मिशन में देश में जितने शौचालयों का निर्माण हुआ है, वह किसी से छिपा हुआ नहीं है। 9.6 करोड़ टाएलेट बनाने का काम किया है। 99 परसेंट टाएलेट बनाने का काम पांच सालों में कर दिया है।

ये बजट की बात करते हैं। जब ये बोल रहे थे, मुझे आपने कह दिया कि बीच में टोका-टोकी न करें। सरकार चलानी है, मुझसे सहन नहीं होता, इसलिए मैं बाहर गैलरी में बैठा रहता हूं। ये ...*

---

* Not recorded

बोलेंगे और मुझ से सुना नहीं जाएगा। ... (व्यवधान) आप सैकिण्ड टाइमर एमपी हो गए हैं, इसलिए आप ऐसी बातें करनी छोड़ दीजिए।

मैं आपके माध्यम से सरकार के बारे में बताना चाहता हूं। हर व्यक्ति का सपना होता है और इसमें पूरे परिवार का जीवन लग जाता है। लोग पत्नी से भी सर्विस करवाते हैं, बेटे से भी मजदूरी करवाते हैं ताकि घर बन जाए, घर की छत बन जाए, रहने के लिए आशियाना बन जाए। पूरे जीवन का यह सपना होता है। इस सपने को पूरा करने के लिए इन लोगों ने क्या किया, ये मेरे आंकड़े नहीं हैं, मेरी सरकार के आंकड़े नहीं हैं, ये आंकड़े वर्ष 2010 से 2014 के हैं। इन्होंने केवल 25 लाख नए घरों का निर्माण रूरल एरिया में किया, जबकि इस सरकार ने वर्ष 2014 से 2019 तक बहनों के नाम से, बहनों के हाथ में, डेढ़ करोड़ परिवारों में चाबी देने का काम किया।

वर्ष 2014 से 2019 तक इस सरकार में बहनों के नाम से, बहनों के हाथ में डेढ़ करोड़ परिवारों में चाबी देने का काम कर दिया। इस सरकार ने पिछले साल माडनाईज़ हाउस बनाकर देने का काम किया है। वह इस सरकार की योजना पॉलिसी, नियत और हमारे प्रधान मंत्री जी की विल पावर, डिसिजन लेने की क्षमता और ताकत के कारण संभव हो पाया है। घर बनाने के लिए पहले सब्सिडी के नाम पर केवल 70 हजार रुपये देते थे, अगर लोग गलती कर देते थे और चुन लेते थे तो 70 हजार रुपये की जगह 85 हजार रुपये देकर दान खाते में डालना बताते थे। लेकिन इस सरकार ने एक लाख बीस हजार सब्सिडी रूरल बेल्ट के अंदर गरीब आदमी को मकान बनाने के लिए दिया। ये 50 साल में 70 हजार रुपये देते रहे और हमने पांच साल में इसमें 50 हजार रुपये बढ़ाने का काम किया। यह काम सरकार की विल पावर के कारण ही हुआ है।

मैं बिजली के विषय पर नहीं जाना चाहूंगा, लेकिन सड़कों के बारे में जरूर बोलना चाहूंगा। अभी श्री जुगल जी ने बताया कि प्रधान मंत्री सड़क योजना के लिए इस बजट में 80 हजार लाख

करोड़ रुपये का प्रोविजन रखा गया है । अगर हर गांव में सड़क पहुंच जाएगी तो कोई पटवारी, बी.डी.ओ. गांव में जाने में कोताही नहीं करेंगे, मास्टर भी गांव में पढ़ाने के लिए जाएंगे, डॉक्टर्स भी बच्चे की हेल्थ को देखने के लिए जाएंगे । पहले रास्ता नहीं होने के कारण लोग शहरों में बसने के लिए ट्रांसफर करवाते थे । इस सरकार ने जो 1.25 लाख कि.मी. सड़कों के निर्माण का लक्ष्य रखा है वह सिर्फ आने वाले दिनों में सरकार बनाने के नाम से नहीं बल्कि हमारे देश के अंदर जो मजदूर श्रम का काम करते हैं, जो गरीब लोग हैं उनके बारे में सरकार ने चिन्ता की है वह किसी से छुपा हुआ नहीं है ।

दिल्ली में एक मुख्य मंत्री बैठा हुआ है, एक …* सरकार बैठी हुई है । उन्होंने चुनाव से पहले मजदूरों के लिए एक फोटो आई.डी कार्ड बनाने की … * शुरू की, चूंकि वह केंद्र सरकार की योजना थी और दिल्ली सरकार में जो मंत्री थे वे कार्ड बनाने लगे, कहने लगे कि आप लोगों का मजदूर कार्ड बन रहा है, जैसे ही वोट खत्म होगी हम तुम्हें 3000 रुपये की पेंशन देंगे । इससे मुझे एक कहानी याद आ जाती है । इसको मैंने अपने क्षेत्र में लोगों को भी सुनाया है । यह केंद्र सरकार की योजना है कि 60 साल के ऊपर अनअर्गेनाइज्ड सेक्टर में काम करने वाले मजदूर, भट्ठे, रिक्शा चालक, बिल्डिंग बनाने के काम में लगे मजदूरों के रूप में जो गरीब आदमी काम करते हैं, उनको 3000 रुपये पेंशन देंगे । उन सब को तीन हजार रुपये की पेंशन देने की योजना सरकार ने बनाई है, लेकिन दिल्ली सरकार ने क्या काम किया है? हमारे यहां एक कहावत है, मैं इसे जरूर सुनाऊंगा, प्लीज़ आप सुनिए । … *

चुनाव से पहले दिल्ली की सरकार लोगों को बरगलाने के लिए नकली कार्ड बनाने का काम कर रही थी कि हम लोगों को तीन हजार रुपये देंगे, लेकिन वह तीन महीने के बाद देंगे । मैं पूछना चाहता हूं कि दिल्ली की सरकार तीन महीने के बाद पैसे क्यों देगी, अभी क्यों नहीं देगी? हमारी सरकार ने इस

---

* Not recorded.

बजट में मज़दूरों के लिए इस योजना का प्रोविज़न रखा है कि अनअर्गेनाइज्ड सेक्टर के अंदर मज़दूरों को तीन हज़ार रुपये की पेंशन दी जाएगी।

महोदय, अगर मेरे स्पीच में कोई अन-पार्लियामेन्ट्री भाषा आई हो तो उसको डिलीट करवा दीजिए। Sir, I have not spoken any unparliamentary language. मैंने तो एग्ज़ाम्प्ल दिया है कि इन सरकारों का यह काम रहा है। वे दिल्ली के मुख्यमंत्री बने हैं, उन्हीं का का यह काम रहा है।

महोदय, जो छोटे व्यापारी हैं, इस देश के अंदर जो छोटे दुकानदार हैं, उनको भी 60 साल के बाद पेंशन देने का प्रोविज़न इस बजट के अंदर सरकार ने रखा है। मैं थोड़ा फास्ट स्पीड में चलने वाला हूं, मैं किसान का बेटा हूं। इनकी पार्टी के नेताओं ने दो हजार रुपये का बड़ा मजाक उड़ाया था। जनता ने कई लोगों को विदा कर दिया है, जो इस चीज का मजाक उड़ा रहे थे। यह छह हजार रुपये है, यह किसान का अपमान है। पांच एकड़ में छह हजार रुपये से क्या होगा? अगर एक बाप के तीन बेटे अलग-अलग हुए, उस पिता के पास केवल तीन-चार एकड़ ही जमीन थी, उसके पास ड़ेढ-ड़ेढ एकड़ जमीन बच गई, वह गरीब आदमी है। उसकी खेत की जुताई के लिए गांव के प्रधान तथा ठेकेदार जैसे बड़े लोगों के माध्यम से लूटा करते थे, उनके पास डीजल के लिए पैसे भी नहीं होते थे कि वे जुताई करके दे दें। जब उनके अकाउंट में दो हजार रुपये डायरेक्ट गए तो डीजल डलवाकर अपने खेत की जुतवाई की। गांव में जो लोग उनसे उधार में जुतवाया करते थे, वे एक साल तक गरीब लोगों का शोषण किया करते थे। वे गरीब लोगों से कहते थे कि मैंने तुम्हारा काम किया है, लेकिन फसल होने के बाद उसका पैसा लेंगे। इसलिए मेरा ये काम करो।

मेरी भैंस को पानी पिला कर लेकर आ या मेरी अनाज की बोरियां उठा कर ला तो इस तरह से गरीब लोगों का शोषण होता था। उन लोगों को सम्मान देने का काम इस सरकार ने किया है कि अगर वह खेत को जुतवाएगा, तो ट्रैक्टर वाले को 2 हजार देगा, बीज बोने के 2 हजार देगा। यह इस सरकार

ने बजट के माध्यम से लिया है। आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, मैं आपका भी ज्यादा समय नहीं लूंगा, लेकिन आपने, माननीय मंत्री जी ने और संजय जी ने भी 15 मिनट बोलने के लिए कहा था, लेकिन अभी 9 मिनट ही हुए है। … * मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य आपका समय हो चुका है, 17 मिनट हो चुके हैं।

**श्री रमेश बिधूड़ी:** मेरा आपके माध्यम से निवेदन है कि इस बजट में यह प्रोविजन किया जाए। 'आयुष्मान भारत' दिल्ली राज्य के मुख्य मंत्री लागू नहीं कर रहे हैं। जिन गरीब लोगों की आमदनी 5 लाख रुपये से कम है, वे जब बीमार होते हैं तो उन्हें खेत बेचना पड़ता है, दुकान बेचनी पड़ती है, माता-बहनों के गहने बेचने पड़ते हैं। उनको सरकारी अस्पतालों में बेड न मिलने की वजह से इलाज नहीं हो पाता। … * फाइनेंस मिनिस्ट्री के माध्यम से मेरी इस बात को लेकर मांग है कि कहीं न कहीं आयुष्मान भारत को दिल्ली में लागू किया जाए और एन.सी.टी. के अन्दर दिल्ली विश्वविद्यालय के जो कॉलेजेज़ हैं, उन्हें मान्यता देकर दिल्ली के बाहर भी ऐसे 8-10 कॉलेज खोलने का सरकार अगर प्रयास करेगी तो बाहर के लोगों को दिल्ली में कम आना पड़ेगा। उनको एडमिशन मिलेगा। दिल्ली में रहने वाले नौजवानों को भी दाखिला मिलेगा। आपने मुझे बहुत बोलने का समय दिया इसके लिए आपका आभार व्यक्त करते हुए मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं।

---

* Not recorded.

**श्री हरीश द्विवेदी (बस्ती):** माननीय सभापति जी, आपका बहुत बहुत धन्यवाद। मैं सर्वप्रथम माननीय प्रधान मंत्री जी, माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण जी और वित्त राज्य मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर जी को बधाई देता हूं। गांव, गरीब, किसान और मजदूर के विकास के लिए हमारी सरकार ने बजट पेश किया है। प्राय: हम लोग जब छोटे थे, तब किसी भी सरकार का बजट आता था तो आम आदमी यह महसूस करता था कि हमें कुछ न कुछ मिलेगा और बजट पेश होने के बाद निराशा होती थी, धरना-प्रदर्शन होता था, आलोचना होती थी। मुझे ठीक से याद है कि हमारे प्रधान मंत्री जी जब वर्ष 2014 का चुनाव लड़ रहे थे, तो उन्होंने एक नारा दिया था 'सबका साथ सबका विकास'। शायद उस समय उस नारे को लोग समझने का प्रयास नहीं कर रहे थे और चुनकर के आने के बाद प्रधान मंत्री जी ने सेन्ट्रल हॉल में कहा था कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसान और मजदूर को समर्पित सरकार है। प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि वर्ष 2022 तक हम हिन्दुस्तान के हर गरीब को घर बनवाकर देंगे। प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि वर्ष 2019 तक हर गरीब मां-बहन को गैस का कनेक्शन देंगे। वर्ष 1991 की घटना मुझे याद है। हम लोग संगठन का काम करते थे, हम विद्यार्थी परिषद के सदस्य होते थे, हम लोग जिले में भ्रमण करते थे। तमाम बड़े-बड़े लोग हमारे पास आते थे कि हरीश जी एक गैस का कनेक्शन दिलवा दीजिए। हम लोग प्रयास करते थे, लेकिन एक सांसद को साल में 32 कूपन ही मिलते थे। हम लाख प्रयास करने के बाद भी हम गैस कनेक्शन नहीं दिलवा पाते थे। यह सपने जैसा था और जब हमारे प्रधान मंत्री जी ने उस समय घोषणा की थी तो कांग्रेस के नेता खड़गे जी वे इस समय नहीं हैं ऐसे तमाम विपक्षी नेता मजाक उड़ा रहे थे कि प्रधान मंत्री जी सपना दिखा रहे हैं, लेकिन इस बार जब चुनाव हुआ और इस चुनाव में जब मैं लोगों से सम्पर्क करने गया। पूरे देश में गठबंधन हो गया था, उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा का गठबंधन हो गया, कांग्रेस ने अलग अलग राज्यों में गठबंधन कर लिया कि इस बार मोदी सरकार को नहीं आने देंगे। सबको यही आस थी कि मोदी सरकार नहीं आएगी और आएगी भी तो 10-20 सीट्स की कमी से आएगी, लेकिन जब 303 सीटें

जीतकर के भारतीय जनता पार्टी आई और 353 सीट जीतकर के एन.डी.ए. आया तो मुझे लगता है कि देश में तमाम पत्रकार, तमाम बड़े पॉलिटिकल पंडित और कांग्रेस के लोगों को इस पर मंथन करना चाहिए कि आया क्यों? मैं इसका उदाहरण बता रहा हूँ, जब मैं चुनाव लड़ रहा था तो हमारे विपक्ष के लोग एक मुस्लिम परिवार में वोट मांगने गए और उन्होंने कहा कि हम महागठबंधन से आए हैं। अबकी बार मोदी सरकार को हटाना है तो उस व्यक्ति के आंखों में आंसू आ गए। उसने बोला कि मोदी सरकार को आप क्यों हटाना चाहते हैं तो वे लोग बोले कि मोदी सरकार बहुत गलत काम कर रही है। गरीबों के लिए काम नहीं कर रही है, फलां वर्ग के लिए काम नहीं कर रही है, फलां धर्म के लिए काम नहीं कर रही है।

वह व्यक्ति रोते हुए मकान पर गया और उसको चूमा। उन्होंने कहा कि माफ करिएगा, हमारे जैसे करोड़ों लोग हिन्दुस्तान में गरीब हैं, जो बरसों से छप्पर के मकान में रहते थे, बरसात में भीगते और रात भर जागते थे। मोदी जी एक फरिश्ता हैं, उन्होंने मुझे मकान दिया है। ऐसे करोड़ों लोगों को आने वाले समय में मकान मिलेंगे। यह जीत का कारण है। गरीब को कभी विश्वास ही नहीं हुआ कि कांग्रेस पार्टी या अन्य सरकारें हमें मकान देंगी, हमारे घर में बिजली पहुंचाएंगी, गैस के कनेक्शंस देंगी, शौचालय बनवाएंगी, मूलभूत सुविधाएं पहुंचाएंगी। मोदी जी ने कहा था कि हम ये सभी सुविधाएं पहुंचाएंगे। उन्होंने सिर्फ कहा नहीं, बल्कि किया भी है। एक करोड़ 60 लाख गरीब लोगों को 'प्रधानमंत्री आवास योजना' के तहत आवास बना कर दिए गए हैं। केवल आवास बना कर नहीं दिए गए, बल्कि हम ने कांग्रेस सरकार के समय का भी आवास देखा है। 70 हजार रुपये में आवास बनता था और उसमें कमीशनखोरी भी हो जाती थी, पैसा बीच में इधर-उधर हो जाता था। वे मकान एक तरफ से बनते थे और दूसरी तरफ से गिर जाते थे। हमारी सरकार ने मकान बनाए। एक लाख 20 हजार रुपये दिए और केवल इतना पैसा ही नहीं दिया, बल्कि उसमें 'सौभाग्य योजना' के अंतर्गत बिजली के कनेक्शंस मुफ्त में दिए। 12 हजार रुपये के शौचालय बनवाए, गैस के कनेक्शंस दिए। एक

गरीब को भी मूलभूत सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिससे गरीब के बच्चे भी अच्छी पढ़ाई-लिखाई कर सकें। गरीब के बच्चों को भी पंखे की हवा में अच्छी नींद आए, वे बिजली की रोशनी में पढ़ाई करें। इसीलिए प्रधान मंत्री जी कहते हैं कि हमें हिन्दुस्तान को विकसित देश बनाना है। यह विकसित देश तब बनेगा, जब गरीबों का विकास होगा। गरीब के लड़के भी अच्छी नौकरी में जाएंगे, बिजनेस में जाएंगे, इस दिशा में हमारी सरकार ने काम किया है।

आज कांग्रेस पार्टी के लोगों को इस पर विचार करना चाहिए। कांग्रेस पार्टी के लोग या विपक्ष के लोग, मैं देख रहा हूं कि जितने लोग विपक्ष में बैठ कर मोदी जी, हमारी सरकार या हमारी सरकार की नीतियों की आलोचना करते थे, उनमें से 99.9 प्रतिशत लोग यहां नहीं आए हैं। हमारे अधीर दादा यहां पर हैं, यह कम आलोचना करते थे और आज भी यह कम आलोचना कर रहे हैं। मैं यह सोच रहा था कि लोग वापस यहां क्यों नहीं आए हैं, वे इसलिए यहां वापस नहीं आ सके कि देश के गरीब देख रहे थे कि मोदी जी हमारे लिए काम कर रहे हैं, हमारे विकास के लिए काम कर रहे हैं। ये लोग मोदी जी का विरोध नहीं कर रहे हैं बल्कि देश के गरीब, किसानों और मजदूरों का विरोध कर रहे हैं। इसलिए उन गरीबों ने तय कर लिया कि जो लोग मोदी सरकार का विरोध कर रहे हैं, मोदी सरकार की योजनाओं का विरोध कर रहे हैं, हम उनको वापस नहीं जाने देंगे। मैं नाम नहीं लूंगा लेकिन तमाम ऐसे लोग जो ज्यादा नारेबाजी करते थे, वे वापस नहीं आए हैं, केवल इसलिए क्योंकि गरीबों ने मोदी जी को माना है।

गांव में अगर कोई ऐसा परिवार रहता है जो लोगों को बहुत परेशान करता है, लोगों का उत्पीड़न करता है, लोगों का दोहन करता है तो सारे लोग उससे नाराज हो जाते हैं।...(व्यवधान) आप लोगों ने बहुत कम आलोचना की हैं, इसलिए चुन कर यहां आए हैं। व्यक्तिगत आलोचना करने वाले कम लोग आए हैं।...(व्यवधान) गांव में कोई ऐसा परिवार था जो सबको परेशान करता था। सारा गांव उससे परेशान रहता था। सारे लोग उसे गांव से बहिष्कृत कर देते थे, लेकिन उसी घर का कोई लड़का, जो बड़ा हुआ और वह लोगों से अच्छा व्यवहार करने लगा तो लोगों के दिमाग में आ जाता है

कि इसके पूर्वजों ने हमें परेशान किया है, गांव वालों को परेशान किया है, लेकिन यह बहुत अच्छा लड़का है, इसके बारे में आगे विचार करेंगे। मुझे लगता है कि कांग्रेस पार्टी को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए कि इनके पूर्वजों ने जो गलत काम किया है, जो देश के साथ, गरीबों, किसानों, और मजदूरों के साथ पाप किया है, उसमें सुधार करना चाहिए। अगर सुधार हो जाएगा तो हो सकता है कि 15-20 सालों बाद देश की जनता आपके साथ खड़ी हो जाए। अभी 15-20 सालों तक कोई अवसर नहीं है। मोदी जी देश के विकास के लिए जो काम कर रहे हैं, देश को आगे बढ़ाने के लिए काम कर रहे हैं, उसमें हमें सहयोग करना चाहिए, हमें समर्थन करना चाहिए।

अभी चर्चा हो रही थी कि आपने 65 वर्षों में दो ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था खड़ी की और हमारी सरकार ने पांच सालों में उसमें लगभग एक ट्रिलियन डॉलर जोड़ दिया। मैंने प्रारंभ में कहा है कि जब बजट पेश होता है तो लोगों में आशा और निराशा रहती है। कुछ लोगों को कुछ मिलता है और कुछ लोगों को नहीं मिलता है। जब मोदी सरकार का बजट पेश होता है तो जनता पहले से विश्वास करती है - गरीब, किसान, मजदूर, माताएं, बहनों या नौजवानों को मोदी सरकार कुछ न कुछ देगी। मैं बजट पेश होने के बाद अपने संसदीय क्षेत्र बस्ती में गया तो वहां पर सभी लोग बधाई देने आए कि माननीय सांसद जी एसएचजी ग्रुप्स की महिलाओं को प्रधान मंत्री जी ने एक लाख रुपये तक का लोन देने की व्यवस्था की है।

माननीय सभापति जी, आप मुझे थोड़ा समय दे दीजिएगा। आज मैंने अपनी पार्टी से, संजय जी से और संसदीय कार्य मंत्री जी से रिक्वेस्ट की है। एसएचजी ग्रुप्स की महिलाओं को एक लाख रुपये, जिन महिलाओं का जन-धन खाता खुला है, उसमें पांच हजार रुपये ओवरड्राफ्ट की व्यवस्था हमारी सरकार ने की है।

जिससे महिलाओं का उत्थान हो, महिलाओं का विकास हो और वे कुछ काम कर सकें। केवल इतना ही नहीं, हमारे प्रधान मंत्री जी ने सरकार आने के बाद पूर्व से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण हर बड़े सैंटर को सड़कों से जोड़ा। 'भारत माला' योजना बनाई गई और भी कई योजनाएं बनाई गईं। आपकी सरकार ने 12 किलोमीटर सड़क प्रतिदिन जोड़ने का काम किया। हमारी सरकार ने माननीय गडकरी के नेतृत्व में परिवहन मंत्रालय में जो काम हुआ, उसके तहत 30 किलोमीटर सड़क प्रतिदिन जोड़ने का काम हुआ। मैं अपने बस्ती जिले का उदाहरण दे रहा हूं कि एक नेशनल हाईवे-28 हमारे बस्ती जिले में था, जो अटल जी ने बनवाया था। हमारी सरकार बनी और वर्ष 2015 में मैंने शिलान्यास करवाया। बनारस से लेकर लुम्बनी तक वह सड़क पिछले तीन वर्षों में 1700 करोड़ रुपये की लागत से वह सड़क बनकर तैयार हो गई है। राम जानकी ऐतिहासिक मार्ग भगवान राम और सीता से जुड़ा हुआ है। वह जर्जर हालत में था। उसे राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करवाया और उसका टेंडर कर शिलान्यास करवाया। वह काम भी शुरू हो गया है। 84 कोसी परिक्रमा भागवान राम के जन्म के लिए राजा दशरथ ने पुत्रेष्टि यज्ञ करवाया था। वह पुत्रेष्टि यज्ञ बस्ती के मखौड़ा धाम में मनवर के तट पर हुआ था। 84 कोसी परिक्रमा हिंदुस्तान और पूरी दुनिया में जहां भी हिंदू रहते हैं, उनमें 84 कोसी परिक्रमा की बहुत मान्यता है। वहां का बहुत जर्जर रास्ता है। घाघरा नदी नाव से पार करके जाते हैं, बड़ी परेशानी होती है। मैंने अपनी सरकार से, माननीय गडकरी जी से निवेदन किया था कि 84 कोसी परिक्रमा छ: जिलों से होकर गुजरती है, उस राष्ट्रीय राजमार्ग का उन्होंने शिलान्यास किया, प्रोजेक्ट तैयार हो गया है और आने वाले समय में वह काम भी होगा।

सभापति जी, मैं लोगों से कहता हूं कि मोदी जी यह काम क्यों कर रहे हैं और मैं भी सोचता था कि मोदी जी यह काम क्यों कर रहे हैं, जिसे कांग्रेस आज तक सोच नहीं पाई। कांग्रेस हमेशा नारा देती रही कि गरीबी हटानी है, गरीबी हटानी है लेकिन गरीबी हटी नहीं और गरीब ही हट गए। मोदी जी ने यह काम इसलिए किया क्योंकि उन्होंने गरीबी देखी थी। बचपन में उनकी माँ खाना बनाते समय चूल्हे

के सामने किस प्रकार परेशान होती थीं, किस प्रकार वे छप्पर के मकान में रहते थे। उन्होंने गरीबी देखी थी, इसलिए उन्हें गरीबी का एहसास था कि गरीब माताएं कितना परेशान होती हैं और गरीब बच्चे कितना परेशान होते हैं इसलिए हमारी सरकार ने ये सारी व्यवस्थाएं की हैं।

महोदय, इसी तरह प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना की बात है। मैंने स्वयं अपने जिले में 200 करोड़ रुपये से ज्यादा की सड़क बनवाई है। हमारी सरकार ने 88 हजार करोड़ रुपये देकर आने वाले पांच सालों में 1,25,000 किलोमीटर सड़क बनाने का निर्णय किया है और गांवों के विकास की चिंता की है।

**श्री अधीर रंजन चौधरी :** सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि सड़क तो बन रही है, लेकिन रोजाना 400 लोगों की दुर्घटनाओं में मृत्यु होती है।…(व्यवधान)

**डॉ. संजय जायसवाल (पश्चिम चम्पारण):** आपने मोटर व्हीकल एक्ट पास नहीं होने दिया।…(व्यवधान)

**श्री हरीश द्विवेदी:** सभापति जी, हमारी सरकार ने जब कहा था कि 'सबका साथ, सबका विकास' तो मेरे ध्यान में भी आता था कि सभी जातियों का विकास, सभी क्षेत्रों का विकास। लेकिन उससे आगे बढ़कर हमारे प्रधान मंत्री ने विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाले लोग चाहे माताएं हों, बहनें हों, मजदूर हों, श्रमिक हों या जो भी हों, उनके विकास की चिंता हमारी सरकार ने की है। अभी माननीय प्रधान मंत्री जी ने 'प्रधान मंत्री कर्मयोगी मानधन योजना' की घोषणा की है। उसके तहत हिंदुस्तान के तीन करोड़ छोटे व्यापारियों को, मजदूरों को पेंशन देने की योजना हमारी सरकार ने बनाई है। हम केवल घोषणा ही नहीं करते हैं, तीस लाख रजिस्ट्रेशन हमारी सरकार ने कर लिए हैं और आने वाले समय में उन्हें पेंशन देने की व्यवस्था की जाएगी। जब अंतरिम बजट पेश हुआ था, उस समय हमारी सरकार ने कहा था कि किसान परेशान होते हैं कभी बाढ़ से उनकी फसल खराब हो जाती है, कभी सूखा पड़ गया,

कभी ओला पड़ गया। उसके लिए हमारे प्रधान मंत्री जी ने कहा कि ऐसे किसान, जिनकी फसल का नुकसान हो जाता है, उनके लिए बुआई, खाद, बीज की व्यवस्था नहीं हो पाती, इसके लिए हमारे प्रधान मंत्री जी ने साल में तीन किस्तों में छः हजार रुपया देने का काम किया है।

**माननीय सभापति:** माननीय सदस्य आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

**श्री हरीश द्विवेदी:** महोदय, आप केवल दो-तीन मिनट का समय दे दीजिए।

हमारी सरकार ने उस समय घोषणा की थी कि हम किसानों को किसान सम्मान निधि देंगे। उस समय लोग मज़ाक कर रहे थे कि यह तो चुनावी घोषणा है, लेकिन शायद मोदी जी के इरादों पर आज भी इनको कभी-कभी शक हो जाता है। मोदी जी ने चुनाव से पहले दो-दो हज़ार रुपये की दो किश्त किसानों के खातों में डाल दी। जब किसानों के खाते में किश्त डाली जा रही थी, उस समय भी हमारे विरोधी कहते थे कि यह तो चुनावी घोषणा है, चुनाव के बाद समाप्त हो जाएगी। सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने कहा कि जो किसान छूटे हैं, उनको भी हम इसमें जोड़ते हैं और सबके खाते में छ: हज़ार रुपये एक साल में देंगे। इस तरह किसानों की चिंता हमारी सरकार ने की।

सभापति महोदय, मैं अपने क्षेत्र की बात कर के अपनी बात खत्म कर रहा हूं। इसलिए मेरा आप सबसे निवेदन है कि देश हित में, गांव, गरीब, किसान और मज़दूर के हित में मोदी सरकार जो काम कर रही है, आप उसका समर्थन कीजिए। आप समर्थन करेंगे, तो जनता के दिमाग में आने वाले समय में कभी यह बात बैठेगी कि भई, देखिए आप रचनात्मक सहयोग कर रहे हैं, इसलिए जनता आपके बारे में विचार करेगी, लेकिन अगर आप ऐसे आलोचनाएं करेंगे, नारेबाज़ी करेंगे, तो आज इतने लोग हारे हैं, कल पता नहीं कितने लोग हारें और यहां न आ पाएं। इसलिए, मैं इस बजट का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

माननीय सभापति जी, मैं अपने क्षेत्र की दो-तीन मांगें कर के अपनी बात समाप्त करूंगा। …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आपको अपने क्षेत्र की मांगें तो याद होंगी।

**श्री हरीश द्विवेदी:** जी सर, मुझे याद हैं। मैंने नोट की हैं।

सर, मैं बस्ती जिले से सांसद चुनकर आया हूं। बस्ती बहुत पिछड़ा क्षेत्र है, 150 वर्ष पुराना ऐतिहासिक जिला है। स्वतंत्रता आंदोलन में हमारे बस्ती के हजारों नौजवान मारे गए, वे शहीद हुए, फांसी पर लटकाए गए।

**माननीय सभापति :** आप अपनी बात जल्दी कनक्लूड कीजिए।

**श्री हरीश द्विवेदी:** सर, मैं अपने क्षेत्र की विशेषता बता रहा हूं। पंडित रामचन्द्र शुक्ल का जन्म बस्ती में हुआ, देवरहा बाबा का जन्म स्थान बस्ती है, बस्ती एक ऐतिहासिक जिला है। बस्ती में यूनिवर्सिटी की मांग बहुत दिनों से चल रही है। बस्ती में आज तक कोई यूनिवर्सिटी नहीं बनी। बस्ती कमिश्नरी हैडक्वार्टर है, ऐतिहासिक जिला है। इस नाते मैं आपके माध्यम से सरकार से बस्ती में एक केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मांग करता हूं।

सर, पूर्वांचल बहुत पिछड़ा इलाका है। वहां औद्योगिक इकाइयां बहुत कम हैं। वहां के नौजवानों को प्रोत्साहित करने के लिए, उद्योग धंधों को प्रोत्साहित करने के लिए …(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** श्री श्रीरंग आप्पा बारणे।

**श्री हरीश द्विवेदी:** सर, मेरी बस दो मांगें हैं। मैं मांग करता हूं कि पूर्वांचल में एससीज़ैड की व्यवस्था की जाए। माननीय वित्त राज्य मंत्री जी यहां बैठे हैं। हमारी सरकार ने वहां एम्स खुलवा दिया। फर्टिलाइज़र का काम बंद था, वह शुरू करवा दिया। बस्ती जिले में मेडिकल कॉलेज बन गया। हमारे

जिले में जलमार्ग बन रहा है। माननीय गडकरी जी ने बस्ती जिले में रिंग रोड का शिलान्यास किया था, वह भी आने वाले समय में शुरू हो जाएगी।

मैं यही मांगें आपके माध्यम से सरकार से करता हूं। मैं आपका एवं अपनी पार्टी का आभार व्यक्त करते हुए अपनी बात यहीं समाप्त करता हूं। धन्यवाद।

**माननीय सभापति :** आप सब थोड़ा सहयोग कीजिए, समय का ध्यान रखिए। बहुत वक्ता हैं, जिसके कारण मेरे लिए बड़ी कठिनाई हो जाती है। हमारे सभी माननीय सम्मानित सदस्य हैं, उन्हें टोकना मुझे अच्छा नहीं लगता है। इसलिए, आप सब प्लीज़ कोऑपरेट कीजिए।

**श्री श्रीरंग आप्पा बारणे (मावल) :** माननीय सभापति महोदय, माननीय प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व वाली हमारी सरकार का यह वर्ष 2019-20 का बजट है। माननीय वित्त मंत्री महोदया ने यह बजट पेश किया है। मैं अपनी पार्टी शिव सेना और अपने नेता उद्धव ठाकरे जी द्वारा सरकार को बधाई देता हूं।

हमारी सरकार ने एक संतुलित बजट पेश किया है। इस बजट में बहुत सी नई योजनाओं की घोषणा सरकार द्वारा की गई है। सरकार का यह बजट ग्रोथ ओरिएंटेड है। देश के विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने इस बजट की सराहना की है। सरकार ने इस बजट में खेती के बारे में जो घोषणा की है, उससे लाखों किसानों को खेती उत्पादन में फायदा पहुंचेगा। ज़ीरो बजट खेती की घोषणा सरकार द्वारा इस बजट में की गई है। किसानों की अर्थव्यवस्था सुधारने हेतु और उत्पादन में कम खर्चा करने हेतु बजट में कई प्रावधान किए गए हैं। देश भर में आज 40 लाख किसान नैसर्गिक रूप से खेती करते हैं, लेकिन आज भी देश भर में सब से ज़्यादा किसान आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या करने वाले किसानों में महाराष्ट्र सबसे आगे है। महाराष्ट्र में सबसे ज़्यादा किसान आत्महत्या करते हैं। इसका

मुख्य कारण कम बारिश, सूखा, ओला गिरना है । जब ऐसी आपत्ति आती है, तो किसानों को बड़ी मुसीबतें झेलनी पड़ती हैं।

मैं इस बजट में माननीय वित्त मंत्री को कहना चाहता हूं कि किसानों को राहत देने के लिए विशेष पैकेज की आवश्यकता है, क्योंकि फसल के लिए किसान अपनी जो लागत लगाता है, उसको उतनी लागत नहीं मिलती है । इससे किसान ज्यादा पीड़ित हो जाता है । इस बजट में किसानों को बाजार मूल्य हमी भाव पर न मिलने के कारण, मूल्य के लिए सरकार ने यह मूल्य एक हजार करोड़ रुपये से बढ़ाकर 3 हजार करोड़ रुपये करने की घोषणा की है। आज भी देश के विभिन्न राज्यों और जिलों में फसल बीमा की कई घटनाएं सामने आती हैं। किसानों ने जो फसल बीमा लिया है, उसको उसकी पूरी रकम समय पर नहीं मिलती है। इसमें कई सारे घोटाले सामने आते हैं। इसके ऊपर ध्यान देने की आवश्यकता है।

माननीय सभापति महोदय, मेरे चुनाव क्षेत्र में जवाहर लाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट है । यह देश को सबसे ज्यादा आमदनी देने वाला पोर्ट है। उस पोर्ट के लिए वहां के किसानों की जमीन अधिग्रहण की गयी थी । सरकार ने जमीन के बदले किसानों को मुआवजा देने की घोषणा की थी, डेवलपमेंट प्लॉट देने की घोषणा की थी, लेकिन उन्हें आज तक वह नहीं मिल पाया है । आज भी वहां पर किसान आंदोलन कर रहे हैं। मैं इस बजट के द्वारा उन किसानों को न्याय देने की मांग करता हूं। इसी क्षेत्र में नया एयरपोर्ट बन रहा है। मेरे क्षेत्र में बन रहा है, जो मुम्बई के करीब है। इसमें दस गांव विस्थापित हुए थे । मैं मांग करता हूं कि गांव के लोगों तथा किसानों के लिए एयरपोर्ट पर व्यावसायिक कार्य करने के प्रावधान की आवश्यकता है। गांव के युवा में टेलेंट है। यदि उनको यहां पर काम मिलता है तो निश्चित रूप से उनको अपना परिवार चलाने के लिए सहयोग मिलेगा । विदेशों में कई सारे ऐसे छोटे-छोटे देश हैं, जिन्होंने पर्यटन को बढ़ावा दिया है। यदि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कार्य हो तो निश्चित रूप से ज्यादातर देश-विदेश से पर्यटक आएंगे। इससे सरकार को ज्यादा से ज्यादा आमदनी भी मिल सकती

है । मेरे चुनाव क्षेत्र में लोनावला, खंडाला, माथेरान पर्यटन क्षेत्र हैं और वहां पर छत्रपति शिवाजी महाराज के कार्यकाल से किले भी हैं। इन किलों में लोहागढ़, तुंग, तिकोना, राजमाची, विसापुर तथा पनवेल में करनाला किला है। यदि इन किलों को ज्यादा से ज्यादा डेवलप कर दिया जाए तो यहां पर ज्यादा से जयादा सैलानी आ सकते हैं। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि कार्ला और भाजा, घारापुरी और ऐलीफैंटा जैसी गुफाएं मेरे चुनाव क्षेत्र में हैं। वर्ष 2015 में वित्त मंत्री अरुण जेटली साहब ने घोषणा की थी कि ऐलीफैंटा गुफाओं के लिए 250 करोड़ रुपये का पैकेज केन्द्र सरकार द्वारा दिया जाएगा, लेकिन आज तक वहां पर सुधार नहीं हुआ है। वित्त मंत्री जी की घोषणा होने के बाद भी यह कार्य नहीं हुआ। मैं आपके माध्यम से ये मांग करता हूं।

माननीय सभापति महोदय, पुणे और पिंपरी चिंचवड की आबादी करीब 1 करोड़ से ज्यादा हो गयी है। पिंपरी चिंचवड शहर और पुणे शहर बहुत बड़े शहर हैं। कई राज्यों और शहरों से इन शहरों में नौकरी और शिक्षा के लिए युवा आते हैं। मैं पिंपरी चिंचवड शहर में एम्स जैसे हॉस्पिटल की मांग करता हूं। आज देश भर में यदि सरकारी हॉस्पिटल, चाहे वह राज्य सरकार द्वारा संचालित हों या केन्द्र सरकार द्वारा संचालित हों, यदि उनकी हालत देखी जाए, तो वहां पर लोगों की भीड़ लगी रहती है। वहां गरीब लोग आते हैं, लेकिन उनके उपचार की मदद नहीं होती है। अगर केन्द्र सरकार द्वारा बड़े हॉस्पिटल बनेंगे तो निश्चित रूप से उनको सहयोग मिलेगा और इससे गरीब आदमी की मदद होगी।

केन्द्र सरकार द्वारा पी.एस.यू. बैंकों को बचाने के लिए 70 हजार करोड़ रुपये देने की पहल की गई है। यह एक अच्छा कदम है। हाउसिंग लोन पर साढ़े तीन लाख रुपये तक की छूट देने की घोषणा हुई है। नौकरीपेशा वर्गों को इसका लाभ जरूर मिलेगा। आज के समय में महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा को-ऑपरेटिव बैंक हैं और को-ऑपरेटिव बैंकों में सबसे ज्यादा घोटाला हुआ है। जो आम आदमी हैं, जो छोटे नौकरशाह हैं, जो रिटायर्ड पेंशनर्स हैं, उन्होंने अपना पैसा उस बैंक में रखा है। केन्द्र सरकार

के निर्देश पर ई.डी. ने कार्रवाई की है, जैसे कि पेण अरबन बैंक, जो कि मेरे क्षेत्र रायगढ़ में है । पेण अरबन बैंक में ईडी ने कार्रवाई की है, किन्तु गरीब आदमी को उसका पैसा वापस नहीं मिला ।

महोदय, मैं माननीय वित्त मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इस पर निश्चित रूप से ध्यान देकर आप कार्रवाई कर सकते हैं । अन्त में एक अन्य मुद्दा मैं यहां पर रखना चाहता हूं । आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने वर्ष 2022 तक देश के सभी गरीब वर्गों को मकान देने की घोषणा की है, लेकिन कई ऐसे लोग भी हैं, जो गांव और शहर दोनों से आते हैं, जैसे कि मुंबई और पुणे । वर्ष 2022 तक केन्द्र सरकार गरीब आदमियों को घर देगी, लेकिन जो झुग्गी-झोपड़ी में रहते हैं, उनका इस आवास योजना के अन्तर्गत क्या होगा? इस पर भी केन्द्र सरकार को ध्यान देने की, खासकर राज्य सरकार को निर्देश देने की आवश्यकता है । अंत में मैं इस बजट का समर्थन करता हूं और फिर से सरकार को धन्यवाद देता हूं ।

**श्रीमती रक्षा निखिल खडसे (रावेर):** सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देती हूं कि आपने मुझे इस बजट पर बोलने का अवसर दिया । सबसे पहले मैं आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, माननीय फाइनेंस मिनिस्टर श्रीमती निर्मला सीतारमण जी और अनुराग जी को धन्यवाद देती हूं कि उन्होंने विगत् 5 वर्षों की परम्परा को कायम रखते हुए ‘सबका साथ, सबका विकास’ के साथ जो परम्परा प्रारम्भ की थी, उसी परम्परा को आज आगे बढ़ाते हुए उन्होंने ‘सबका साथ, सबका विकास’ में सबका विश्वास का सम्पादन करते हुए इस 17वीं लोक सभा का पहला बजट गरीब, शोषित, वंचित, दलित, युवा और महिलाओं को समर्पित किया है ।

*Hon. Chairman Sir, I would like to speak in Marathi because I belong to Maharashtra. Our party has been voted to power with full majority because we

* English translation of this part of the speech was originally delivered in Marathi.

had brought some ambitious welfare schemes and people at large got benefitted from those schemes in the last five years. After independence, there was no government scheme for common man which could provide protection for himself and his entire family. This was for the first time when Prime Minister Narendra Modiji started Jan Suraksha Yojana during his last tenure to provide the protection to the whole family by contributing just Rs.12. There was no pension scheme for common people. All the pension schemes were meant for government employees only. But, the Atal Pension Yojana is extending the benefits of pension to common man and through this scheme he is living an easy, comfortable and respectable life. Government has also provided upto Rs.5 lac to bear the expenses of medical treatment through Ayushman Bharat Yojana for the poor. Around 10 crore families and 50 crore individuals would get the benefit of this scheme. We are happy that our government has provided a handsome amount for this scheme.

**माननीय सभापति:** आप तुरंत कनक्लूड कीजिए।

**SHRIMATI RAKSHA NIKHIL KHADSE**:During the last five years, Skill Development Programme has helped our youths in skill development. Through Mudra Yojana and Stand Up scheme, government has helped the youths to set up small business. Rural youths are trying to empower themselves and also providing employment to other unemployed people.

In this budget, we can see that a pension scheme has been introduced for small vendors and shopkeepers. It would definitely help the small traders in rural areas. They would also get an easy and hasslefree loan of Rs.1 lac to expand their business.

During the Lok Sabha Elections, women voted in large numbers. Polling percentage of women was very high this time and the reason behind that was the implementation of many women welfare schemes like Ujjwala etc. by identifying their needs. This government has taken many decisions to empower women through the Mahila Bachat Gat / Self Help Groups. Women felt that only Modi government could help to empower themselves and hence women came out in large numbers to vote this government. In this budget, a scheme of providing an easy loan of Rs.1 lac to women related to SHGs is introduced. In this connection, I would like to request Hon. Finance Minister to increase this loan amount so that rural women could perform better.

Farmer is at the centre of our economy. But he is totally dependent on the nature. If he does not get the positive support from the nature, he easily loses his courage. Our government is trying to extend its support to these poor farmers. Through the Crop Insurance scheme, farmers can seek protection of their crops. Government has implemented many schemes for the welfare of farmers. Sometimes, farmer has to take loan from money-lender and if he fails to repay the loan, he commits suicide. Identifying this problem, Pradhan Mantri Kisan

Samman Nidhi Yojana has been introduced in this budget. This scheme would definitely lend support to farmers. PM Kisan Pension scheme has also been introduced in this budget to support farmers. Rs.5000 crore has also been allocated for MNREGA and this is very important. Chief Minister of Maharashtra has introduced late Gopinath Munde Farmer Accident Insurance scheme for farmers which provides a relief of Rs. 2 lac to poor farmers. The loan waiver scheme had also provided a great relief to the farmers. *

**माननीय सभापति :** आप अपना आखिरी वाक्य बोलकर समाप्त कीजिए।

**श्रीमती रक्षा निखिल खडसे :** सर**,** हमारी सरकार ने पानी के संदर्भ में जल शक्ति मंत्रालय बनाया है**,** वह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आज सबसे ज्यादा समस्या हमारे देश में पानी की है। मैं बोलना चाहती हूं कि हमारे देश के कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** भगवंत मान जी, आप प्रारम्भ कीजिए।

**20.00 hrs**

*__SHRI BHAGWANT MANN (SANGRUR):__ I thank you, sir, for giving me the opportunity to speak on the Budget of 2019.

Sir, it is surprising that no mention of Punjab has been made in this Budget. Our farmers are in ruins. 4.99% percent of the total is the amount allocated for agriculture in the Budget. The farmers of Punjab are committing suicide. Isn't it painful that the owner of most fertile land in India has been compelled by circumstances to commit suicide?

**माननीय सभापति:** क्या सदन की सहमति है कि श्री भगवंत मान जी का भाषण पूर्ण होने तक सदन का समय बढ़ाया जाए?

**अनेक माननीय सदस्य :** हां-हां।

**माननीय सभापति :** श्री भगवंत मान जी का भाषण पूर्ण होने तक सदन का समय बढ़ाया जाता है।

…(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** संक्षेप में बोलिए।

…(व्यवधान)

**SHRI BHAGWANT MANN** : Sir, the ground water level in Punjab has drastically gone down. Experts are of the opinion that Punjab will turn into a desert if this

---

* English translation of the speech originally delivered in Punjabi.

trend continues. Air is like our guru. Water is considered father. And land is considered as mother. But, unfortunately, all three of these elements have been contaminated. Our air has become poisonous. Water has been polluted. And land has become poisonous due to chemicals etc. used in fertilizers.

Sir, in November, 2019, we will be celebrating the 55oth anniversary of Shri Guru Nanak Dev ji. However, the irony is that not a single rupee has been allocated for this purpose in the Budget. Guru Nanak Dev ji was the Guru of entire world. He was not the Guru of Sikhs alone but was ‘Jagat Guru’. His writings talk about the welfare of humanity. Hon. Prime Minister will visit Punjab. We all will be bearing the cost of his visit. Sir, we have the concept of ‘langar’ or community-kitchen. We feed the hungry millions without discrimination free of cost.

Secondly, Sir, 531 kms. of Punjab’s border is the international border with Pakistan. 5 acres of land has been taken from us in the name of security. That means nearly 2600 acres of cultivable land has been taken away from our farmers. There is constant shelling and death knocks at the doors of those living in border areas. So, we must be a provided with a special zone status.

Sir, for irrigation, Rs.3500 crores have been allocated in the Budget. Punjab will get a measly 1.5% of this amount i.e. about 47 crores only. Recharging of our water bodies is the need of the hour. Punjab means ‘the land of five rivers’. However, we are running short of water. This is the irony.

Sir, in the end, let me point out that the food processing Minister Harsimrat Kaur ji hails from Punjab. But, the irony and travesty is that we do not have any food processing unit in Punjab. If we get food processing units, the farmers of Punjab will gain out of it.

Thanks.

**माननीय सभापति :** सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 9 जुलाई, 2019 को सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित की जाती है।

**<u>20.02 hrs</u>**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock*
*on Tuesday, July 9th, 2019/Ashadha 18, 1941(Saka).*

---